राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 308
लखनऊ, शुक्रवार 10 जुलाई, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



यूपी में 11 जुलाई तक भारी बारिश एवं वज्रपात की संभावना 10

फूड ट्रक से पर्यटकों को मिलेगा स्वाद के साथ विरासत का अनूठा अनुभव : जयवीर 03

### -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,44,590/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,32,550/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,08,840/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,35,000/किग्रा |



## संक्षिप्त समाचार

### मां ने दो मासूम बेटियों को कुएं में फेंका, खुद भी कूदी

**पलामू।** झारखंड के पलामू जिले में पारिवारिक विवाद के बाद एक महिला ने अपनी दो मासूम बेटियों के साथ कुएं में छलांग लगा दी। इस घटना में दोनों बच्चियों की मौत हो गई, जबकि महिला को ग्रामीणों ने जीवित निकाल लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार घटना नावाबाजार थाना क्षेत्र के कंडा गांव की है। महिला सरिता देवी का बुधवार रात किसी बात को लेकर अपने पति छोटेलाल प्रजापति से विवाद हुआ था। इसके बाद वह अपनी चार वर्षीय बेटी प्रिया कुमारी और दो वर्षीय बेटी डोली कुमारी को लेकर घर से निकल गई। महिला ने पहले दोनों बच्चियों को कुएं में डाल दिया और फिर खुद भी उसमें छलांग लगा दी।

### दुष्कर्म व हत्या के बाद हिंसा के मामले में 22 और गिरफ्तार

**कोलकाता।** दक्षिण 24 परगना पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के बारुईपुर में एक नाबालिग के साथ कथित दुष्कर्म और हत्या के बाद भड़की हिंसा के सिलसिले में 22 और संदिग्धों को पकड़ा गया है। बंगाल पुलिस ने गुरुवार को बताया कि पिछले 24 घंटों में 22 और संदिग्धों को पकड़ा गया है। इनकी पहचान दक्षिण 24 परगना जिले के बारुईपुर में एक नाबालिग लड़की के साथ कथित दुष्कर्म और हत्या के बाद भड़की हिंसा के सिलसिले में की गई है। पुलिस के अनुसार, इन लोगों पर एक युवक की पीट-पीटकर हत्या (लिंचिंग), पुलिस पर हमला, और पुलिस की गाड़ियों व रेलवे ट्रैक समेत सार्वजनिक संपत्ति में तोड़फोड़ करने का आरोप है। इन 22 लोगों की गिरफ्तारी के साथ अब तक कुल 42 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

### महाराष्ट्र : चार बार महसूस हुए भूकंप के झटके

**नांदेड़।** महाराष्ट्र में जारी भारी बारिश के बीच गुरुवार तड़के मराठवाड़ा क्षेत्र के कई जिलों में भूकंप के लगातार चार झटके महसूस किए गए। हिंगोली, नांदेड़ और परभणी जिलों के लोग आधी रात के बाद धरती के कंपन से सहम उठे और कई स्थानों पर लोग घरों से बाहर निकल आए। जिला आपातकालीन केंद्र के अनुसार, पहला झटका रात 1.37 बजे दर्ज किया गया। इसके बाद 2.15 बजे, 2.17 बजे और 3.23 बजे क्रमशः तीन और झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर इनकी तीव्रता 4.6, 3.6, 3.9 और 4.1 मापी गई। अधिकारियों के मुताबिक, पहले झटके का केंद्र हिंगोली जिले के वसमत तालुका स्थित शिरली गांव के निकट था, जिसकी गहराई लगभग 10 किलोमीटर आंकी गई। बाद के झटकों का केंद्र ककड़धाबा गांव के आसपास रहा। राहत की बात यह रही कि किसी प्रकार के जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं मिली है।

### सीबीआई ने महादेप ऐप से जुड़े धोखाधड़ी मामले में छह लोगों के खिलाफ आरोपपत्र किया दाखिल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने महादेव ऐप से जुड़े धोखाधड़ी के मामले में गुरुवार को छह आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया। इसके साथ ही अवैध सट्टेबाजी गिरोह से जुड़े एक अन्य मामले में 66 आरोपियों के खिलाफ पांच अलग-अलग आरोपपत्र भी दाखिल किये। सीबीआई ने बताया कि भ्रष्टाचार के मामले में असीम दास, रोहित गुलाटी, विकास छपरिया, अनिल धम्मानी, विशाल आहूजा और धीरज आहूजा के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 के प्रावधानों के साथ-साथ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के तहत धोखाधड़ी, जालसाजी और आपराधिक साजिश के अपराधों के लिए आरोपपत्र दाखिल किये हैं। एजेंसी ने गिरोह के कथित मुख्य सरगनाओं, सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल और अन्य लोगों के खिलाफ भी अतिरिक्त सबूत दाखिल किये हैं।

# विकास-विरासत दोनों भाजपा की प्राथमिकता : योगी

- बुंदेलखंड के युवा अब तमंचे नहीं, ब्रह्मोस बनाएंगे और हम बुंदेलखंड को धरती का स्वर्ग बनाएंगे : सीएम
- बांदा जिले को दी 710 करोड़ की 229 परियोजनाओं की सौगात



### सीएम ने लाभार्थियों को बांटी सौगात, नियुक्ति पत्र, चेक, चाबी व प्रमाणपत्र सौंपे



सीएम योगी ने गुरुवार को बांदा में आयोजित जनसभा में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को नियुक्ति पत्र, चेक, चाबी, प्रमाण पत्र एवं अन्य सहायता सामग्री वितरित कर सरकार की योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ने दो आंगनबाड़ी सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इसके साथ ही विभिन्न विभागों की योजनाओं के लाभार्थियों को आर्थिक सहायता, आवास की चाबी, आयुष्मान कार्ड, ट्रैक्टर व ई-रिक्शा की चाबी, सिलाई मशीन सहित कई लाभ वितरित किए। इस अवसर पर बांदा की विकास यात्रा पर आधारित एक लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। मुख्यमंत्री ने बच्चों का अन्नप्राशन कराया तथा महिलाओं को पोषण से भरी पोटली वितरित की। उन्होंने विभागीय प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए युवाओं से संवाद किया। बेसिक शिक्षा परिषद के स्टॉल पर पहुंचकर स्कूल चलो अभियान और बच्चों द्वारा तैयार किए गए मॉडलों की जानकारी ली तथा बच्चों को चॉकलेट देकर उनका उत्साहवर्धन किया।

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को बांदा में आयोजित जनसभा में समाजवादी पार्टी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में सपा की सरकार के दौरान बुंदेलखंड पिछड़ेपन का दंश झेल रहा था। उस समय क्षेत्र में गुंडों, माफियाओं और डकैतों का बोलबाला था। युवाओं को रोजगार देने के बजाय उनके हाथों में तमंचे थमा दिए गए थे। आज भाजपा सरकार में बुंदेलखंड डिफेंस कॉरिडोर के माध्यम से देश की सुरक्षा का बड़ा केंद्र बन रहा है और यहां के युवा ब्रह्मोस मिसाइल बनाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि जब भारत ब्रह्मोस चलाता है तो पाकिस्तान भी चिल्लाता है। कहा कि बुंदेलखंड तेजी से विकसित हो रहा है जल्दी ही इसे धरती का स्वर्ग बनाएंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को बांदा जिले के पंडित जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय मैदान में 710 करोड़ की 229 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के बाद जनता को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों के कारण बुंदेलखंड में निवेश की नई संभावनाएं पैदा हुई हैं और पलायन पर रोक लगी है। एक जनपद-एक उत्पाद योजना के तहत बांदा का शजर पत्थर आज देश-विदेश में अपनी अलग पहचान बना रहा है और इसकी गिनती बहुमूल्य रत्नों में होने लगी है। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड को बीडा के रूप में बड़ी सौगात मिलने जा रही है, जिससे आने वाले समय में यहां रोजगार के व्यापक अवसर पैदा होंगे और नौकरी मांगने नहीं, बल्कि नौकरी पाने के लिए युवा यहां आएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास और विरासत दोनों भाजपा की प्राथमिकता हैं। उन्होंने कहा कि विकास की यह यात्रा अच्छे जनप्रतिनिधियों के कारण ही संभव हो सकी है। भविष्य में जो भी जनप्रतिनिधि विकास परियोजनाओं के प्रस्ताव लाएंगे, सरकार उन्हें आगे बढ़ाकर बुंदेलखंड को देश के सबसे विकसित क्षेत्रों में शामिल करेगी। उन्होंने कहा कि यदि विकास की यह निरंतरता टूट गई तो आने वाली पीढ़ियां कभी माफ नहीं करेंगी।

### भारत-ऑस्ट्रेलिया संबंधों को नई गति

# रक्षा, ऊर्जा, शिक्षा व प्रौद्योगिकी सहित 18 प्रमुख समझौते



**एजेंसी, नई दिल्ली।**

भारत और ऑस्ट्रेलिया ने व्यापक रणनीतिक साझेदारी के तहत गुरुवार को रक्षा, समुद्री सुरक्षा, ऊर्जा विशेषकर नाभिकीय ऊर्जा, साइबर सुरक्षा, शिक्षा, कौशल विकास, खनन, विज्ञान, प्रौद्योगिकी तथा सांस्कृतिक विरासत सहित विभिन्न क्षेत्रों में 18 महत्वपूर्ण समझौतों और पहलों को अपनाया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को मेलबर्न में पीएम एंथनी अल्बानीज के साथ सार्थक वार्ता की। वार्ता के नतीजों के तहत अब आस्ट्रेलिया से भारत को यूरेनियन की सप्लाई होगी। आस्ट्रेलिया तीन प्राचीन कलाकृतियां भारत को लौटाएगा। रक्षा क्षेत्र में सहयोग में दोनों देशों ने कई नए विषयों को शामिल किया है।

दोनों नेताओं ने वार्ता के दौरान भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी में हुई मजबूत प्रगति की समीक्षा की। प्रधानमंत्री ने वार्ता के बाद संयुक्त वक्तव्य में बताया कि हमने व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते यानी सीईसीए पर तेजी से काम करने का निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री ने अपने वक्तव्य में दोनों देशों की वैश्विक मुद्दों पर राय भी सामने रखी। उन्होंने कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया मानते हैं कि आतंकवाद केवल किसी एक देश के लिए नहीं, बल्कि पूरी मानवता के लिए गंभीर चुनौती है। इसलिए आतंकवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई साझा और संकल्प अटूट है।

उन्होंने कहा कि हमारा यह भी मानना है कि विश्व के अनेक भागों में चल रहे तनावों और युद्धों का समाधान बातचीत और कूटनीति से ही संभव है। पूरे हिन्द-प्रशांत क्षेत्र में दोनों देश मिलकर शांति, स्थिरता, नौवहन की स्वतंत्रता और नियम आधारित व्यवस्था को और मजबूत करेंगे। इस दौरान ऑस्ट्रेलिया-कनाडा-भारत प्रौद्योगिकी एवं नवाचार साझेदारी के तहत सहयोग को आगे बढ़ाने पर भी सहमति व्यक्त की गई।

दोनों देशों के बीच महत्वपूर्ण समझौतों में संयुक्त रक्षा एवं सुरक्षा सहयोग घोषणा का नवीनीकरण शामिल है। इसके तहत सैन्य अंतर-संचालन क्षमता, समुद्री क्षेत्र जागरूकता, रक्षा उद्योग, साइबर सुरक्षा, आतंकवाद रोधी सहयोग, मानवीय सहायता एवं आपदा राहत तथा हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके साथ ही समुद्री सुरक्षा सहयोग रोडमैप, ऊर्जा सुरक्षा पर संयुक्त वक्तव्य, भारत-ऑस्ट्रेलिया असैन्य परमाणु समझौते के प्रशासनिक प्रबंध को अंतिम रूप तथा साइबर, महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी और आपूर्ति श्रृंखला साझेदारी (पीएससीटीएस) पर भी सहमति बनी।

### ऑस्ट्रेलिया लौटाएगा भारत की प्राचीन धरोहर



ऑस्ट्रेलिया भारत को तीन महत्वपूर्ण प्राचीन धार्मिक कलाकृतियां लौटाने जा रहा है। इनमें देवी भद्रकाली की आकृति वाला धातु का त्रिशूल, भगवान शंकर के वाहन नंदी की पत्थर की प्रतिमा और छह मुख वाले भगवान कार्तिकेय की एक दुर्लभ प्रतिमा शामिल है। तमिलनाडु के मंदिरों से जुड़ी ये कलाकृतियां चोल और विजयनगर-नायक काल से जुड़ी हुई हैं और इन्हें भारत की सांस्कृतिक विरासत का अहम हिस्सा माना जाता है।

# एथनॉल नीति से मुझे कोई निजी लाभ नहीं : गडकरी

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



- एथनॉल मिश्रण से आयातित तेल पर निर्भरता होगी कम

एथनॉल मिश्रित ई-20 पेट्रोल को लेकर जारी बहस के बीच केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने स्पष्ट किया है कि इस नीति से उन्हें किसी प्रकार का व्यक्तिगत आर्थिक लाभ नहीं होता। उन्होंने कहा कि एथनॉल उत्पादन से जुड़ी इकाइयों में उनकी हिस्सेदारी अत्यंत सीमित है और इसी आधार पर उनके खिलाफ लगाए जा रहे आरोप निराधार हैं।

एक साक्षात्कार में गडकरी ने बताया कि एथनॉल उत्पादन में उनकी हिस्सेदारी केवल 0.07 प्रतिशत है। उनके अनुसार, इतनी छोटी भागीदारी के आधार पर यह कहना गलत है कि उन्होंने अपने हितों को ध्यान में रखकर एथनॉल नीति को बढ़ावा दिया।

उन्होंने कहा कि देश की ईंधन नीति व्यापक विचार-विमर्श, वैज्ञानिक अध्ययन और मंत्रिमंडलीय स्वीकृति के बाद तय की जाती है। गडकरी ने कहा कि वे केवल एथनॉल ही नहीं, बल्कि सभी स्वच्छ और वैकल्पिक ईंधनों के समर्थक रहे हैं। उनका मानना है कि एथनॉल मिश्रण से आयातित तेल पर निर्भरता कम होगी, पर्यावरण को लाभ मिलेगा और किसानों की आय में वृद्धि होगी। उन्होंने विशेष रूप से मक्का आधारित एथनॉल उत्पादन का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे उत्तर प्रदेश और बिहार के किसानों को उल्लेखनीय आर्थिक लाभ मिला है। उनके अनुसार, एथनॉल कार्यक्रम के विस्तार के बाद मक्के के बाजार भाव में वृद्धि हुई, जिससे किसानों की आय में सुधार आया।

### परिवार से जुड़ी चीनी मिलें एथनॉल उत्पादन पर निर्भर नहीं

गडकरी ने यह भी स्पष्ट किया कि उनके परिवार से जुड़ी चीनी मिलें एथनॉल उत्पादन पर निर्भर नहीं हैं। उन्होंने कहा कि नीति निर्माण में व्यक्तिगत हितों की कोई भूमिका नहीं रही है और यह कार्यक्रम राष्ट्रीय ऊर्जा सुरक्षा को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। मंत्री ने दोहराया कि ई-20 पेट्रोल से वाहनों को नुकसान पहुंचने का कोई प्रमाणित मामला उनके संज्ञान में नहीं आया है। उन्होंने आलोचकों से ऐसे किसी वाहन का उदाहरण देने की चुनौती भी दी, जिसे ई-20 के उपयोग से तकनीकी समस्या हुई हो। इस बीच, भारतीय चीनी एवं जैव ऊर्जा विनिर्माता संघ और पेट्रोलियम मंत्रालय ने भी कहा है कि एथनॉल मिश्रण कार्यक्रम वैज्ञानिक परीक्षणों और निर्धारित मानकों के अनुरूप संचालित किया जा रहा है।

# फतेहपुर सीकरी दरगाह के पूर्व सज्जादानशीन पीरजादा रईस मियां चिश्ती का निधन

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



दुनियाभर में मशहूर फतेहपुर सीकरी स्थित हजरत शेख सलीम चिश्ती की दरगाह के पूर्व सज्जादानशीन पीरजादा रईस मियां चिश्ती का बुधवार देर रात निधन हो गया। वह 88 वर्ष के थे। उनके निधन से सूफी समुदाय और क्षेत्र में शोक की लहर है।

उनके सुपुत्र वरिष्ठ पत्रकार और दरगाह के वर्तमान सज्जादानशीन अरशद फरीदी के अनुसार रईस मियां चिश्ती ने बुधवार रात करीब 11:30 बजे लखनऊ के इरा मेडिकल कॉलेज में अंतिम सांस ली। वह कुछ समय से अस्वस्थ थे।

उन्हें गुरुवार को अस्र की नमाज के बाद शाम करीब 5:15 बजे फतेहपुर सीकरी स्थित हजरत शेख सलीम चिश्ती की दरगाह परिसर में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। अंतिम दर्शन और जनाज़े में शामिल होने के लिए देश के विभिन्न हिस्सों से जायरीन, उलेमा, सामाजिक और धार्मिक हस्तियां पहुंची। अरशद फरीदी ने बताया कि पीरजादा रईस मियां चिश्ती सूफी संत हजरत शेख सलीम चिश्ती की 16वीं पीढ़ी के प्रत्यक्ष वंशज थे। सात वर्ष की उम्र से सज्जादानशीन का पद संभालने के बाद उन्होंने 81 वर्षों तक सूफी परंपराओं का निर्वहन किया और हिंदू मुस्लिम एकता, सांप्रदायिक सद्भाव और राष्ट्र प्रेम का संदेश दिया। वह सांप्रदायिक सौहार्द और अंतरधार्मिक संवाद के प्रबल समर्थक थे।

### ईरान की शर्तों पर ही खुलेगा होर्मुज जलडमरूमध्य : गालिबाफ



**एजेंसी, मॉस्को।** ईरान की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाकर ग़ालिबाफ ने गुरुवार को कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य को अमेरिका की धमकियों पर नहीं, बल्कि ईरान की शर्तों पर ही दोबारा खोला जाएगा। प्रेस टीवी के अनुसार, श्री ग़ालिबाफ ने कहा कि अमेरिका ने अभी तक यह नहीं सीखा है कि धौंस जमाने और अपनी प्रतिबद्धताएं तोड़ने की अब कीमत चुकानी पड़ती है। मैं स्पष्ट कर दूं कि यदि आप हमला करेंगे, तो जवाबी हमला झेलेंगे। व्यर्थ संघर्ष मत कीजिए, इससे आप और गहरे संकट में फंसेंगे। होर्मुज जलडमरूमध्य केवल ईरानी व्यवस्था के तहत खुलेगा, अमेरिकी धमकियों से नहीं।

# यूपी को मिला 17वां एग्रीकल्चर लीडरशिप अवॉर्ड-2026

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**




एग्रीकल्चर टुडे ग्रुप की ओर से कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट नीतिगत नेतृत्व के लिए उत्तर प्रदेश को प्रतिष्ठित 17वें एग्रीकल्चर लीडरशिप अवॉर्ड-2026 से सम्मानित किया गया।

यह सम्मान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नई दिल्ली में कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही को प्रदान किया। इस अवसर पर राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे, गुजरात के कृषि मंत्री जीतुभाई वघानी, पूर्व मुख्य न्यायाधीश सदाशिवम, एग्रीकल्चर टुडे ग्रुप के चेयरमैन डॉ. रमजान खान एवं सीईओ डॉ. हारिस खान भी उपस्थित रहे। पुरस्कार प्राप्त करने के बाद कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि मेरे लिए यह अत्यंत गर्व का क्षण है। यह सम्मान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी नेतृत्व का परिणाम है। उत्तर प्रदेश आज कृषि के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। आज हम खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर हैं। देश के कुल उत्पादन में अकेले यूपी 22 प्रतिशत योगदान कर रहा है।

### भारत-अफगानिस्तान संयुक्त समिति की बैठक में मानवीय सहायता जारी रखने पर जोर

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत और अफगानिस्तान ने मानवीय सहायता, विकास साझेदारी, खाद्य सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा, व्यापार और संपर्क परियोजनाओं सहित द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा करते हुए सहयोग को आगे बढ़ाने पर सहमति जताई है। दोनों देशों ने नियमित संवाद बनाए रखने और आपसी संपर्क मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई। केंद्रीय विदेश मंत्रालय के अनुसार, भारत-अफगानिस्तान संयुक्त समिति (ज्वाइंट कमेटी) की चौथी बैठक गुरुवार को नई दिल्ली में आयोजित हुई। बैठक में दोनों पक्षों ने मानवीय सहायता, विकास सहयोग, खाद्य सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, क्षमता निर्माण, शिक्षा, खेल, व्यापार, वीजा और क्षेत्रीय संपर्क सहित द्विपक्षीय संबंधों के पूरे दायरे की समीक्षा की।

### राम मंदिर विवाद पर अखिलेश यादव का बड़ा दावा, बोले-

# सीडीआर जांच कराओ, 99.9% आरोपी बीजेपी के निकलेंगे

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अयोध्या में राम मंदिर परिसर में काम करने वाले सभी लोगों के कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) की जांच किए जाने की मांग करते हुए गुरुवार को दावा किया कि इनमें से 99.9 प्रतिशत लोगों के बीजेपी से संबंध पाए जाएंगे।

यादव ने संवाददाताओं से बातचीत में भाजपा पर चुनावी फायदे को धार्मिक मूल्यों से ऊपर रखने का आरोप लगाया और यह भी दावा किया कि अगर यह जांच हो जाए तो भाजपा में भगदड़ मच जाएगी। सपा प्रमुख ने कहा कि राम मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी की विशेष अन्वेषण दल (एसआईटी) द्वारा जांच किए जाने का मुद्दा हर घर में चर्चा का विषय बन गया है। यादव ने कहा कि मंदिर परिसर में काम करने वाले सभी लोगों के कॉल डिटेल रिकॉर्ड की जांच होनी चाहिए। जैसे ही सीडीआर की जांच होगी, उनमें से 99.9 प्रतिशत लोग भाजपा के ही निकलेंगे। आप कल्पना भी नहीं कर सकते कि तब भाजपा के भीतर कैसी भगदड़ मचेगी। पार्टी छोड़ने का सिलसिला पहले ही शुरू हो चुका है और कई लोग हमसे संपर्क भी करने लगे हैं। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने भाजपा पर चुनावी सुविधा के लिए अपनी विचारधारा तक बदल डालने का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा मतों के लिए अपने विचार बदल लेती है। उनके लिए धर्म से ज्यादा पैसा जरूरी है। हमने देखा है कि (अयोध्या में) क्या हुआ है। जिन लोगों ने जिम्मेदारी सौंपी थी, वे कहीं नजर नहीं आ रहे हैं, जबकि जिन्हें जिम्मेदारी दी गई थी, वे सवालों का सामना कर रहे हैं।

# अलीगंज अग्निकांड मामले में कोर्ट ने सुरक्षित किया फैसला

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

- बिल्डिंग मालिक का पक्ष- कमर्शियल एक्टिविटी किराएदारों की, हमारा दोष नहीं

अलीगंज अग्निकांड मामले की तीसरे दिन एलडीए की विहित प्राधिकारी कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान बिल्डिंग मलिक के वकील की ओर से यह पक्ष रखा गया कि बिल्डिंग में जो भी निर्माण अवैध है, उसको वह स्वयं अपने खर्चे पर गिरा लेंगे। नई भवन निर्माण नीति के तहत शमन मानचित्र पास कर दिया जाए। वकीलों ने कोर्ट को यह भी बताया कि बिल्डिंग में किराएदार की ओर से संचालित की जा रही थी बिल्डिंग मालिक का इसमें कोई दोष नहीं है।

वकीलों ने एलडीए की नोटिस पर भी यह सवाल उठाया की नोटिस में यह जानकारी नहीं दी गई की मौके पर कितना निर्माण अवैध है। वकीलों की बात सुनने के बाद प्राधिकारी ने एलडीए के जेई से जानकारी ली। जेई ने कोर्ट को बताया कि बेसमेट सहित दो फ्लोर का नक्शा पास था, लेकिन तीसरा तल पूरी तरह अवैध है। यह भी बताया कि 20 मीटर बेसमेंट पास था और 134 मीटर बनाया गया है। दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद विधित प्राधिकारी ने आदेश को रिजर्व पर लिया है। ऐसे में अब यह एक-दो दिन बाद साफ होगा की बिल्डिंग पर बुलडोजर चलेगा या या शमन मानचित्र पास करने की कार्यवाही की जाएगी।

यह मामला 22 जून को हुए उस भीषण अग्निकांड से जुड़ा है, जिसमें 15 लोगों की मौत हो गई थी। हादसे के बाद एलडीए की जांच में भवन निर्माण में कई गंभीर अनियमितताएं सामने आई थीं। इसके आधार पर भवन स्वामी को नोटिस जारी किया गया था। मामले की जांच कर रही एसआईटी की पड़ताल में भी लगातार नई लापरवाहियां सामने आ रही हैं। जांच में पता चला है कि जहां भवन में फायर एग्जिट और लोहे की सीढ़ियां होनी चाहिए थीं, वहां लिफ्ट लगा दी गई थी। इसके अलावा भवन में स्वीकृत क्षमता से अधिक बिजली लोड का इस्तेमाल और मानचित्र के विपरीत अतिरिक्त निर्माण भी जांच में सामने आया है। एलडीए पहले ही भवन निर्माणकर्ताओं पर करीब 91.25 लाख रु. का दंड और 50 हजार रु. का अतिरिक्त जुर्माना लगा चुका है। साथ ही भवन से जुड़े 18 इंजीनियरों और संबंधित अधिकारियों की भूमिका भी एसआईटी के जांच दायरे में है। अब सबकी नजर गुरुवार को आने वाले एलडीए कोर्ट के फैसले पर है। यदि कोर्ट ध्वस्तीकरण का आदेश बरकरार रखती है तो अग्निकांड के बाद यह इस मामले की सबसे बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई होगी।

### विवाद | वायरल गीत में विपक्ष के पुराने रुख का हवाला देकर किए गए तीखे सवाल

# राम मंदिर चंदा विवाद पर वायरल गीत रामभक्तों के लिए बना संजीवनी

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**



राम मंदिर में चढ़ावे की कथित अनियमितताओं को लेकर जारी राजनीतिक बयानबाजी के बीच सोशल मीडिया पर एक गीत तेजी से वायरल हो रहा है। यह गीत रामभक्तों के लिए संजीवनी का काम कर रहा है। गीत के बोल हैं- मंदिर भी हमारा और दान भी हमारा, समझ रहे हैं इरादा हम तुम्हरा चंदा चोरी मामले को देख लेंगे राम, तुम रामद्रोहियों का इसमें क्या काम- यह गीत रामभक्तों के बीच खूब वायरल हो रहा है।

गीत में विपक्ष पर तीखे राजनीतिक हमले किए गए हैं। गीत के बोलों में आरोप लगाया गया है कि जो दल और नेता कभी राम जन्मभूमि आंदोलन, भगवान राम के अस्तित्व और मंदिर निर्माण पर सवाल उठाते थे, वही अब चढ़ावे के मुद्दे पर सवाल खड़े कर रहे हैं। सोशल मीडिया व्हाट्सएप पर वायरल गीत में कहा गया है कि राम मंदिर के चढ़ावे और उससे जुड़े मामलों का जवाब रामभक्त स्वयं देंगे। गीत में विपक्ष को राम द्रोही बताते हुए दावा किया गया है कि उसे इस मुद्दे पर बोलने का नैतिक अधिकार नहीं है। इसके साथ ही राम जन्मभूमि आंदोलन, अदालत में चली सुनवाई और मंदिर निर्माण के दौरान हुए संघर्षों का भी उल्लेख किया गया है। फेसबुक और व्हाट्सएप पर यह गीत तेजी से साझा किया जा रहा है। इस गीत के जरिए विपक्ष से पूछा गया है कि तुमने तो राम को काल्पनिक बताया था, रामजी के होने पर सवाल भी खड़ा किये थे, अब तुम्हारा रामजी के चंदा चोरी पर सवाल खड़ा करने का नैतिक अधिकार नहीं है। रामभक्त मनीष शुक्ल इसे विपक्ष के आरोपों का जवाब बता रहे हैं, जबकि आलोचक इसे राजनीतिक ध्रुवीकरण का प्रयास मान रहे हैं। गीत के वायरल होने के बाद सोशल मीडिया पर पक्ष और विपक्ष के समर्थकों के बीच तीखी बहस देखने को मिल रही है।

वरिष्ठ पत्रकार सियाराम पाण्डेय की मानें तो अयोध्या श्रीराम मंदिर में जो कुछ भी हुआ, वह एक दुःखद घटनाक्रम है, इसकी पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए लेकिन इसकी आड़ में अयोध्या, श्रीराम मंदिर तथा भारतीय संस्कृति पर हमला करना किसी भी सूरत में उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर से जुड़े मुद्दे हमेशा राजनीतिक विमर्श के केंद्र में रहे हैं। ऐसे में चढ़ावे को लेकर उठे विवाद के बीच यह गीत सोशल मीडिया पर सही तथा नया राजनीतिक नैरेटिव गढ़ने की कोशिश के रूप में भी देखा जा रहा है।

# बच्चों में दो सप्ताह से अधिक बुखार-खांसी हो तो कराएं टीबी जांच

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** बच्चों में लगातार बुखार, खांसी या वजन कम होने जैसे लक्षणों को सामान्य कमजोरी मानकर नजरअंदाज करना भारी पड़ सकता है। ऐसे मामलों में बिना देरी किए समय पर टीबी की जांच कराना बेहद जरूरी है। यह बात गुरुवार को सीएमओ कार्यालय सभागार में आयोजित राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के एक दिवसीय प्रशिक्षण सत्र में विशेषज्ञों ने कही। वर्ल्ड हेल्थ पार्टनर्स (डब्ल्यूएचपी) के पीडियाट्रिक प्रोग्राम के तहत जिले के मेडिकल अधिकारियों की क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से इस कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस मौके पर वर्ल्ड हेल्थ पार्टनर्स के प्रतिनिधियों सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



- मेडिकल अफसरों को दिया गया बाल टीबी प्रबंधन का प्रशिक्षण
- सीएमओ सभागार में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत कार्यशाला आयोजित

**शुरुआती पहचान और सही सैंपल कलेक्शन पर जोर**

प्रशिक्षण में जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. एम.एल. वर्मा, मास्टर ट्रेनर डॉ. परितोष तिवारी तथा डब्ल्यूएचओ कंसलटेंट डॉ. दीपक चतुर्वेदी ने चिकित्सकों को बाल टीबी के निदान, स्क्रीनिंग और उपचार प्रबंधन की नवीनतम तकनीकों से अवगत कराया। विशेषज्ञों ने स्पष्ट किया कि बच्चों में टीबी की पुष्टि के लिए उम्र के अनुसार सही सैंपल कलेक्शन और आधुनिक जांच तकनीकों का उपयोग बेहद महत्वपूर्ण है, ताकि शुरुआती अवस्था में ही बीमारी की पहचान कर इलाज शुरू किया जा सके।

**अभिभावकों को सतर्क रहने की सलाह**

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. एम.एल. वर्मा ने कहा कि बच्चों में टीबी के लक्षण अक्सर वयस्कों की तरह स्पष्ट नहीं होते। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि यदि किसी बच्चे को दो सप्ताह से अधिक समय तक लगातार बुखार रहे, दवा के बाद भी खांसी ठीक न हो, या पिछले तीन महीनों में वजन लगातार घट रहा हो, तो तुरंत नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पर जांच कराएं। इसके अलावा, यदि परिवार में कोई सदस्य फेफड़ों की टीबी से पीड़ित है और बच्चा उसके संपर्क में रहा है, तो भी उसकी जांच अनिवार्य रूप से कराई जानी चाहिए। **सरकारी अस्पतालों में मुफ्त इलाज**

डॉ. वर्मा ने बताया कि बच्चों में होने वाली टीबी का इलाज पूरी तरह संभव है। सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में टीबी की जांच, दवाएं और पूरा उपचार निःशुल्क उपलब्ध है।

## ओडीओपी प्रशिक्षण व टूलकिट योजना के आवेदकों का साक्षात्कार 13 से 15 जुलाई तक

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र, गोण्डा द्वारा एक जनपद-एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना के अंतर्गत दाल, मक्का एवं खाद्य प्रसंस्करण से संबंधित 10 दिवसीय प्रशिक्षण एवं प्रशिक्षण उपरांत उन्नत टूलकिट वितरण हेतु ऑनलाइन आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के साक्षात्कार की तिथियां घोषित कर दी गई हैं। उपायुक्त उद्योग ने बताया कि 13 जुलाई को खाद्य प्रसंस्करण (दाल), 14 जुलाई को खाद्य प्रसंस्करण तथा 15 जुलाई को खाद्य प्रसंस्करण (मक्का) से संबंधित आवेदकों का साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा। सभी साक्षात्कार पूर्वाह्न 11 बजे से कार्यालय उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र, गोण्डा में संपन्न होंगे।

# पुलिस की सरकारी गाड़ी में बैठकर युवक ने बनाई रील

- थाना प्रभारी बोले- पंचर बनाने के लिए बुलाया था

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।**

मटेरा थाना क्षेत्र में पुलिस की सरकारी गाड़ी के भीतर बैठकर एक युवक द्वारा रील बनाने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि वीडियो मटेरा थाने के मुख्य गेट के पास का है। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस महकमे में हलचल मच गई है और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है। **सरकारी वाहन में बैठकर बनाई रील-**

वायरल वीडियो में भौखारा गांव निवासी एक युवक, जो पंचर बनाने का काम करता है, पुलिस की सरकारी गाड़ी के अंदर बैठा दिखाई दे रहा है। इसी दौरान उसने रील बनाई, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। वीडियो वायरल होने के बाद लोग पुलिस वाहन तक आम व्यक्ति की पहुंच को लेकर सवाल उठा रहे हैं।




**थाना प्रभारी ने दी सफाई**

मटेरा थाना प्रभारी हरिकेश सिंह ने मामले पर सफाई देते हुए बताया कि संबंधित युवक को पुलिस वाहन का पंचर बनवाने के लिए थाने बुलाया गया था। उन्होंने कहा कि वीडियो किस परिस्थिति में बनाया गया, इसकी जांच कराई जा रही है।

**जांच के बाद होगी आगे की कार्रवाई**

पुलिस का कहना है कि वायरल वीडियो के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मामले को लेकर विभागीय स्तर पर जानकारी जुटाई जा रही है।

## खबरें एक नजर में

### घर के पीछे बैठा मिला मगरमच्छ, टॉर्च की रोशनी पड़ने पर ग्रामीण के उड़े होश

**कई शिकायतों के बाद भी नहीं पहुंचा वन विभाग**



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** मोतीपुर थाना क्षेत्र के बेलहन महेशपुर गांव में तालाब से निकलकर एक मगरमच्छ आबादी के बीच पहुंच गया। घर के पीछे मगरमच्छ दिखाई देने से पूरे गांव में दहशत फैल गई। ग्रामीणों का कहना है कि इस वजह से लोगों को आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गांव निवासी 26 वर्षीय संतराम यादव बुधवार की रात करीब 7:30 बजे बाथरूम के लिए घर से बाहर निकले। टॉर्च की रोशनी डालने पर उसने देखा कि घर के पीछे मगरमच्छ बैठा हुआ है। यह देखते ही उसने शोर मचाया, जिसके बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। लोगों की आवाजाही और शोर-शराबा बढ़ने पर मगरमच्छ वापस तालाब में चला गया। घटना के बाद ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 पर शिकायत दर्ज कराई। उनका आरोप है कि गांव में मगरमच्छ निकलने की सूचना कई बार वन विभाग को दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इस संबंध में रेंजर सुरेंद्र तिवारी से संपर्क किया गया। उन्होंने बताया कि मामले की जानकारी मिली है और वन विभाग की टीम बुधवार सुबह गांव पहुंचकर स्थिति का जायजा लेगी तथा आवश्यक कार्रवाई करेगी। ग्रामीणों का कहना है कि तालाब से बार-बार मगरमच्छ निकलने के कारण बच्चों और महिलाओं समेत पूरे गांव में भय का माहौल है। लोगों ने वन विभाग से मगरमच्छ को सुरक्षित पकड़कर अन्य स्थान पर छोड़े जाने की मांग की है।

### छपिया बाजार में दाढ़ी बनाने वाली ब्लेड से युवक का गला काटा, पुलिस ने हमलावर को बताया पागल

**छपिया/गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** छपिया थाने के छपिया बाजार में दुकान पर बैठे एक युवक पर जानलेवा हमला कर दिया गया। हमलावर ने दाढ़ी बनाने वाली ब्लेड से युवक का गला काट दिया। युवक के गले पर कई सेंटीमीटर लंबा कट का निशान है। जानकारी के अनुसार कुछ दिन पहले दोनों युवकों के बीच विवाद हुआ था। इसी रंजिश के चलते आरोपी ने दुकान पर बैठे युवक पर हमला कर दिया। घटना से बाजार में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची छपिया पुलिस ने घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया है। पुलिस आरोपी को मानसिक रूप से विक्षिप्त यानी पागल बता रही है। पुलिस ने मामले में मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



### घाघरा का जलस्तर 19 सेमी बढ़ा, गोंडा में बाढ़ चौकियां अलर्ट, तटीय इलाकों में सतर्कता

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** जिले में घाघरा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। पिछले 24 घंटों में नदी का जलस्तर 19 सेंटीमीटर बढ़ गया है। इसके चलते प्रशासन ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्थित सभी बाढ़ चौकियों को सक्रिय कर दिया है। गोंडा बाढ़ खंड विभाग और राजस्व विभाग को भी अलर्ट मोड पर रखा गया है। बुधवार सुबह 9:30 बजे तक गिरजा बैराज से 47181 क्यूसेक, शारदा बैराज से 18625 क्यूसेक और सरयू बैराज से 250 क्यूसेक पानी घाघरा में छोड़ा गया। *इस तरह कुल 66056 क्यूसेक पानी छोड़े जाने के बाद भी नदी खतरे के निशान से 1.16 मीटर नीचे बह रही है। बीते 24 घंटे में कुल 134919 क्यूसेक पानी नदी में छोड़ा गया है। **नेपाल की बारिश बना कारण-** अधिकारियों के अनुसार जलस्तर बढ़ने की मुख्य वजह पहाड़ी इलाकों और पड़ोसी देश नेपाल में हो रही लगातार बारिश है इसी कारण बैराजों से पानी छोड़ा जा रहा है। **प्रशासन सतर्क-** एडीएम आलोक कुमार ने बताया कि नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए तटीय इलाकों में रहने वाले लोगों को लगातार जागरूक किया जा रहा है। तटबंधों को सुरक्षित रखने के काम किए जा रहे हैं। सभी बाढ़ चौकियों पर राजस्व और बाढ़ खंड विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों की 24 घंटे ड्यूटी लगाई गई है। अधिकारी नदी के जलस्तर की निगरानी और तटबंधों का निरीक्षण कर रहे हैं। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और नदी के किनारे न जाएं।



### 1 घंटे की बारिश और गोंडा में दिखाई दिया जल भराव, नगर पालिका का दावा हवा हवाई

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** बृहस्पतिवार को हुई बारिश ने खोल दिया नगर पालिका की पोल साफ सफाई का दावा करने वाली नगर पालिका गोंडा का दावा आज खोखला साबित हो रहा है क्योंकि यह जो नजारा है यह जिला गोंडा के कलेक्ट्रेट परिसर का इसके बगल में सिटी मजिस्ट्रेट का कार्यालय है और जो जल भराव आप देख रहे हैं वह मेन रोड की सड़क है और उसमें घुटनों बराबर पानी भर गया मुश्किल से 1 घंटे के बरसात में जिला प्रशासन जहां साफ सफाई का दावा कर रहा है वही यह जल भराव जिला प्रशासन और नगर पालिका को मुंह चिढ़ा रहा है।

## अभाविप ने श्री शंकर कॉलेज में कराई कला प्रतियोगिता



- राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस सप्ताह के तहत हुआ आयोजन

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) की नानपारा नगर इकाई ने 'राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस' के उपलक्ष्य में 'विद्यार्थी सप्ताह' का आयोजन किया है। इसी क्रम में, सप्ताह के दूसरे दिन नानपारा के श्री शंकर इंटर कॉलेज में एक कला प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता का मुख्य विषय स्वामी विवेकानंद के जीवन और विचारों पर आधारित था। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक स्वामी विवेकानंद के चित्र बनाकर अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के समापन पर अभाविप ने सभी प्रतिभागियों को मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में अभाविप के प्रवासी कार्यकर्ता एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रज्वल मिश्र और विभाग संगठन मंत्री अंकुल जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर जिला संयोजक अनुष्का सिंह, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य हिमांशु साकेत, सहित कई गणमान्य व्यक्ति, शिक्षकगण और अभाविप कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भारत-नेपाल सीमा पर नशे के नेटवर्क पर करारा वार

- 21 ग्राम स्मैक के साथ नेपाली युवक दबोचा
- एसएसबी और मोतीपुर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई से तस्करों में हड़कंप
- सीमा पार नशे की सप्लाई पर कसा शिकंजा

**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज़।**



भारत-नेपाल सीमा को नशे का गलियारा बनाने की कोशिशों पर सुरक्षा एजेंसियों ने बड़ा प्रहार किया है। 59वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) और मोतीपुर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में 21 ग्राम स्मैक (हेरोइन) के साथ एक नेपाली नागरिक को गिरफ्तार कर सीमा पार नशे की खेप ले जाने की कोशिश नाकाम कर दी गई।

कमांडेंट कैलाश चन्द रमोला के निर्देशन में मिली गोपनीय सूचना पर सीमा चौकी बलाईगांव और थाना मोतीपुर की संयुक्त टीम ने सीमा स्तंभ संख्या-665 के निकट सघन घेराबंदी की।

देर रात भारत से नेपाल की ओर जा रहे संदिग्ध नेपाली युवक को रोककर तलाशी ली गई, जिसके कब्जे से 21 ग्राम स्मैक बरामद हुई। एनडीपीएस डिटेक्शन डॉग 'मिंचु' ने भी बरामद मादक पदार्थ की पुष्टि की। गिरफ्तार आरोपी की पहचान जगदीश शाही (24 वर्ष), निवासी जिला जुमला, कर्णाली (नेपाल) के रूप में हुई। पूछताछ में उसने बताया कि स्मैक उसे बलाईगांव क्षेत्र के एक अज्ञात व्यक्ति से मिली थी, जिसे वह नेपाल ले जा रहा था। पुलिस अब उस सप्लायर की तलाश में जुट गई है। आरोपी और बरामद स्मैक को थाना मोतीपुर के सुपुर्द कर एनडीपीएस अधिनियम, 1985 की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच जारी है।

**सीमा पर सख्ती का साफ संदेश**

इस कार्रवाई ने एक बार फिर स्पष्ट कर दिया है कि भारत-नेपाल सीमा पर नशे के कारोबार को पनपने नहीं दिया जाएगा। हालांकि, यह घटना इस ओर भी संकेत करती है कि सीमा क्षेत्र में सक्रिय तस्करी नेटवर्क की जड़ें तक पहुंचना और उनके पूरे तंत्र का पर्दाफाश करना भी उतना ही आवश्यक है। एसएसबी और उत्तर प्रदेश पुलिस ने ऐसे अभियानों को आगे भी पूरी सख्ती के साथ जारी रखने की बात कही है।

# पौधरोपण अभियान की सफलता के लिए राज्यमंत्री डॉ. अरूण कुमार सक्सेना ने की वर्चुअल बैठक

- पौधरोपण व रोपित वृक्षों के संरक्षण का दिलाया संकल्प



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** प्रभागीय वनाधिकारी बहराइच कार्यालय कक्ष में प्रदेश के राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) वन, पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन विभाग डॉ. अरूण कुमार सक्सेना की अध्यक्षता में आहूत वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मा. मंत्री डॉ. सक्सेना द्वारा जनपद के सरकारी/गैर सरकारी संस्थाओं, व्यापार मण्डल, गायत्री परिवार, लोक भारती संस्थान, महाराजा सुहेलदेव स्मारक समिति, किसान गौ सेवकों से समन्वय एवं संवाद स्थापित कर जिले में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण व रोपित वृक्षों के संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया गया। जिला गंगा समिति, जिला पर्यावरण समिति एवं जिला वृक्षारोपण समिति के तत्वावधान में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए प्रभागीय वनाधिकारी बहराइच सुन्दरेशा ने बताया कि वर्ष 2026-27 हेतु जनपद में 63 लाख 12 हजार 600 पौध रोपित किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने के लिए ग्राम्य विकास विभाग, कृषि विभाग, सिंचाई विभाग, पंचायतीराज विभाग, शिक्षा विभाग, विकास विभाग सहित कुल 24 विभागों को लक्ष्य आवंटित किया गया है। इसके अलावा पर्यावरण संरक्षण हेतु कार्य कर रहे सामाजिक संस्थाओं व धार्मिक संस्थाओं के समन्वय से जनपद में लगातार वृक्षा रोपण अभियान चलाया जा रहा है। महामना मालवीय मिशन अध्यक्ष (अवध) संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट ने बैठक की अध्यक्षता कर रहे वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना को अवगत कराया कि जनपद में सामाजिक व धार्मिक संगठनों से समन्वय बनाकर जिले के माध्यमिक व महाविद्यालयों तथा मठ मंदिर एवं नदी झील तालाब के तटीय इलाकों में हरिशंकरी व पंचवटी प्रजाति के वृक्षों का रोपण कर स्थानीय जन सहयोग से उनको संरक्षित करने का प्रभावी प्रयास किया जा रहा है। जिला उपाध्यक्ष भाजपा हरीशचन्द्र गुप्ता ने बताया कि संगठन के तत्वावधान में संघन वृक्षारोपण अभियान तीव्र गति से चलाया जा रहा है तथा लोगों को वृक्षारोपण हेतु प्रोत्साहित भी किया जा रहा है। शिक्षाविद समाजसेविका डॉ तस्मीन फातिमा जैदी ने बताया कि बालिकाओं व महिलाओं को वृक्षारोपण अभियान में सहयोग करने के लिए सघन जन सम्पर्क अभियान चलाकर वृक्षारोपण अभियान से जोड़ा जा रहा है। अधिवक्ता परिषद जिला महामंत्री आलोक शुक्ल ने बताया कि वृक्षारोपण अभियान से अधिवक्ताओं व न्यायिक क्षेत्र में कार्य करने वाले कर्मचारियों व अधिकारियों को जोड़ने के लिए संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। शिक्षक संघ अध्यक्ष डॉ. अरशद रईस ने बताया कि जिले के इंटर कॉलेज तथा महाविद्यालयों में वृक्षारोपण अभियान से विद्यार्थियों अध्यापकों व अभिभावकों को जोड़ने के लिए अभियान शुरू किया गया है। गायत्री परिजन सूर्य प्रताप त्रिपाठी व गौ सेवक जगदीश मिश्र ने बताया कि अन्य सामाजिक व धार्मिक संगठनों के सहयोग से वृक्षारोपण अभियान को गति देने के लिए समन्वय व संवाद स्थापित किया जा रहा है। आयोजित बैठक में प्रमुख रूप से संविधान विशेषज्ञ अनिल त्रिपाठी एडवोकेट, समाजसेवी उमेश चंद्र मिश्र, वैष्णवी मिश्र, संघ विचारक अर्जुन कुमार दिलीप, किसान समन्वयक शिव कुमार, गायत्री परिजन राम कृपाल शुक्ला, प्रवक्ता डॉ. पंकज श्रीवास्तव, पर्यावरण विद संजय श्रीवास्तव, सुरेंद्र गिरी, उपप्रभागीय बनाधिकारी घनश्याम शुक्ला, वन दरोगा अजय दीप श्रीवास्तव, पर्यावरण विद राकेश चंद्र श्रीवास्तव, प्रधान सहायक राम महेश आदि लोग उपस्थित रहे। समापन अवसर पर वृक्षारोपण अभियान को गतिशील एवं प्रभावी बनाने का सामूहिक संकल्प भी लिया गया।

# पूजा चौधरी ने पयागपुर एसडीएम का संभाला कार्यभार

- वादकारियों को समय पर न्याय दिलाना प्राथमिकताः पूजा चौधरी



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** पयागपुर तहसील में पूजा चौधरी ने नई उपजिलाधिकारी के रूप में कार्यभार संभाल लिया है। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि वादकारियों को समय पर और निष्पक्ष न्याय दिलाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने राजस्व वादों के लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण, पारदर्शी प्रशासन और आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान पर जोर दिया। पूजा चौधरी इससे पहले बहराइच मुख्यालय में अतिरिक्त मजिस्ट्रेट (द्वितीय) के पद पर कार्यरत थीं। उनकी सक्रियता, अनुशासित कार्यशैली और जनहित के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण को देखते हुए शासन ने उन्हें पयागपुर तहसील की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। एसडीएम पूजा चौधरी ने अपनी प्राथमिकताओं को दोहराते हुए कहा कि राजस्व मामलों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उनका त्वरित समाधान कराने तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शिता के साथ पात्र लोगों तक पहुंचाने की बात कही। कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखना भी उनकी जिम्मेदारियों में शामिल है। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि फरियादियों के साथ संवेदनशील व्यवहार किया जाए और किसी भी प्रकरण को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए। जनसुनवाई व्यवस्था को प्रभावी बनाकर प्रत्येक शिकायत का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने पर भी उन्होंने जोर दिया।क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि नई एसडीएम के नेतृत्व में राजस्व वादों के निस्तारण में तेजी आएगी और विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। प्रशासन और जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होने तथा कानून-व्यवस्था मजबूत होने की भी आशा है। शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की दिशा में प्रभावी पहल की भी उम्मीद की जा रही है। पयागपुर की जनता की निगाहें अब नई एसडीएम पूजा चौधरी के कार्यकाल पर टिकी हैं।

लोगों को विश्वास है कि उनके नेतृत्व में तहसील में सुशासन, पारदर्शिता, जवाबदेही और आमजन को त्वरित तथा प्रभावी प्रशासनिक सेवाएं मिलेंगी।

## रिश्वत मामले में निलंबित वन दरोगा बालक राम की जमानत याचिका खारिज

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** फर्नीचर व्यवसायी से रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किए गए निलंबित वन दरोगा बालक राम को विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी है। विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम नित्या पांडेय ने बुधवार देर शाम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। इसका आदेश गुरुवार सुबह 10:30 बजे जारी किया गया। यह मामला फर्नीचर व्यवसायी राधेश्याम की शिकायत से जुड़ा है। राधेश्याम ने 22 जून 2026 को गोंडा स्थित भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि बेलसर और तरबगंज के वन दरोगा बालक राम उनकी फर्नीचर की दुकान निर्बाध रूप से चलने देने और एक मामले से नाम बाहर रखने के एवज में 10,000 रुपये की रिश्वत मांग रहे थे।

# अस्पताल चौराहे पर बिजली विभाग के पुराने वसूली केंद्र पर चला बुलडोजर

- नगर पालिका ने नाला निर्माण का रास्ता कराया साफ



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** शहर के अस्पताल चौराहे पर स्थित बिजली विभाग का वर्षों पुराना वसूली केंद्र प्रशासनिक कार्रवाई में ध्वस्त कर दिया गया। यह कार्रवाई सिटी मजिस्ट्रेट राजेश प्रसाद की अध्यक्षता में बुलडोजर चलाकर की गई। बताया जा रहा है कि नगर पालिका द्वारा प्रस्तावित नाला निर्माण कार्य में यह वसूली केंद्र बाधा बन रहा था। इस संबंध में नगर पालिका ने सिटी मजिस्ट्रेट को लिखित रूप से अवगत कराते हुए कार्रवाई की मांग की थी। इसके बाद प्रशासन ने मौके का निरीक्षण कर आवश्यक कदम उठाए। निर्धारित योजना के तहत बुलडोजर से भवन को गिरा दिया गया, जिससे नाला निर्माण कार्य के लिए रास्ता साफ हो गया है। गौरतलब है कि इसी वसूली केंद्र पर लंबे समय से बिजली बिल जमा करने का कार्य किया जाता था और यह क्षेत्रवासियों के लिए महत्वपूर्ण सुविधा केंद्र था। कार्रवाई के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी रही और सुरक्षा के मद्देनजर आवश्यक इंतजाम भी किए गए।

प्रशासन का कहना है कि शहर में विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है और किसी भी अवरोध को नियमानुसार हटाया जाएगा।

# जिला अध्यक्ष इकबाल बहादुर तिवारी ने एक करोड़ 32 लाख की लागत से दो सड़कों का किया शिलान्यास

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** सोच ईमानदार, काम शानदार की तर्ज पर क्षेत्र की अलग अलग ग्रामसभाओं में सड़क निर्माण के लिए भाजपा जिलाध्यक्ष ने फीता काटकर कार्य का शिलान्यास किया। जिससे ग्रामीणों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में आसानी होगी। बुधवार को क्षेत्र के दो अलग अलग भदुवा तहर से करनीपुर तक लगभग 68 लाख रुपए की लागत से एक किलोमीटर लम्बी सड़क व बहराईच रोड से गोसाईपुरवा व महादेवा भट्ठा तथा बालाजी मंदिर तक 62.10 लाख रुपए की लागत से 0.930 मीटर सड़क का निर्माण कार्य का शिलान्यास भाजपा जिलाध्यक्ष इकबाल बहादुर तिवारी के द्वारा किया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा भदुहा तरहर से करनीपुर तक का कच्चा रास्ता था। जिसका प्रस्ताव बहुत पहले भेजा गया था। उन्होंने केंद्रीय राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन का आभार जताते हुए कहा कि इस क्षेत्र की जनता वर्षो से कच्चे मार्ग का दंश झेल रही थी। लेकिन केंद्रीय राज्य मंत्री के प्रयास ने क्षेत्र की जनता को एक सुनहरा अवसर दिया है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारें जनता का पैसा लूट कर उसे उसकी हालत फर छोड़ देती थी। आज डबल इंजन की सरकार सबका साथ,सबका विकास के नारों के साथ आगे बढ़ रही है। आने वाले 2027 के चुनाव में भाजपा एक बार फिर पूर्ण बहुमत के साथ योगी की सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा भारतीय जनता पार्टी एक परिवार की तरह है जो सबको साथ लेकर चलती है। 2014 के बाद से आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के रुप में स्थापित है।




पार्टी लोगों को रोजगार से जोड़ने का कार्य कर रही है। शिलान्यास कार्यक्रम में राजेश सिंह एवं रमाशंकर मिश्रा प्रतिनिधि कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया, जिला पंचायत सदस्य जमुना सिंह, भाजपा जिला मीडिया सह प्रभारी अभिषेक दत्त त्रिपाठी, गन्ना समिति के अध्यक्ष भारत सिंह, मुझेहना ब्लॉक अध्यक्ष प्रतिनिधि महेश भारी, ठेकेदार अमरनाथ पांडे एवं वैभव सिंह सहित कई भाजपा नेता और सदस्य उपस्थित रहे।

# ग्राम पंचायत पूरे तिवारी में प्राथमिक बहुउद्देशीय सहकारी समिति का सांसद प्रतिनिधि संजीव सिंह ने किया उद्घाटन

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** गोंडा जनपद के झंझरी विकासखंड की ग्राम पंचायत पूरे तिवारी में किसानों की सुविधा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। यहां नवनिर्मित बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति लिमिटेड का उद्घाटन किया गया। कैसरगंज सांसद प्रतिनिधि संजीव सिंह ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच फीता काटकर इसका शुभारंभ किया। इस सहकारी समिति के शुरू होने से क्षेत्र के कृषि क्षेत्र को नई दिशा मिलेगी। उद्घाटन के दौरान सांसद प्रतिनिधि संजीव सिंह ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें किसानों की आय दोगुनी करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने बताया कि न्याय पंचायत स्तर पर ऐसी समितियों का गठन स्थानीय विकास को गति देगा। समिति के चालू होने से क्षेत्र के सैकड़ों किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। अब उन्हें डीएपी और यूरिया खाद जैसी बुनियादी कृषि सामग्रियों के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा।



# फूड ट्रक से पर्यटकों को मिलेगा स्वाद के साथ विरासत का अनूठा अनुभव : जयवीर

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग राज्य में अत्याधुनिक डबल डेकर फूड ट्रकों के संचालन की शुरुआत करने जा रहा है। यह अभिनव पहल पर्यटकों को केवल गुणवत्तापूर्ण खानपान ही नहीं, स्थानीय व्यंजनों, अत्याधुनिक डिजिटल तकनीक, सांस्कृतिक विरासत और पर्यावरण संरक्षण का अनूठा अनुभव भी प्रदान करेगी। इससे उत्तर प्रदेश के पर्यटन स्थलों पर आगंतुकों को स्वाद, संस्कृति और तकनीक का ऐसा संगम मिलेगा, जो उनके सफर को और अधिक यादगार बनाएगा।





उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने गुरुवार को बताया कि डबल डेकर फूड ट्रक का संचालन उत्तर प्रदेश इको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड (यूपीईटीडीबी) करेगा। इसके लिए निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। उन्होंने कहा कि पहले चरण में इन अत्याधुनिक फूड ट्रकों को लखनऊ के नवाब वाजिद अली शाह प्राणी उद्यान और डॉ. राम मनोहर लोहिया पार्क में संचालित करने की योजना है। इसके बाद पर्यटकों की जरूरत और मांग को देखते हुए इसका विस्तार प्रदेश के प्रमुख पर्यटन, धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों तक किया जाएगा। मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि यूनेस्को द्वारा लखनऊ को क्रिएटिव सिटी ऑफ़ गैस्ट्रोनॉमी का दर्जा मिलने के बाद हमारी जिम्मेदारी और बढ़ गई है। इसी सोच के अनुरूप फूड ट्रकों के मेन्यू में प्रदेश के स्थानीय और पारंपरिक व्यंजनों को प्रमुखता दी जाएगी। वन डिस्ट्रिक्ट वन कुजीन की अवधारणा के माध्यम से क्षेत्र विशेष के विशिष्ट व्यंजन को पर्यटकों तक पहुंचाया जाएगा। हमारा प्रयास है कि पर्यटकों को कम समय में ताजा, पौष्टिक और स्वच्छ भोजन उपलब्ध हो, ताकि उत्तर प्रदेश का पर्यटन अनुभव स्वाद, संस्कृति और गुणवत्ता यादगार बन सके। उप्र ईको टूरिज्म विकास बोर्ड द्वारा निजी सहभागिता से डबल डेकर फूड ट्रक योजना के लिए निविदाएं आमंत्रित की हैं। निविदा जमा करने की अंतिम तारीख 24 जुलाई 2026 शाम 06:00 बजे तक है। इच्छुक आवेदनकर्ता विशेष जानकारी के लिए upetdb@gmail.com पर संपर्क कर सकते हैं। वहीं, ई-टेंडर पोर्टल http:// etender .up. nic.in पर निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की गई हैं, जहां इच्छुक फर्म/एजेंसियां निर्धारित समय अवधि के भीतर आवेदन कर सकते हैं।

### डबल डेकर फूड ट्रक में क्या होगा खास

योजना के तहत चयनित एजेंसी को डबल डेकर फूड ट्रक की डिजाइनिंग, संचालन और रखरखाव की पूरी जिम्मेदारी होगी। फूड ट्रक अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा, ताकि यह पर्यटन का नया आकर्षण बन सके। यह पूरी तरह मोटर चालित, आधुनिक और सभी वैधानिक मानकों के अनुरूप होगा। वहीं, उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग और उ0प्र0 इको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड संचार के विभिन्न माध्यमों से प्रचार-प्रसार में मदद करेगा। यह पहल लखनऊ की समृद्ध व्यंजन विरासत को राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट पहचान दिलाने के साथ स्थानीय खानपान संस्कृति को एक सशक्त मंच भी उपलब्ध कराएगी।

# शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती से अखिलेश यादव ने लिया आशीर्वाद

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

समाजवादी पार्टी(सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने गुरुवार को शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती से लखनऊ में भेंट कर आशीर्वाद लिया। शंकराचार्य ने अखिलेश यादव को आशीर्वाद स्वरूप सवत्सा कामधेनु गौमाता की प्रतिमा भेंट की।



सपा सुप्रीम अखिलेश यादव ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि पूज्य शंकराचार्य के दर्शन एवं आशीर्वाद के सौभाग्यशाली क्षण और सनातन पर आए संकट को दूर करने व अधर्मियों के चंगुल से धर्म को मुक्ति दिलाने के लिए सार्थक वार्ता हुई। शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि जनता गाय को माता मानती है। हम गौ संरक्षण के लिए ही आन्दोलन कर रहे हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि हम पहले से गौ सेवा करते रहे हैं। सरकार बनने पर गाय के लिए काम करेंगे। सपा अध्यक्ष ने कहा कि बड़े फैसले होने चाहिए। नियत साफ होनी चाहिए। नियत साफ होगी तो सेवा हो सकती है।

## खबरें एक नजर में

### पशुओं से मनुष्यों में फैलने वाले रोगों की रोकथाम के लिए कार्यशाला आयोजित

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। उत्तर प्रदेश के पशुपालन विभाग की ओर से पशु चिकित्सकों के लिए पशुओं से मनुष्यों में फैलने वाले एवं प्राथमिक पशु रोगों को रोकने के लिए लखनऊ के एक होटल में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारम्भ गुरुवार को विशेष सचिव पशुपालन विभाग देवेंद्र कुमार पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर पशु चिकित्सकों को संबोधित करते हुए देवेंद्र कुमार पाण्डेय ने कहा कि कई गंभीर बीमारियां पशुओं के वायरस से हुई हैं। इस कार्यशाला के बाद पशुपालन विभाग के जानकार जनपदों में जाकर विभाग के चिकित्सकों को प्रशिक्षण देंगे। उन्होंने कहा कि कोई भी संक्रमण होने से पूर्व उसे चिन्हित कर लेंगे। इससे वहीं पर उसे नियंत्रित किया जा सकेगा। गोरखपुर एवं पीलीभीत के अलावा प्रदेश में जितनी रामसर साइट हैं वहां पर विशेष अभियान चलाया जायेगा। डॉ. संजय त्रिपाठी ने आभार जताया। कार्यशाला में पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. राहुल चन्द्रा, डॉ. विवेकानंद गंगवार, निदेशक डॉ. संगीता तिवारी और डॉ. राजेन्द्र प्रसाद उपस्थित रहे।

### फीनिक्स पलासियो ने धूमधाम से मनाया छठी सालगिरह का जश्न

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। शहर के प्रमुख शॉपिंग और लाइफस्टाइल डेस्टिनेशन फीनिक्स पलासियो ने अपनी छठी सालगिरह का जश्न मनाया गया। पांच दिनों तक चले इस विशेष आयोजन में बच्चों, युवाओं और परिवारों ने विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों, जैज की लाइव परफॉर्मेंस समेत आकर्षक शॉपिंग ऑफर्स का भरपूर आनंद लिया। पिछले छह सालों में फीनिक्स पलासियो ने लखनऊ के सबसे पसंदीदा शॉपिंग और लाइफस्टाइल डेस्टिनेशन्स में अपनी खास पहचान बनाई है। देश और दुनिया के कई बड़े ब्रांड्स, शानदार फूड ऑप्शन्स और परिवारों के लिए आयोजित होने वाले विशेष आयोजनों की वजह से यह हर उम्र के लोगों की पसंदीदा जगह बन चुका है। अपनी छठी सालगिरह के अवसर पर मॉल ने अपने ग्राहकों के साथ इस खूबसूरत सफर का जश्न मनाया। समारोह के दौरान बच्चों और परिवारों के लिए कई रोचक डीआईवाई एक्टिविटीज आयोजित की गईं। शॉपिंग के शौकीनों ने भी इस अवसर का भरपूर लाभ उठाया। समारोह के दौरान सभी ब्रांड्स पर एंड ऑफ सीजन सेल के विशेष ऑफर्स उपलब्ध रहे। वहीं 10 से 12 जुलाई तक सभी ब्रांड्स पर फ्लैट 50: की छूट ने ग्राहकों को आकर्षित किया और बड़ी संख्या में लोगों ने खरीदारी की।

### बिल न भरने से बच्ची का शव रोका, अस्पताल की लापरवाही से गई जान

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। राजधानी लखनऊ के गोमतीनगर स्थित वात्सल्य अस्पताल पर 9 महीने की बच्ची के इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगा है। परिजनों का कहना है कि बच्ची की मौत के बाद भी अस्पताल प्रशासन ज्यादा बिल वसूलने के खातिर हंगामा करता रहा। फिर बिल जमा न होने का हवाला देकर शव ले जाने की अनुमति नहीं दी। इसके बाद परिजनों ने हंगामा कर दिया। उनका आरोप था कि आईसीयू में अनट्रेंड स्टाफकी निगरानी में इलाज हुआ, जिसके चलते बच्ची का बीपी बढ़ गया और उसने दम तोड़ दिया। हंगामा बढ़ता देख मौके पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस के बीच बचाव के बाद परिजनों को शव ले जाने की अनुमति दी गई। बाराबंकी के मसौली थाना निवासी लाल बाबू की 9 महीने की बच्ची आस्था की अचानक तबीयत बिगड़ गई। आनन फानन में परिजन बच्ची को लेकर लखनऊ भागे। यहां गोमतीनगर के निजी अस्पताल, वात्सल्य में भर्ती कर उसका इलाज शुरू किया गया। बच्ची के चाचा परवीन गुप्ता ने बताया कि गुरुवार सुबह करीब पांच बजे आस्था को तेज बुखार की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों ने उसे आईसीयू में भर्ती कर इलाज शुरू किया। परिजनों का आरोप है कि आईसीयू में तैनात स्टाफने बच्ची की हालत पर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया और इलाज में लापरवाही बरती गई। इस बीच महज एक डॉ.बीपी सिंह ही एक बार बच्ची को देखने आए। पर उसके बाद बच्ची की तबीयत बिगड़ती गई पर दोबारा कोई डॉक्टर देखने नहीं आया। जबकि आईसीयू में तैनात अन्य स्टॉफइंजेक्शन का नाम तक पढ़ नहीं पा रहा था। परिजनों का कहना था कि इसी लापरवाही के कारण बच्ची की मौत हो गई। इसके बाद अस्पताल प्रशासन ने बकाया बिल जमा करने तक शव देने से इनकार कर दिया। इसके बाद जब विरोध किया तो मौके पर पुलिस की टीम पहुंची। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद ही बच्ची का शव मिला।

### राजधानी में लगातार दूसरे दिन भी जोरदार बारिश

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। राजधानी लखनऊ में लगातार दूसरे दिन गुरुवार को भी मानसून की बारिश हो रही है। शहर के सरोजनी नगर, पीजीआई और चारबाग इलाके में दोपहर 12.36 बजे बारिश शुरू हुई। पीजीआई इलाके में एक झोंके की बारिश के बाद से काले बादल छाए हुए हैं। गोमतीनगर में 1 बजे बारिश शुरू हुई। आधे घंटे की बारिश के बाद चौक में घंटाघर के सामने डेढ़ फीट जलभराव हो गया। इससे वहां खड़ी बाइक के पहिये डूब गए। उधर, हजरतगंज स्थित उद्यान विभाग के कार्यालय में प्लास्टर टूटकर गिर गया। इसमें कोई कर्मचारी घायल नहीं हुआ, लेकिन एक कंप्यूटर मॉनिटर टूट गया। सुबह से पूरे शहर में बादल छाए हुए थे। कई इलाकों में रुक-रुककर बूंदाबादी भी हुई। मौसम विभाग ने बारिश और तेज हवाओं का यलो अलर्ट जारी किया है। दिन में बादलों की आवाजाही के बीच आंधी और बारिश की संभावना बनी रहेगी। 30 से 40 किमी की रफ्तार से आंधी भी चल सकती है। आज अधिकतम तापमान 31 और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है। पिछले 24 घंटे में रिकॉर्ड 18.4 मिमी बारिश हुई। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया है कि 12 जुलाई तक लखनऊ में रोज बारिश होगी। 10 जुलाई को भारी बारिश की आशंका है।

# वीरांगना अवंती बाई ने देश की रक्षा व आजादी के लिए सर्वस्व न्योछावर किया : योगी

- सीएम ने बांदा में किया अवंती बाई लोधी की प्रतिमा का अनावरण

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

वीरांगना रानी अवंती बाई ने भारत की आन-बान-शान की रक्षा और देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उनका बलिदान और त्याग आज भी देशवासियों के लिए प्रेरणास्रोत है।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को बांदा जिले के कालू कुआं चौराहे पर वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी की प्रतिमा का अनावरण करते हुए अपने संबोधन में यह कहा।मुख्यमंत्री ने कहा कि वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी की प्रतिमा का अनावरण करना उनके लिए गौरव का विषय है।

सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने भारत के वीरों-वीरांगनाओं और राष्ट्र नायकों को बांदा के महत्वपूर्ण स्थलों पर सम्मान देकर वर्तमान और भावी पीढ़ी के लिए एक नया आदर्श प्रस्तुत किया है। तीन वर्ष पहले भी उन्हें बांदा में दो महत्वपूर्ण प्रतिमाओं के अनावरण का अवसर मिला था। आज वीरांगना अवंती बाई की प्रतिमा के अनावरण से गौरवशाली परंपरा आगे बढ़ी है।

मुख्यमंत्री ने 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम का उल्लेख करते हुए कहा कि उस समय पूरे देश में आजादी की प्रबल इच्छा थी। बैरकपुर में मंगल पांडे ने क्रांति की चिंगारी जलाई, मेरठ में धन सिंह गुर्जर ने उसका नेतृत्व किया, कानपुर के बिठूर में तात्या टोपे ने उसे आगे बढ़ाया और झांसी में महारानी लक्ष्मीबाई ने वीरता का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। इसी महान परंपरा में वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी ने भी राष्ट्रधर्म को सर्वोपरि मानते हुए मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। आज भले ही वे हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनका साहस, संघर्ष और बलिदान आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा।

मुख्यमंत्री ने प्रतिमा स्थापना से जुड़े सभी लोगों का अभिनंदन करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज में राष्ट्रनायकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता की भावना को मजबूत करते हैं।इस अवसर पर जलशक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद, पीडब्ल्यूडी के राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह, बांदा विधायक प्रकाश द्विवेदी, नरैनी विधायक ओममणि वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू राजपूत उपस्थित रहे।

# होमगार्ड परिवार के स्वास्थ्य-सुरक्षा के प्रति सरकार संवेदनशील : धर्मवीर

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश के होमगाड्र्स एवं नागरिक सुरक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मवीर प्रजापति ने गुरूवार को होमगाड्र्स मुख्यालय में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने विभागीय कार्यों की प्रगति, सेवा की गुणवत्ता एवं जनोपयोगी कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। साथ ही आगामी 12 जुलाई के बृहद पौधरोपण अभियान की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



श्री प्रजापति ने मुख्यमंत्री द्वारा होमगार्ड कैशलेस चिकित्सा योजना के अंतर्गत होमगार्ड स्वयंसेवकों, अवैतनिक अधिकारियों एवं उनके आश्रित परिवारों को योजना से जोड़ने के विषय में विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह पहल हमारे कर्मनिष्ठ होमगार्ड परिवार के स्वास्थ्य-सुरक्षा के प्रति सरकार की संवेदनशील प्रतिबद्धता का सशक्त उदाहरण है। इस जनकल्याणकारी योजना एवं सतत मार्गदर्शन के लिए मुख्यमंत्री के प्रति विभाग की ओर से हृदयपूर्वक आभार एवं धन्यवाद दिया। बैठक में प्रमुख सचिव होमगार्ड राजेश कुमार, पुलिस महानिदेशक होमगार्ड डी. के. ठाकुर, पुलिस महानिरीक्षक होमगार्ड, धर्मवीर, महानिरीक्षक संतोष कुमार सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**छह माह के लिए दक्षिणायन होंगे भगवान भास्कर**

# बढ़ सकता है संक्रामक रोगों का असर : ज्योतिर्विद सतीशमणि

- 16 जुलाई की अर्धरात्रि में सूर्य कर्क राशि में करेंगे प्रवेश, इसे ज्योतिष में माना जाता है महत्वपूर्ण खगोलीय परिवर्तन

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

सौर मंडल के ग्रहों के राजा भगवान भास्कर 16 जुलाई की अर्धरात्रि से छह माह के लिए दक्षिणायन हो जाएंगे। ज्योतिर्विद सतीशमणि त्रिपाठी ने हिन्दुस्थान समाचार से बताया कि सूर्य देव के कर्क राशि में प्रवेश के साथ ही दक्षिणायन काल का शुभारंभ होगा। ज्योतिष शास्त्र में इसे महत्वपूर्ण खगोलीय घटना माना गया है।



मान्यता है कि इस अवधि में सूर्य का बल अपेक्षाकृत कमजोर होता है, जिससे मांगलिक कार्यों में सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है। ज्योतिष के अनुसार सूर्य के जल तत्व की राशि कर्क में प्रवेश के साथ संक्रामक रोगों का प्रभाव भी बढ़ सकता है।

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार सूर्य देव 16 जुलाई की अर्धरात्रि को चंद्रमा की राशि कर्क में प्रवेश करेंगे और लगभग एक माह तक इसी राशि में रहेंगे। इसके साथ ही उनका दक्षिणायन प्रारंभ हो जाएगा। लगभग छह माह बाद मकर राशि में प्रवेश करते ही सूर्य पुनः उत्तरायण होंगे।

ज्योतिर्विद सतीश मणि त्रिपाठी ने बताया कि नवग्रहों में सूर्य देव को ग्रहों का राजा माना गया है। वे राजसत्ता, मान-सम्मान, तेज और आरोग्य के कारक हैं। ज्योतिषीय मान्यता के अनुसार सूर्य की शुभ स्थिति व्यक्ति को प्रतिष्ठा, ऊर्जा और स्वास्थ्य प्रदान करती है, जबकि दक्षिणायन काल में सूर्य का प्रभाव अपेक्षाकृत कमजोर माना जाता है। इसी कारण कई ज्योतिष विद्वान इस अवधि में बड़े मांगलिक कार्यों से परहेज करने की सलाह देते हैं।

ज्योतिर्विद का कहना है कि अग्नि तत्व के ग्रह सूर्य का जल तत्व की राशि कर्क में प्रवेश प्राकृतिक वातावरण में भी बदलाव का संकेत देता है। मौसम में नमी बढ़ने के साथ बैक्टीरिया और वायरस जैसे सूक्ष्म जीव अधिक सक्रिय हो सकते हैं। ऐसे में संक्रामक रोगों के फैलने की आशंका बढ़ जाती है। इसलिए इस अवधि में स्वास्थ्य, स्वच्छता और खानपान को लेकर विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता बताई गई है।

# उत्तर प्रदेश में लागू होगा वक्फ संशोधन कानून : दानिश अंसारी

- बोर्ड में दो गैर-मुस्लिम सदस्य भी शामिल होंगे : अंसारी

बलिया/लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री दानिश अंसारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में भी वक्फ संशोधन कानून लागू किया जाएगा। मध्य प्रदेश में वक्फ संशोधन कानून लागू किये जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री दानिश आज़ाद अंसारी ने कहा कि आने वाले समय में उत्तर प्रदेश के साथ-साथ पूरे देश में नियम कानून और बायलॉज के हिसाब से वक्फ संसोधन कानून लागू होगा।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार वक्फ संपत्तियों के बेहतर रखरखाव के उद्देश्य से वक्फ संशोधन बिल लेकर आई है। इस वक्फ संशोधन अधिनियम 2024 के माध्यम से कई सकारात्मक बदलाव किए गए हैं। इसका कामकाज पर अच्छा असर दिखाई देगा।

उन्होंने कहा कि सच तो यह है कि इन संशोधनों के तहत नए वक्फ बोर्ड के गठन में पिछड़े पसमांदा मुसलमानों, महिलाओं और मुस्लिम समाज के विभिन्न वर्गों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाएगा। इसके अलावा बोर्ड में दो गैर-मुस्लिम सदस्य भी शामिल होंगे। उत्तर प्रदेश के बलिया जनपद पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कांग्रेस पर भी तीखा हमला किया। योगी सरकार के



मंत्री ने आगे कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लाए गए इस वक्फ संशोधन के प्रावधानों के अनुसार मध्य प्रदेश सहित तमाम राज्यों में बोर्ड का गठन प्रस्तावित है। इसका उद्देश्य पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित करना और वक्फ का सुचारू प्रबंधन चलाना है। यह अधिनियम पूरे देश में लागू होगा और हर प्रदेश के लिए इसे अपनाना अनिवार्य है। उत्तर प्रदेश में भी बोर्ड का गठन होने पर इसे नियमों और उपनियमों के अनुसार लागू किया जाएगा।

कांग्रेस पार्टी के वक्फ संशोधन अधिनियम को लेकर सुप्रीम कोर्ट जाने पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए दानिश आजाद अंसारी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को देश के विकास के लिए कभी कोई जल्दबाजी नहीं रही। उन्होंने आरोप लगाया कि 1947 में देश आजाद होने के बाद कांग्रेस ने देश के आधारभूत विकास के लिए कोई ठोस काम नहीं किया और सत्ता में रहते हुए केवल भ्रष्टाचार और आतंकवाद को प्रश्रय दिया।

# 69 हजार शिक्षक भर्ती : बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह से अभ्यर्थियों ने की मुलाकात

- 21 जुलाई को होने वाली सुनवाई के लिए अधिवक्ता भेजने की मांग की

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश 69 हजार शिक्षक भर्ती मामले को लेकर आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों ने गुरुवार को बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह से मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपा। 21 जुलाई को इस प्रकरण की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में होनी है और सरकार को अपना पक्ष रखना है।

अभ्यर्थियों ने मंत्री से मांग करते हुए कहा कि आगामी तिथि पर होने वाली सुनवाई के दौरान सरकार के अधिवक्ता कोर्ट में समय से उपस्थित होकर आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के हितों का ध्यान रखते हुए पक्ष रखें, जिससे हजारों वंचित आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को न्याय मिल सके। शिक्षा मंत्री से मुलाकात करने वाले अमरेंद्र पटेल ने कहा कि उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा विभाग की 69 हजार शिक्षक भर्ती में आरक्षण नियमों की अनदेखी के कारण आरक्षित वर्ग के हजारों अभ्यर्थी चयन प्रक्रिया से बाहर हो गए। पिछले लगभग 6 वर्षों से आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी लगातार आरक्षण नियमों के पालन की मांग करते हुए चले आ रहे हैं। लंबे आंदोलन और न्यायिक प्रक्रिया से गुजरने के बाद 13 अगस्त 2024 को लखनऊ हाई कोर्ट के डबल बेंच ने फैसला सुनाया और नियमों का पालन करते हुए अभ्यर्थियों को नियुक्ति दिए जाने का आदेश दिया था, लेकिन हम आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को न्याय नहीं मिल सका। अब यह मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है। हमारी मांग है कि 21 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट में होने वाली सुनवाई के दौरान सरकार का पक्ष रखने व विभाग की तरफ से नियुक्त अधिवक्ता अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें और हजारों आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को न्याय दिलाने के लिए बहस करें।

### पात्रता सूची से छूटे गरीबों को मिलेगा मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण की पात्रता सूची से छूटे गरीबों मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ मिलेगा। इस योजना का लाभ उठाने के लिए ग्रामीण अपने संबंधित खण्ड विकास अधिकारी एवं परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण से संपर्क कर सकते हैं। पात्रता सही पाए जाने की दशा में प्राथमिकता श्रेणी के इन लाभार्थियों को मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण का लाभ दिया जाएगा। राज्य स्तर से इस योजना के समयबद्ध और पारदर्शी क्रियान्वयन के लिए सभी मुख्य विकास अधिकारियों को विशेष निर्देश जारी किए गए हैं।

**उपलब्धि** | **उत्तर प्रदेश ने जल संरक्षण व ग्रामीण विकास के क्षेत्र में हासिल की महत्वपूर्ण उपलब्धि**

# अमृत सरोवर निर्माण में देश में शीर्ष पर उत्तर प्रदेश

- प्रदेश में सबसे आगे हरदोई
- जल संरक्षण के साथ कृषि को भी मिल रहा लाभ

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। उत्तर प्रदेश ने जल संरक्षण और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी अमृत सरोवर योजना व अमृत सरोवर योजना 2.0 के तहत प्रदेश में 19,989 अमृत सरोवरों का निर्माण और पुनरुद्धार किया जा चुका है।




ग्राम्य विकास विभाग के अनुसार, अमृत सरोवरों के निर्माण और पुनरुद्धार के मामले में उत्तर प्रदेश देश में शीर्ष स्थान पर है। इस अभियान से जल संरक्षण को मजबूती मिलने के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर भी बढ़े हैं।

अमृत सरोवर निर्माण अभियान में प्रदेश पांच जिले हरदोई, आजमगढ़, गोरखपुर, महराजगंज व प्रयागराज टॉप पांच में शामिल हैं। यहां हरदोई प्रदेश में पहले स्थान पर है, जहां 1,202 सरोवरों का निर्माण किया जा चुका है। इसके अलावा आजमगढ़ में 797, गोरखपुर में 734, महराजगंज में 726 और प्रयागराज में 638 अमृत सरोवर विकसित किए गए हैं। प्रदेशभर में अब तक निर्माण एवं पुनरुद्धार का कुल आंकड़ा 19,989 तक पहुंच चुका है।

अमृत सरोवर योजना का उद्देश्य केवल पुराने जल स्रोतों का संरक्षण करना नहीं है, बल्कि वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देकर भूजल स्तर में सुधार लाना भी है।

इन सरोवरों के माध्यम से किसानों को सिंचाई के लिए अतिरिक्त जल उपलब्ध हो रहा है, जिससे कृषि गतिविधियों को मजबूती मिल रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में जल उपलब्धता बढ़ने के साथ पर्यावरणीय संतुलन को भी बल मिला है।

### अन्य राज्यों के लिए बना मॉडल

ग्राम्य विकास विभाग के अनुसार, अमृत सरोवर योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के कारण उत्तर प्रदेश देश के अन्य राज्यों के लिए एक मॉडल के रूप में उभरकर सामने आया है। जल संरक्षण, पर्यावरण सुधार और ग्रामीण रोजगार को एक साथ जोड़ने वाली यह पहल प्रदेश में ग्रामीण समृद्धि और आत्मनिर्भरता को नई गति दे रही है।

# प्रॉपर्टी डीलर संदीप सिंह की हत्या में फरार एक लाख का इनामी गिरफ्तार

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश की स्पेशल टॉस्क फोर्स (एसटीएफ) ने प्रॉपर्टी डीलर संदीप सिंह की हत्या में फरार चल रहे एक लाख रुपये के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। उसके पास से हत्या में इस्तेमाल तमंचा मय कारतूस और अन्य चीजें बरामद हुई हैं।



एसटीएफ के अपर पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार ने गुरुवार को बताया कि 27 मई को प्रापर्टी डीलर संदीप सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में एसटीएफ ने मुख्य साजिशकर्ता और शूटरों की व्यवस्था करने वाले अभियुक्त गंगाराम को गिरफ्तार किया था। वहीं, मुख्य शूटर संजय उर्फ संजीव मुठभेड़ में मारा गया था। उसके साथी सचिन की तलाश की जा रही थी, जिस पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित था।

एसटीएफ की टीम वांछित अभियुक्त की तलाश में लखनऊ, अयोध्या, बस्ती, अम्बेडकर नगर के अलावा महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में तलाश की जा रही थी। इसी क्रम में बुधवार की रात को एक सूचना मिली कि वांछित एक लाख का इनामी सचिन किसान पथ ओवर ब्रिज के नीचे डालौना के पास किसी से मिलने के आ रहा है। इसके बाद एसटीएफ ने पीजीआई थाना पुलिस के सहयोग से वांछित सचिन को गिरफ्तार कर लिया है।

पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि घटना के समय वह मोटर साइकिल चला रहा था। बाइक पर पीछे बैठे संजय ने गोली मारकर संदीप की हत्या की थी। हत्या की वजह दिनेश और संदीप के बीच की चल रही दुश्मनी थी। दिनेश के कहने पर ही हम लोगों ने रुपये लेकर संदीप की हत्या की थी। पुलिस ने सचिन की निशानदेही पर उस तमंचा को भी बरामद कर लिया जिससे संदीप की हत्या की गई थी। एसटीएफ ने अग्रिम कार्रवाई के अभियुक्त को पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

## खबरें एक नजर में

### दो कीटनाशी दुकानें निरीक्षण में बंद, कारण बताओ नोटिस जारी

**शाहजहांपुर।** शासन द्वारा प्राप्त रेडियो ग्राम के क्रम में डीएम के आदेशानुसार जिला कृषि अधिकारी एवं जिला कृषि रक्षा अधिकारी के साथ एसडीएम की कुल 2 निरीक्षकों की संयुक्त टीम गठित कर विभिन्न तहसीलों में छापेमारी की कार्यवाही की गई। जिसमें जनपद में गठित टीम द्वारा 15 कीटनाशी परिसरों पर निरीक्षण कर 9 कीटनाशी नमूने भरे गये। कीटनाशी प्रतिष्ठान पर अनियमितता पाए जाने के क्रम में 4 दुकानों को चेतावनी जारी की गयी तथा 2 कीटनाशी दुकानें जो बन्द पाई गयी, उनको कारण बताओ नोटिस जारी किये गये।

### विश्वविद्यालय में चार संकायों के नए संकायाध्यक्ष नामित

**शाहजहांपुर।** स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय, में विश्वविद्यालय अधिनियम-1973 की धारा 27(4) के अंतर्गत कुलपति प्रो. पुष्पेंद्र बहादुर सिंह के आदेशानुसार चार संकायों के लिए नए संकायाध्यक्षों (डीन) की नियुक्ति की गई है। यह निर्णय सेवानिवृत्ति अथवा अधिवर्षता आयु प्राप्त करने के कारण रिक्त हुए पदों के सापेक्ष लिया गया है। जारी कार्यालय-ज्ञाप के अनुसार कृषि संकाय के संकायाध्यक्ष पद पर गांधी फैज-ए-आम कॉलेज के जंतु विज्ञान विभाग की प्रो. अरीब अंजुम रहमान को तदर्थ रूप से नामित किया गया है। वाणिज्य संकाय के संकायाध्यक्ष के रूप में विश्वविद्यालय कैम्पस के प्रो. देवेन्द्र सिंह को दायित्व सौंपा गया है। इसके अतिरिक्त विज्ञान संकाय का दायित्व भी प्रो. अरीब अंजुम रहमान को तथा व्यवसाय प्रबंधन संकाय के संकायाध्यक्ष पद पर प्रो. देवेन्द्र सिंह को तदर्थ रूप से नामित किया गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार नामित संकायाध्यक्षों का कार्यकाल अधिवर्षता आयु प्राप्त करने अथवा तीन वर्ष की अवधि पूर्ण होने तक जो भी पहले हो प्रभावी रहेगा।

### भोला यादव बने हिंसेरां के जिलाध्यक्ष

**तिलहर-शाहजहांपुर।** हिन्दू सेवा संगठन भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगी महंत अनिल नाथ महाराज ने तिलहर क्षेत्र के गांव शिवदास पुर निवासी भोलाराम सिंह यादव पुत्र जदुवीर सिंह को अधिकृत प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। उन्होंने गौ रक्षा समेत विभिन्न धार्मिक क्रिया कलापों में सक्रिय रहकर संगठन को मजबूर और ऊर्जावान बनाने की अपेक्षा की है। भोला राम यादव के जिलाध्यक्ष बनने पर तमाम शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### आत्मा गवर्निंग बोर्ड बैठक में कृषि योजनाओं को शत-प्रतिशत लागू करने के निर्देश

**शाहजहांपुर।** डीएम धर्मेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कृषि तकनीकी प्रबंध अभिकरण आत्मा गवर्निंग बोर्ड की बैठक आयोजित की गयी, जिसमें सीडीओ उत्कर्ष द्विवेदी, उप कृषि निदेशक पीके मिश्र, जिला कृषि अधिकारी विकास किशोर, अग्रणी जिला प्रबन्धक, प्रभारी कृषि विज्ञान केन्द्र, जिला कृषि रक्षा अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, जिला गन्ना अधिकारी, परियोजना निदेशक (जिला ग्राम्य विकास अभिकरण), मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, सहायक निदेशक मत्स्य, डीडीएम नाबार्ड, स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं प्रगतिशील कृषकों ने प्रतिभाग किया। बैठक के दौरान कृषि तकनीकी प्रबंध अभिकरण (आत्मा) योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन, त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम, उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम, नेशनल मिशन ऑन एडिबिल ऑयल, सब मिशन आन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन, प्रमोशन आफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन फार इन-सीटू मैनेजमेन्ट आफ क्राप रेजिड्यू, नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग, परम्परागत कृषि विकास, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि तथा डिजिटल क्रॉप सर्वे योजना जैसी विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की गई। समीक्षा के उपरांत डीएम द्वारा अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए गए कि इन सभी कल्याणकारी योजनाओं का कृषकों के मध्य व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए और सभी योजनाओं को निर्धारित समय-सीमा के भीतर शत-प्रतिशत रूप से पूरी पारदर्शिता के साथ क्रियान्वित किया जाए ताकि जनपद के किसानों को इनका समय और उचित लाभ मिल सके।

### आलू बीज की मांग व आलू विकास नीति के अन्तर्गत करें आवेदन

**शाहजहांपुर।** कृषकों में नगद मूल्य पर उच्च गुणवत्ता के आलू बीज वितरण के लिए आलू बीज की मांग चाही गई है। उद्यान विभाग के पास आधारीय श्रेणी का कुफरी बहार, कुफरी चिप्सोना 1 एवं कुफरी चिप्सोना 3, कुफरी पुखराज, कुफरी सिन्दूरी, कुफरी बादशाह, कुफरी आनन्द, कुफरी सूर्या, कुफरी मोहन, कुफरी फ्राइसोना, कुफरी गौरव, कुफरी संगम एवं कुफरी ख्याति प्रजाति का आलू बीज किसानों के मध्य विभागीय मूल्य पर वितरण के लिए उपलब्ध है, के क्रम में जो कृषक आलू उत्पादन हेतु उद्यान विभाग द्वारा उच्च गुणवत्ता युक्त आलू बीज लेना चाहते है। वह अपनी मांग 14 जुलाई तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी भूतल विकास भवन में उपलब्ध करा सकते है। जिला उद्यान अधिकारी पुनीत कुमार पाठक ने बताया कि इसके अतिरिक्त विभाग में संचालित सरकार की महत्वाकांक्षी योजना आलू विकास नीति-2014 के अन्तर्गत कृषक प्रक्षेत्रों पर प्रसंस्कृत प्रजातियों तथा कुफरी चिप्सोना 1 एवं चिप्सोना 3, कुफरी फाईसोना एवं कुफरी सूर्या इत्यादि के आलू बीज उत्पादन प्रोत्साहन अन्तर्गत किसानों को अपने प्रक्षेत्र पर प्रसंस्कृत प्रजाति के आलू बीज की बुवाई के पश्चात राज्य बीज प्रमाणीकरण संस्था से पंजीकरण, निरीक्षण, ग्रेडिंग, पैकिंग एवं टैगिंग कराने के उपरान्त 25,000 रुपये प्रति हेक्टेयर की दर से अनुदान दिए जाने का प्राविधान है। योजनान्तर्गत वर्ष 2026-27 में प्रदेश को 104 हेक्टेयर का भौतिक लक्ष्य प्राप्त हुआ है। कुफरी चिप्सोना 1 एवं कुफरी चिप्सोना-3, कुफरी फाईसोना एवं कुफरी सूर्या प्रजाति का आलू बीज आलू विकास नीति-2014 के अन्तर्गत प्रसंस्करण प्रजाति के आलू बीज उत्पादन के लिए ही वितरित किया जाएगा, इन प्रजातियों की मांग के बाद ही सर्वप्रथम उक्त प्रजाति केवल आलू विकास नीति-2014 के अन्तर्गत बीज उत्पादन के लिए किया जाएगा। किसानों से अनुरोध है कि अपनी आलू बीज की मांग व आलू विकास नीति 2014 के अन्तर्गत जल्द से जल्द आवेदन करना सुनिश्चित करें, जिससे योजना का लाभ मिल सके।

### वेदांता हॉस्पिटल के निशुल्क कैंप में 150 मरीजों का हुआ परीक्षण

**विधायक सलोना कुशवाहा ने फीता काटकर किया शुभारंभ**



**तिलहर-शाहजहांपुर।** नगर की शाह शमशुद्दीन मियां बड़ी मस्जिद के निकट वेदांता हॉस्पिटल बरेली की ओर से मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। जिसका विधायक सलोना कुशवाहा ने फीता काटकर शुभारंभ किया। कैंप में 150 मरीजों का परीक्षण किया गया। गुरुवार को नगर के मोहल्ला कच्चा कटरा स्थित बड़ी मस्जिद के निकट वेदांता हॉस्पिटल के द्वारा एक निशुल्क मेडिकल परामर्श और जांच कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का उद्घाटन फीता काटकर स्थानीय विधायक सलोना कुशवाहा ने किया। भाजपा विधायक ने कहा कि स्वस्थ शरीर के लिए रोगों का नाश होना आवश्यक है। जिसके लिए जांचें अपना अहम रोल अदा करती हैं। इस दौरान कैंप में मौजूद स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर माही फैज और हड्डी जोड़ रोग एवं सर्जन डॉ इरफान सिद्दीकी ने यहां आए हुए 200 से अधिक मरीजों को परामर्श दिया। वहीं 150 मरीजों की निशुल्क जांचें भी की गई। कैंप के दौरान अच्छन मियां, काशिफ मियां, व्यापार मंडल अध्यक्ष सौरभ गुप्ता रवि, भाजपा ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष राम लखन कुशवाहा, राजीव वर्मा, लालू लाल आदि मौजूद रहे।

# पालिका बोर्ड बैठक में 45 करोड़ 70 लाख का बजट पारित

**सदन में आउट सोर्सिंग कर्मचारियों की भर्ती मुद्दा गूंजा**

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

नगर पालिका परिषद की लंबे अरसे से टल रही बजट बोर्ड बैठक सभासदों के मान मनव्वल के बाद गहमा गहमी के बीच आखिरकार सम्पन्न हो गई। जिसमें वित्तीय वर्ष 2026 - 27 के लिए सर्व सम्मति 45 करोड़ 70 लाख रुपए का बजट पारित किया गया। वहीं सभासदों ने कुछ मुद्दों पर चेयरपर्सन हाजरा बेगम को घेरने की कोशिश की। गुरुवार को अपरान्ह ढाई बजे पालिका सभागार में बजट बोर्ड बैठक आहूत की गई थी। बरसात के चलते सवा तीन बजे



चेयरपर्सन हजारा बेगम की अध्यक्षता बैठक शुरू हो सकी। ईओ सुनील कुमार के सानिध्य में बजट प्रस्ताव पर चर्चा शुरू हुई। जिसमें वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 45 करोड़ 70 लाख की आय, पैंतालीस करोड़ छब्बीस लाख व्यय के साथ ही चैवालीस लाख रुपए की बचत का प्राविधान किया गया। जिसे सर्व सम्मति से पारित कर दिया गया। इस दौरान हमेशा की तरह आउट सोर्सिंग कर्मचारियों की भर्ती घोटाले का मुद्दा सदन में गूंजता नजर आया। बैठक में सभासद अभिषेक सिंह, सत्येंद्र सिंह सुशील, संदीप रस्तोगी, दिलीप सक्सेना, राधारमण मिश्रा, साजिद हुसैन उर्फ सोनी, गंगा सहाय, कय्यूम खान, आसिफ खान, शानू हुसैन, राखी गुप्ता, स्वाति महरोत्रा, नामित सभासद सविता पटेल, आशीष शर्मा, कश्यप सेठी, पवन कुमार, आरआई सुशांत कुमार, जेई निर्माण पीयूष मिश्रा, जेई जलकल नितिन गुप्ता, सफाई निरीक्षक राजीव कुमार, प्रधान लिपिक अय्यूब हुसैन, संपत्ति लिपिक कमलदीप श्रीवास्तव, सफाई लिपिक इस्लाम अली, जलकल लिपिक शाजिल अली खान समेत स्टाफ मौजूद रहा।

## कम्प्यूटर प्रशिक्षण की आनलाइन तिथि बढ़ी

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

वित्तीय वर्ष 2026-27 में कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजनान्तर्गत पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा विभागीय वेबसाइट पर शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट पास बेरोजगार इच्छुक युवक-युवतियों को कम्प्यूटर प्रशिक्षण हेतु ऑनलाइन आवेदन किये जाने तथा समस्त अभिलेख विभागीय कार्यालय में जमा किये जाने हेतु तिथि बढ़ाते हुए 20 जुलाई निर्धारित कर दी गयी है। उक्त निर्धारित तिथि तक ऑनलाइन आवेदन कर आवेदन मय संलग्नक-प्रिन्ट आउट कार्यालय जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, विकास भवन, कक्ष सं0-307 में जमा करेंगे। जानकारी जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी प्रसून राय ने दी।

## पति को जूस लाने के लिए भेजकर पत्नी प्रेमी के साथ हुई फरार

**पुवायां, शाहजहांपुर।** नवविवाहित अपने पति के साथ पुवायां आई थी। जिसके बाद पति को जूस लाने के लिए भेजकर अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई। जब उसका पति जूस लेकर वापस आया तो पत्नी की तलाश शुरू की ओर आसपास के लोगों से पूछा तो लोगों ने बताया कि महिला गाड़ी में बैठकर चली गई है। जिसके बाद उसने अपने परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुँचे परिजनों ने कोतवाली में तहरीर दी। साथ ही बताया कि लाखों का जेवर लेकर प्रेमी के साथ फरार हो गई है। थाना क्षेत्र के गांव सिरखिड़ी निवासी एक युवक की 7 जुलाई को गोला क्षेत्र की एक युवती के साथ शादी हुई थी। बुधवार को वह विदाई कराकर

**2 दिन पूर्व हुई थी शादी, पत्नी को पुवायां चूड़ी पहनाने आया था पति**

वापस अपने गांव पहुँचा, जहां धूमधाम से परिजनों ने जश्न मनाया। लेकिन गुरुवार को उसने अपने पति से कहा की मेरे पेट मे दर्द हो रहा है मुझे पुवायां से दवाई दिलाकर ले आओ। पति ने अपनी पत्नी की बात मानकर उसे दवाई दिलाने के लिए पुवायां लेकर आया ओर दवाई दिलाई। जब वह पत्नी को बाइक पर बैठाकर घर जा रहा था तभी पत्नी ने कहा कि हमे चूड़ी पहननी है बाद में वह बाइक लेकर चूड़ी पहनाने के लिए राजीव चैक पर पहुंचा, तभी पत्नी ने कहा उसे जूस पीना है। पति जूस लेने के लिए दुकान पर गया। उसी समय प्रेमी के साथ गाड़ी में बैठकर रफूचक्कर हो गई। जब वह जूस लेकर पहुँचा तो उसने देखा कि पत्नी गायब है। इधर उधर के दुकानदारों से महिला के बारे में जानकारी ली तो कुछ लोगों ने बताया कि वह गाड़ी में बैठकर किसी के साथ चली गई है। जिसके बाद युवक ने अपने परिजनों को सूचना दी सूचना पर पुवायां पहुँचे परिजनों ने कोतवाली में तहरीर दी। साथ ही बताया कि वह करीब एक लाख रुपए के जेवर लेकर अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई है।

## रामपुर तलकुआं में आपदा प्रबंधन-प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण आयोजित

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

पूर्व मानसून तैनाती के अंतर्गत वर्तमान में हनुमतधाम आश्रय भवन में तैनात 8वीं वाहिनी, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल एनडीआरएफ की 8 एम टीम द्वारा जनजागरूकता एवं सामुदायिक क्षमता निर्माण अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में रामपुर तलकुआं अजीजगंज में सहायक उप निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह के नेतृत्व में एनडीआरएफ टीम द्वारा आपदा प्रबंधन एवं जीवनरक्षक प्राथमिक उपचार विषय पर एक विशेष जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित, प्रभावी एवं सुरक्षित प्रतिक्रिया हेतु



आवश्यक कौशल प्रदान करना था। प्रतिभागियों को रक्तस्राव नियंत्रण, स्प्लिंटिंग, सीपीआर, श्वासनली अवरोध से निपटने की तकनीक, आपातकालीन एवं गैर-आपातकालीन निकासी की विधियाँ, बाढ़ के दौरान उपलब्ध संसाधनों से अस्थायी उपकरण तैयार करने की प्रक्रिया तथा विभिन्न प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं के दौरान अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों की जानकारी प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त एनडीआरएफ टीम द्वारा सभी तकनीकों का व्यावहारिक प्रदर्शन भी किया गया, जिससे प्रतिभागियों ने आपदा की स्थिति में स्वयं एवं अन्य व्यक्तियों की सुरक्षा तथा सहायता से संबंधित महत्वपूर्ण कौशल अर्जित किए। कार्यक्रम में लेखपाल बबलू, स्थानीय ग्रामीण, स्वयंसेवक आदि मौजूद रहे।

## डीएम-एसपी सम्मानित



**शाहजहांपुर।** सावन कृपाल रूहानी मिशन के अध्यक्ष संत राजेंद्र सिंह महाराज के 14 वा 15 अप्रैल के रैली ग्राउंड बरेली मोड में आगमन पर आयोजित आध्यात्मिक सत्संग कार्यक्रम में डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह तथा एसपी सौरभ दीक्षित का कार्यक्रम के सफल आयोजन में सराहनीय प्रशासनिक सहयोग एवं मार्गदर्शन रहा। कृपाल आश्रम की प्रबंध समिति अध्यक्ष गिरीश चंद्र गुप्ता, सेक्रेटरी डॉ. कैलाश चंद रस्तोगी, अनिल अग्रवाल, राम कुमार मौर्य, उद्योगपति एवं इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार अग्रवाल ने प्रशस्ति पत्र देकर तथा शॉल उड़ाकर डीएम व एसपी को सम्मानित किया तथा उनका आभार व्यक्त किया। कृपाल आश्रम की प्रबंध समिति ने उनके रचनात्मक सहयोग के लिए उद्योगपति तथा पूर्व आईआईए अध्यक्ष अशोक कुमार अग्रवाल, राइस मिलर प्रमोद अग्रवाल को भी प्रशस्ति पत्र भेंट कर तथा शॉल उड़ाकर सम्मानित किया।

## दो साल बीते, लेकिन नहीं मिल सका ओवरहेड टैंक से ग्रामीणों का पानी

**कांट, शाहजहांपुर।** बांसखेड़ा गांव में बना ओवरहेड टैंक सफेद हाथी साबित हो रहा हैं। दो साल बीत जाने के बाद भी ओवरहेड टैंक से पूरे गांव में पानी की सप्लाई शुरू नहीं हो पाई। मोटर से सीधे पानी सप्लाई भी आधे गांव में ही पहुंच पा रहा है। जिससे ग्रामीणों को पेयजल की समस्या से जूझना पड़ रहा है।कई बार शिकायत पर भी समस्या का समाधान नहीं हुआ। रविंद्र सिंह, वीरेंद्र पाल सिंह, बाबू सिंह, कल्लू सिंह, रामकुमार ने बताया कि इनके मोहल्ले में पानी नहीं जा रहा। जिससे काफी परेशानी हो रही है। कई बार शिकायत पर भी जल निगम द्वारा ध्यान नहीं दिया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि ऊंचाई वाले मोहल्लों में पानी नहीं पहुंच पा रहा। जिससे इस भीषण गर्मी में खेड़ा मोहल्ले के घरो में पानी का संकट



बना हुआ है। अधिशासी अभियंता सनी सिंह ने बताया कि ऊंचाई की वजह से पानी नहीं चढ़ रहा है जल्द ही बाल लगाकर पूरे गांव में जल आपूर्ति सुनिश्चित की जायेगी।

## नगर पंचायत में बिना ऐस्टीमेट निविदा के कराये जा रहे काम, चेयरमैन ने किया खुलासा

**बंडा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत में स्टाफ और चेयरमैन के बीच मतभेद होने पर परतें खुलती जा रही हैं अध्यक्ष ने बिना निविदा एस्टीमेट के कूड़ा दान के लिए टीन सेट डलवाए जाने और अंत्येष्टि स्थल पर अतिरिक्त कार्य कराए जाने का खुलासा किया है जिसका सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो रहा है। नगर पंचायत बंडा में अध्यक्ष और स्टाफ के बीच बात बिगड़ने पर खामियों का खुलासा किया जा रहा है। मोहल्ला धर्मापुर के पश्चिम बस्ती के निकट कूड़ा दान हेतु टीन सेट दो माह पूर्व बिना एस्टीमेट और निविदा निकाले और बिना बैठक के डलवा दिया गया जिसमें कर्मचारी काम भी



कर रहे हैं। इसके अलावा इसी मोहल्ले में अंत्येष्टि स्थल का भी अतिरिक्त कार्य करा दिया गया जिसकी भी कोई निविदा नहीं निकाली गई वीडियो वायरल होने के बाद नगर पंचायत में हड़कंप मचा हुआ। अधिशासी अधिकारी अजय सिंह ने बताया कि जो टीन सेट धर्मापुर में डाला गया है उसका अभी तक कोई भुगतान नहीं किया गया।

## भाई की हत्या के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** सदर बाजार पुलिस ने भाई की हत्या के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अभिषेक 19 पुत्र राजपाल के रूप में हुई है, जो मूल रूप से पीलीभीत जिले का निवासी है और वर्तमान में बहादुरपुरा क्षेत्र में रह रहा था। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी पुराने पोस्टमार्टम हाउस के पास कहीं जाने की फिराक में खड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और उसे गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक एंड्रॉयड मोबाइल फोन, 270 रुपये नकद तथा आधार कार्ड की छायाप्रति बरामद हुई। यह कार्रवाई



हत्या के मामले में दर्ज मुकदमे की विवेचना के दौरान की गई। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी की। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया,जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## महापौर ने निगम कार्यालय के आसपास वर्षा से प्रभावित जगहों का किया निरीक्षण

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

लगातार हो रही वर्षा के दृष्टिगत आज महापौर अर्चना वर्मा ने नगर निगम कार्यालय के आसपास वर्षा के कारण उत्पन्न जलभराव की स्थिति का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जल निकासी व्यवस्था का अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों से मौके पर ही आवश्यक जानकारी प्राप्त की। महापौर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि नगर निगम कार्यालय के आसपास जलभराव वाले स्थानों से तत्काल पानी की निकासी सुनिश्चित की जाए, नालियों की सफाई में तेजी लाई जाए



तथा वर्षा के दौरान आवागमन में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न होने पाए। उन्होंने कहा कि नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समयबद्ध रूप से सुनिश्चित की जाएं तथा क्षेत्र की निरंतर निगरानी की जाए। महापौर ने कहा कि नगर निगम जनसुविधाओं के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है और वर्षा के दौरान उत्पन्न होने वाली समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए अधिकारी पूरी सक्रियता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। इस दौरान नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी आईएएस सहित निगम के संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## तालाब में मगरमच्छ देखे जाने से ग्रामीणों में दहशत

**बंडा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

गांव के निकट तालाब में मगरमच्छ देखे जाने से ग्रामीणों में दहशत बनी हुई है गांव वालों ने वन विभाग के अधिकारियों से पकड़वायें जाने की मांग की है। गांव कमालपुर के संतोष सिंह, नन्हे सिंह, रामकिशोर, रुपेश, रिंकू रवि भारती आदि लोगों ने बताया कि उनके गांव के दक्षिण भूमि सेन बाबा स्थान के पास तालाब में मगरमच्छ आ गया है जिससे छोटे-छोटे बच्चों को खतरा बना हुआ है। रेंजर दिनेश बडोला ने बताया कि टीम भेज कर मगरमच्छ को पकड़वाया जाएगा।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाहः 192 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

**बारिश के बावजूद उत्साह से संपन्न हुआ शादी समारोह**

**कांट, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र स्थित राजकीय पॉलीटेक्निक परिसर में बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत विकासखंड कांट, ददरौल, भावलखेड़ा एवं मदनापुर के 192 जोड़ों का विवाह वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न कराया गया। प्रतिकूल मौसम और बीच-बीच में हुई बारिश के बावजूद आयोजन पूरे उत्साह और धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुआ। नवविवाहित जोड़ों और उनके परिजनों ने सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना की सराहना करते हुए इसे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए बड़ी राहत बताया।

सुबह से ही चारों विकासखंडों से आए



लाभार्थी एवं उनके परिजन समारोह स्थल पर पहुंचने लगे थे। कार्यक्रम के दौरान अचानक मौसम बदल गया और तेज बारिश शुरू हो गई। बारिश के चलते कुछ देर के लिए व्यवस्थाओं पर असर पड़ा तथा आयोजन स्थल पर जलभराव और कीचड़ की स्थिति बन गई। प्रशासन एवं आयोजन समिति के कर्मचारियों ने तत्काल सक्रियता दिखाते हुए व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया और उपहार सामग्री सहित अन्य आवश्यक सामान को सुरक्षित कराया। बारिश थमने के बाद विवाह की सभी रस्में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संपन्न कराई गईं।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में ददरौल विधायक अरविंद कुमार सिंह शामिल हुए। उन्होंने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के लिए अत्यंत लाभकारी योजना है। इससे बेटियों के विवाह का आर्थिक बोझ कम होता है तथा दहेज प्रथा और फिजूलखर्ची पर अंकुश लगाने के साथ सामाजिक समरसता को भी बढ़ावा मिलता है। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना भी उसी सोच का परिणाम है, जिसके माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों का सम्मानपूर्वक विवाह कराया जा रहा है। उन्होंने सभी नवविवाहित जोड़ों के सुखद, समृद्ध एवं मंगलमय दांपत्य जीवन की कामना की। बारिश के कारण कुछ समय के लिए लोगों को असुविधा अवश्य हुई, लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। समारोह में मौजूद लोगों ने सरकार की इस योजना को समाज के गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के लिए महत्वपूर्ण पहल बताते हुए इसकी सराहना की। पूरे आयोजन के दौरान धार्मिक वातावरण, वैदिक मंत्रोच्चार और पारंपरिक रीति-रिवाजों के बीच 192 जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधे और नवजीवन की शुरुआत की।

## आबकारी के 102 मामलों की 923 लीटर शराब कराई गई नष्ट



**तिलहर-शाहजहांपुर।** कोर्ट के आदेश पर वर्ष 2025 व 2026 के कुल 102 अभियोजन में कुल 884 लीटर कच्ची शराब तथा 39 लीटर देशी शराब नष्ट की गई। गुरुवार को कोतवाल प्रिंस शर्मा व इंस्पेक्टर क्राइम सुनील यादव के सानिध्य में हेड मोहर्रिर धीर सिंह ने कोतवाली परिसर में एक विशाल काय गड्ढा खुदबाया। जिसमें वर्ष 2025 के 78 माल तथा वर्ष 2026 के 24 माल आबकारी अधिनियम के कुल 102 अभियोगों में 884 लीटर कच्ची शराब व 39 लीटर देशी शराब (156 पव्वा) कुल 923 लीटर शराब नष्ट कराई गई। हेड मोहर्रिर श्री सिंह ने बताया कि सिविल जज (जू.डि.)/जेएम तिलहर के 17 जून 2026 के आदेश के अनुपालन उक्त अवैध शराब नष्ट कराई गई है।

## खबरें एक नजर में

### दीवार गिरने से युवक गम्भीर रूप से घायल

**तिलहर-शाहजहांपुर।** जानवर खोलते समय दीवार गिरने से ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे सीएचसी से जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। तहसील क्षेत्र के गांव उखली में बुधवार शाम हुई बरसात के चलते एक दीवार गिरने से उसके नीचे दबकर 28 वर्षीय युवक रतिपाल घायल हो गया।घायल युवक को परिजन आनन-फानन में तिलहर सीएचसी लेकर पहुंचे जहां से गंभीर हालत के चलते घायल को जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है।

### बाइक फिसलने से व्यक्ति घायल




**तिलहर-शाहजहांपुर।** सड़क पर बाइक फिसल जाने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे गंभीरावस्था में सीएचसी से जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। गुरुवार को निगोही थाना क्षेत्र के ग्राम इटउआ निवासी धर्मपाल पुत्र खेमकरण 40 बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान उनकी बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से उन्हें सीएचसी लाया गया जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

### बीडीओ ने सांडों और गायों को पकड़वाकर पशुशाला भेजवाया

**पुवायां, शाहजहांपुर।** सड़कों और इधर-उधर खुलेआम आवारा घूम रहे सांडों और गायों को खंड विकास अधिकारी ने पकड़वाकर गौशाला तथा नंदी शाला में भिजवाए हैं। बीडीओ राम प्रकाश राना ने बताया है डीएम के निर्देश पर पशुओं को पकड़ने का अभियान चल रहा है। जिसमें गांव गंगसरा बितोनी, पकड़िया हकीम, महुआ पाठक, करनापुर, सकरापुर गांव में घूम रहे आवारा पशुओं को लोगों की मदद से पकड़वाकर नंदी शाला तथा गौशाला में भेजें हैं। लगभग अब तक 230 के करीब पशुओं को पकड़ा है। जिन्हें पकड़ने में ग्राम विकास अधिकारी नागेंद्र कुमार, राज नारायण सिंह, देशराज सिंह और ग्राम प्रधान शामिल रहे।

# एक्शन: खाद्य सुरक्षा नियम तोड़ने वालों पर सख्ती, 21 मामलों में 15.10 लाख का जुर्माना

- अपर जिलाधिकारी प्रशासन न्यायालय द्वारा 1 अप्रैल से 30 जून के मुकदमों में सुनाया गया फैसला



**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के उल्लंघन पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। न्याय निर्णायक अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी प्रशासन न्यायालय द्वारा 1 अप्रैल से 30 जून 2026 के बीच खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत दर्ज 21 मामलों का निस्तारण किया गया। सुनवाई के दौरान विभिन्न खाद्य कारोबारियों, विक्रेताओं एवं निर्माता कंपनियों को नियमों के उल्लंघन का दोषी पाए जाने पर रु.35 हजार से रु.1.40 लाख तक का अर्थदंड लगाया गया। सभी मामलों में कुल रु.15.10 लाख का जुर्माना अधिरोपित किया गया है। प्रशासन का कहना है कि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता से समझौता करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी प्रकार प्रभावी कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि आम उपभोक्ताओं को सुरक्षित एवं मानक के अनुरूप खाद्य सामग्री उपलब्ध हो सके।

> न्यायालय द्वारा खाद्य सुरक्षा मामलों में बड़ी कार्यवाही की गई है। जिसमें 21 दुकानदारों को अलग अलग मामलों में 15 लाख तक का जुर्माना आरोपित किया गया है। यह कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी। खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों को बक्शा नहीं जाएगा।
>
> -रजनीश कुमार मिश्रा, एडीएम प्रशासन

**21 दुकानदारों पर 15 लाख 10 हजार का जुर्माना**

1 लाख 10 हजार, 1 लाख 40 हजार, 1 लाख 40 हजार, 1 लाख 15 हजार, 45 हजार, 40 हजार, 45 हजार, 1 लाख 15 हजार, 1 लाख 15 हजार, 40 हजार, 35 हजार, 40 हजार, 1 लाख 5 हजार, 1 लाख 15 हजार, 45 हजार, 40 हजार, 70 हजार, 45 हजार, 40 हजार, 35 हजार, 35 हजार कुल 15 लाख 10 हजार का जुर्माना 21 दुकानदारों पर लगाया गया है।

## जिला बदर तमंचा के साथ धरा गया




**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली पुलिस ने जिला बदर अपराधी को तमंचा के साथ गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया हैं, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। कोतवाली के मोहल्ल नवादा इंदेपुर निवासी पवन कुमार भारती उर्फ कल्लू राइडर को 7 जून को 6 माह के लिए जिला बदर किया गया था। बीती रात्रि कोतवाली पुलिस ने मुखिबर की सूचना पर आरोपी को अजीजगंज गर्रा नदी के किनारे से गिरफ्तार किया, जिसके कब्जे से एक तमंचा और एक कारतूस बरामद किया। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करने के बाद उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसआई सुशांत रावत, हेड कास्टेबिल महेशपाल सिंह, मुनीम मालिक, सिपाही अभयवीर सोम आदि रहे।

## लेखपाल ने सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों पर दर्ज कराया मुकदमा

- राजस्व विभाग को दो आरोपियों पर 1 लाख 11 हजार रूपए की क्षति का आरोप, पुलिस ने शुरू की जांच

**रोजा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

थाना रोजा क्षेत्र में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करने और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के मामले में राजस्व विभाग की तहरीर पर पुलिस ने दो आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ग्राम टोनी निवासी सतीश बाजपेयी ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर गांव की नाली पर अवैध कब्जे की शिकायत की थी। शिकायत के बाद 2 अप्रैल 2026 को राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर नाली की पैमाइश कराई और कब्जा हटवाकर भूमि को कब्जामुक्त कराया था। आरोप है कि इसके बाद रजनीश कुमार पुत्र बहादुर तथा तपन बाजपेयी पुत्र रामनाथ बाजपेयी ने दोबारा नाली पर कब्जा कर लिया। पुनः शिकायत मिलने पर 19 मई 2026 को राजस्व विभाग ने फिर से पैमाइश कर नाली को कब्जामुक्त कराया, लेकिन आरोपितों ने दोबारा नाली को जोतकर अपने खेत में मिला लिया, जिससे सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचा। राजस्व विभाग के मुताबिक इस कृत्य से लगभग 1 लाख 11 हजार रुपये मूल्य की सरकारी संपत्ति को क्षति पहुंची है। मामले में लेखपाल सुरेंद्र सिंह की तहरीर पर थाना रोजा पुलिस ने सार्वजनिक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम की धारा 2/3 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। थानाध्यक्ष उमेश कुमार मिश्र का कहना है कि लेखपाल की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## सीओ ने थाना खुदागंज में की समीक्षा बैठक, लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण के निर्देश

**खुदागंज, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



क्षेत्राधिकारी इशिका सिंह ने थाना खुदागंज में समस्त पुलिस स्टाफ के साथ समीक्षा बैठक कर कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण एवं लंबित विवेचनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने विवेचकों को निर्देशित किया कि सभी लंबित विवेचनाओं का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि वादियों को समय पर न्याय मिल सके। उन्होंने अपराधियों के सत्यापन अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने, हिस्ट्रीशीटरों (एचएस) की नियमित निगरानी रखने तथा क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक के दौरान क्षेत्राधिकारी ने सभी पुलिसकर्मियों को वादियों के साथ संवेदनशील एवं सम्मानजनक व्यवहार करने तथा उनकी शिकायतों का निष्पक्ष एवं त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा अपराधियों के विरुद्ध कानून के अनुरूप कठोर एवं प्रभावी कार्रवाई करने पर भी जोर दिया। बैठक में थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार मौर्य सहित समस्त पुलिस स्टाफ उपस्थित रहा। अंत में क्षेत्राधिकारी ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशों का पूर्ण निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ पालन करने तथा क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश दिए।

## डीएम की अध्यक्षता में 'आत्मा' गवर्निंग बोर्ड की बैठक संपन्न

- कृषि योजनाओं को शत-प्रतिशत व ससमय लागू करने के निर्देश
- डीएम ने जनपद में फूड फेस्टिवल आयोजित कराने के दिए निर्देश

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कृषि तकनीकी प्रबंध अभिकरण (आत्मा) गवर्निंग बोर्ड की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित बिस्मिल सभागार में आयोजित की गयी, जिसमें मुख्य विकास अधिकारी उत्कर्ष द्विवेदी, उप कृषि निदेशक पी0के0 मिश्र, जिला कृषि अधिकारी, अग्रणी जिला प्रबन्धक, प्रभारी कृषि विज्ञान केन्द्र, जिला कृषि रक्षा अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, जिला गन्ना अधिकारी, परियोजना निदेशक (जिला ग्राम्य विकास अभिकरण), मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, सहायक निदेशक मत्स्य, डीडीएम नाबार्ड, स्वयंसेवी संस्थाओं (NGO) के प्रतिनिधि एवं प्रगतिशील कृषकों ने प्रतिभाग किया। बैठक के दौरान कृषि तकनीकी प्रबंध अभिकरण (आत्मा) योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन, त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम, उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम, नेशनल मिशन ऑन एडिबिल ऑयल, सब मिशन आन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन, प्रमोशन आफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन फार इन-सीटू मैनेजमून्ट आफ क्राप रेज्डियू, नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग, परम्परागत कृषि विकास, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि तथा डिजिटल क्रॉप सर्वे योजना जैसी विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की गई। समीक्षा के उपरांत जिलाधिकारी द्वारा अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए गए कि इन सभी कल्याणकारी योजनाओं का कृषकों के मध्य व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए और सभी योजनाओं को निर्धारित समय-सीमा के भीतर शत-प्रतिशत रूप से पूरी पारदर्शिता के साथ क्रियान्वित किया जाए ताकि जनपद के किसानों को इनका ससमय और उचित लाभ मिल सके। साथ ही जिलाधिकारी ने जनपद में फूड फेस्टिवल का आयोजन कराए जाने के निर्देश दिए।

## वन विभाग की टीम ने अजगर को रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



गुरुवार दोपहर 11 बजे करीब दो मीटर लंबा एक अजगर सर्प पेड़ पर चढ़ गया। स्थानीय लोगों ने देखने के बाद इसकी जानकारी वन विभाग को दी। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर उसका रेस्क्यू करना शुरू किया। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद टीम ने अजगर का रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ दिया। बुधवार और गुरूवार दो दिन रूक रूककर बारिश हुई। जिसके बाद जीव जन्तु अब निकलना शुरू हो गए हैं। ऐसा एक प्रकरण गुरूवार सुबह करीब 11 बजे सामने आया। पुवायां थाना क्षेत्र के सबली कटेली टोल प्लाजा से करीब सौ मीटर पहले रोड किनारे एक बिजली का खंभा लगा है और उसके बराबर से एक छोटा सा पेड़ है। अजगर उस पेड़ पर चढ़ रहा था। जेसे लोगों ने देखा तो आसपास के लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। अजगर पेड़ पर पूरी तरह से चढ़ चुका था। उसके बाद स्थानीय लोगों ने वन विभाग को सूचना दी। वन दरोगा आदेश कुमार सिंह, वन रक्षक सोनाली पांडेय टीम के साथ मौके पर पहुंच गई। उसके बाद टीम ने एक जाल निकाला और फिर पेड़ हिलाकर पहले उसको पेड़ से नीचे उतारा गया। उसके बाद टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से जाल डाल कर रेस्क्यू कर लिया। वन विभाग की टीम ने उस अजगर का करीब दो घंटे में रेस्क्यू किया। गुरविंदर सिंह ने बताया कि मेरे चंद कदम की दूरी पर अजगर पेड़ पर चढ़ा था। काफी भीड़ लगी थी। वन विभाग ने आने के बाद काफी मशक्कत के बाद उसका रेस्क्यू किया है। वन दरोगा आदेश कुमार सिंह ने बताया कि उनको सूचना मिली थी कि एक अजगर पेड़ पर चढ़ा हुआ है जिसको रेस्क्यू कर लिया और सुरक्षित जंगल में छोड़ा जाएगा।

## कोतवाली के सामने कार का शीशा तोड़कर अंदर घुसा युवक, लोगों ने पकड़कर पुलिस को सौंपा



**सिधौली, शाहजहांपुर।** सिधौली कोतवाली के सामने गुरुवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में काफी देर तक एक कार के चारों ओर घूमता रहा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक पहले कार के शीशे साफ करता दिखाई दिया, जिससे लोगों को किसी अनहोनी की आशंका नहीं हुई। कुछ देर बाद उसने अचानक कार का शीशा तोड़ दिया और वाहन के अंदर घुस गया। युवक की इस हरकत को देखकर आसपास मौजूद लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। लोगों ने उसे कार से बाहर निकाल लिया और पूछताछ की। इस दौरान कुछ लोगों ने युवक की पिटाई भी कर दी। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को भीड़ से छुड़ाकर हिरासत में ले लिया।घटना कोतवाली के ठीक सामने होने के कारण काफी देर तक लोगों की भीड़ जमा रही और मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। पुलिस युवक से पूछताछ कर रही है कि उसने कार का शीशा क्यों तोड़ा और वाहन के अंदर घुसने का क्या उद्देश्य था। समाचार लिखे जाने तक मामले में कोई आधिकारिक जानकारी या तहरीर सामने नहीं आई थी। कोतवाल रविंद्र सिंह ने बताया एक पागल था जिसने शीशा तोड़ दिया था कार के अंदर घुसने की बात सामने नहीं आई है।

## डीएम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय व्यापार बंधु समिति की बैठक सम्पन्न

- व्यापारियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश

**शाहजहांपुर।** डीएम धर्मेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय व्यापार बंधु समिति की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित बिस्मिल सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने व्यापारी बंधुओं की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान दुर्गा एन्क्लेव स्टेट कॉलोनी के सामने नाला निर्माण की मांग पर जिलाधिकारी ने जिला पंचायत को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने पूरे शहर में नियमित रूप से फॉगिंग कराए जाने के निर्देश भी दिए। बहादुरगंज क्षेत्र में स्थित फव्वारे तथा शफी उल्ला टेलर के समीप मौजूद पुराने पेड़ के कारण यातायात प्रभावित होने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग को आवश्यक कार्रवाई करते हुए पेड़ हटाने के निर्देश दिए। व्यापारी बंधुओं ने अवगत कराया कि बहादुरगंज क्षेत्र में सार्वजनिक शौचालय की व्यवस्था न होने से आम जनता को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इस पर जिलाधिकारी ने नगर निगम को आवश्यक कार्यवाही करते हुए शौचालय निर्माण एवं व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बैठक में उठाई गई सभी समस्याओं के संबंध में संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। व्यापारियों द्वारा बिना अनुमति विद्युत भार (लोड) बढ़ाने से संबंधित शिकायतों पर उन्होंने ऐसी शिकायतों के लिए विद्युत विभाग के हेल्पलाइन नंबर 1912 पर सूचना देने की सलाह दी। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने शहर में लगाए गए अवैध विज्ञापनों एवं होर्डिंग्स के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) रजनीश कुमार मिश्र, सहायक आयुक्त (प्रशासन) राज्य कर सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं व्यापारी बंधु उपस्थित रहे।

## उद्यमियों की समस्याओं का त्वरित एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें संबंधित अधिकारी: डीएम

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित बिस्मिल सभागार में जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में उद्योग विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई तथा सभी योजनाओं में नियमित एवं बेहतर प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। साथ ही उद्यमियों की समस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। बैठक के दौरान उपायुक्त उद्योग ने एक जनपद एक उत्पाद की तर्ज पर लागू होने वाली नई योजना एक जनपद एक व्यंजन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। रोजा क्षेत्र में जल निकासी की समस्या को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने नगर निगम को नालों की सफाई एवं आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आगामी कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत उन्होंने मोहम्मदी पुल से सीतापुर बाईपास तक स्ट्रीट लाइट लगाने के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उद्यमियों द्वारा विद्युत बिल समय से प्राप्त न होने की समस्या उठाए जाने पर जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग को निर्देशित किया कि सभी उद्यमियों को प्रत्येक माह समय से विद्युत बिल उपलब्ध कराया जाए, ताकि उन्हें अनावश्यक असुविधा का सामना न करना पड़े। जिलाधिकारी ने कहा कि उद्यमियों की समस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर उद्योगों की स्थापना एवं संचालन के लिए बेहतर वातावरण उपलब्ध कराएं। बैठक में उद्योगों की स्थापना से संबंधित भूमि आवंटन, विद्युत कनेक्शन तथा अन्य आवश्यक अनुमतियों से जुड़े मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए । साथ ही लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण कर उद्यमियों को अनावश्यक रूप से परेशान न किए जाने के निर्देश भी दिए गए। बैठक के दौरान उद्योग बंधु के प्रतिनिधियों ने विभिन्न समस्याओं एवं सुझावों से जिलाधिकारी को अवगत कराया, जिस पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए । इस अवसर पर नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) रजनीश कुमार मिश्र सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं उद्योग जगत के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### तेज बरसात से कई स्थानों पर हुआ जल भराव

**तिलहर-शाहजहांपुर।** रुक रुक कर हुए तेज बरसात से नगर में कई स्थानों पर भरी जलभराव हो गया जिससे लोगों को आवागमन में भारी परेशानी उठानी पड़ी।

भीषण गर्मी के बाद गुरुवार दोपहर रुक रुककर हुई तेज बरसात से जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली लेकिन नगर की तमाम सड़कों ने तालाब का रूप ले लिया। तेज बरसात होने के कारण नगर के बीचों बीच स्थित आरबीएम इंटर कॉलेज के पीछे तालाब , उम्मरपुर का तालाब आदि ओवरफ्लो हो गए। इन तालाबों का पानी आसपास के क्षेत्रों में घुस जाने से कई मोहल्लों की गलियां तथा घर जल मग्न हो गए। बिरियागंज पुलिस चौकी, आरबीएम इंटर कॉलेज के पास, दातागंज मोड़, नई बस्ती, स्टेशन रोड स्थित सुनील बुक डिपो के पास, उम्मरपुर, सितारगंज, नजरपुर आदि जगहों की सड़कों पर पानी भर गया।सड़कों पर पानी भर जाने के कारण यहां से निकालने वालों को भारी परेशानी उठानी पड़ी।

## हमारा काम महिलाओं के अधिकारों की रक्षा हो: चारू चौधरी

- राज्य महिला आयोग उपाध्यक्ष चारू चौधरी एक दिवसीय भ्रमण पर पहुंचीं शाहजहांपुर

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



राज्य महिला आयोग उपाध्यक्ष चारू चौधरी एक दिवसीय भ्रमण पर शाहजहांपुर पहुंची। जहां उन्होंने विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया और सरकार द्वारा महिलाओं-बेटियों के हित में चलाई जा रही योजनाओं पर चर्चा परिचर्चा की। उन्होंने राजकीय मेडिकल कॉलेज में जाकर भर्ती मरीजों, तीमारदारों का हालचाल जाना। वहां महिलाओं को मिलने वाली सुविधाओं की स्थिति जानी। जोकि संतोषजनक न मिली। जिस पर उन्होंने कालेज प्रबंधन पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि जो लोग अनुपस्थिति थे, उनकी जानकारी दीजिए, रिपोर्ट शासन तक जाएगी। तत्पश्चात उन्होंने वन स्टॉप सेंटर नवादा इंदेपुर जाकर वहां कामकाजों का अवलोकन किया। वहां निवासरत किशोरियों से संवाद स्थापित किया और उनको समझाया कि अपने माता पिता की बातों को मानना चाहिए।

राज्य महिला उपाध्यक्ष ने मीडिया वार्ता में कहा कि जो भी दिक्कतें निरीक्षण में मिली है, उनको नोट किया गया है। उनको जल्द से जल्द दूर कराने का प्रयास किया जाएगा। जो भी महिलाओं की अप्लीकेशन मिला है, उनको न्याय मिलेगा। क्योंकि हमारा काम रहता है कि महिलाओं के अधिकारों की रक्षा करना और उनकी समस्याओं को दूर करना है। मेडिकल कॉलेज निरीक्षण में जो डाक्टर समय से पहले चले गए थे, उनको नोटिस जारी किया जाएगा। कोई भी चीज में कमी पाई जाएगी, तो एक्शन लिया जाएगा। महिला आयोग उपाध्यक्ष बोली कि आपके जिला का वन स्टॉप सेंटर उत्तर प्रदेश का सबसे बड़ा सेंटर है, वहां की व्यवस्थाएं बेहतर मिली है। वन स्टॉप सेंटर पर किशोरियों की संख्या अधिक होने के सवाल पर बोली कि यहां पर अगर किशोरियों की संख्या ज्यादा आ रही तो कही न कही जिले में शिक्षा की कमी है, इस पर मंथन होगा। अगर कोई भी नाबालिग लड़की घर से भाग जाती है तो हम लोग उसकी ससमय बरामदगी कराकर कार्यवाही करते हैं और माता पिता को सौंपते है। सरकार बेटियों महिलाओं के अधिकारों पर कार्य कर रही है।

## पहली ही बरसात में क्षतिग्रस्त हुई संपर्क सड़क, गुणवत्ता की जांच की उठी मांग



**खुदागंज, शाहजहांपुर।** खुदागंज ब्लॉक के ग्राम जलालपुर से सुराही संपर्क मार्ग पर पिछले वर्ष निर्मित सड़क पहली ही बरसात में कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त होने की सूचना के बाद स्थानीय लोगों में चिंता व्याप्त है। सड़क के उखड़ने से निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठ रहे हैं। जानकारी के अनुसार, पिछले वर्ष इस मार्ग पर रुके हुए नाला एवं सड़क निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा कराने की मांग को लेकर भारत परिषद युवा प्रकोष्ठ उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष सैय्यद अज़हर उस्मान के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया था। प्रदर्शन में भीमसेन शर्मा, रामगोपाल वर्मा, विवेक वर्मा, अरविंद कुमार, सैफ अली, फैजीम खान सहित अन्य स्थानीय लोग भी शामिल हुए थे। इसके बाद संबंधित विभाग द्वारा निर्माण कार्य पूरा कराया गया, जिससे क्षेत्रवासियों को आवागमन में सुविधा मिलने लगी। सैय्यद अज़हर उस्मान ने कहा कि सड़क का इतने कम समय में क्षतिग्रस्त होना चिंता का विषय है। उन्होंने किसी व्यक्ति, ठेकेदार या निर्माण एजेंसी पर सीधे आरोप लगाए बिना सरकार एवं संबंधित विभाग से पूरे निर्माण कार्य की निष्पक्ष तकनीकी जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जांच में निर्माण कार्य में गुणवत्ता संबंधी कोई कमी या अन्य अनियमितता पाई जाती है, तो नियमानुसार जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक धन से होने वाले विकास कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप और टिकाऊ होने चाहिए, ताकि आम जनता को लंबे समय तक उनका लाभ मिल सके।

**संबंध विच्छेद**

मैंने अपनी पुत्री अक्षिता सिंह पत्नी विजय प्रताप सिंह उर्फ गोपी को गलत व्यवहार के कारण अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करके संबंध विच्छेद कर लिए हैं। वे अपने कृत्यों की स्वंय जिम्मेदार होंगी। **शिव प्रकाश सिंह पुत्र राजपाल सिंह व मंजू लता सिंह पत्नी शिव प्रकाश सिंह नि.ग्रा. बसखेड़ा बुजुर्ग, पुवायां, शाहजहांपुर**

## गैंगवार पर वार

अमेरिका ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई व गोल्डी बराड़ के खिलाफ कई देशों में कार्रवाई करते हुए दो दर्जन लोगों को गिरफ्तार करने और नशीले पदार्थ व हथियार बरामद करने का दावा किया है। इतना ही नहीं कई अपराधों में वांछित गैंगस्टर गोल्डी बराड़ पर भी एफबीआई ने पचास हजार डॉलर का इनाम घोषित किया है। अमेरिकी अभियोजन पक्ष का दावा है कि इन गैंगों के गुर्गों के खिलाफ कार्रवाई में एफबीआई, लॉस एंजिल्स पुलिस, रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस तथा अमेरिकी कस्टम्स एंड बॉर्डर अधिकारियों ने हिस्सा लिया। अमेरिका की यह ताबड़-तोड़ कार्रवाई कनाडा सरकार की उस घोषणा के तुरंत बाद आई है, जिसमें कहा गया था कि कनाडा के निज्जर हत्याकांड में भारत की कोई भूमिका नहीं थी। उल्लेखनीय है कि बहुचर्चित निज्जर हत्याकांड को लेकर पिछली जस्टिन ट्रूडो सरकार ने भारत सरकार के एक अधिकारी पर संलिप्तता के आरोप लगाए थे। जिसके चलते भारत व कनाडा के रिश्ते सबसे निचले स्तर तक जा पहुंचे थे। लेकिन नई सरकार ने ट्रूडो की थ्योरी को नकार दिया था। जिसके बाद ही अमेरिका की यह तल्ख प्रतिक्रिया सामने आई है। कनाडा पुलिस के सूत्रों के अनुसार अमेरिका लारेंस बिश्नोई के प्रत्यारोपण की मांग करेगा। फिलहाल बिश्नोई गुजरात की एक जेल में 2015 से बंद है। बहरहाल, अमेरिकी एजेंसियों द्वारा चलाए गए 'हॉर्ड बॉल ऑपरेशन' में जिन 24 लोगों की गिरफ्तारियां हुई हैं, उन पर भारत से जुड़े संगठित अपराधी गुटों से संबंध होने का आरोप लगाया है। लॉरेंस और गोल्डी बराड को कई मामलों में आरोपी बनाया गया है, जिसमें साल 2023 में खालिस्तान समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की साजिश में शामिल होना भी है। बाकायदा अमेरिका ने बिश्नोई को निज्जर हत्याकांड में आरोपी बनाया है। उधर लॉस एंजिल्स के संघीय अभियोजकों का दावा है कि ये गिरफ्तारियां कई साल तक चली जांच का नतीजा हैं, जो भारतीय अपराधी गिरोहों पर केंद्रित रही हैं। अमेरिकी अधिकारियों द्वारा सार्वजनिक किए गए दस्तावेजों में 37 अभियुक्तों पर आरोप लगाए गये हैं। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि अमेरिका की नीतियां अमेरिका से शुरू होकर अमेरिका पर ही खत्म हो जाती हैं। ऐसे में भारतीय गैंगस्टरों पर की जा रही ताबड़-तोड़ कार्रवाई को लेकर भी सवाल उठाये जा रहे हैं। नि:संदेह, गैंगवार पर अंकुश लगना चाहिए, लेकिन सवाल इस कार्रवाई की टाइमिंग को लेकर है। इससे ठीक पहले कनाडा सरकार ने निज्जर हत्याकांड में भारत की किसी भूमिका को खारिज किया था। अमेरिका का आकलन है कि राष्ट्रवाद के नाम पर कुछ गैंगस्टरो को राजाश्रय हासिल है। आरोपपत्र में यह भी दावा किया गया है कि बिश्नोई ने खुद की छवि एक 'देशभक्त', 'राष्ट्रवादी' और 'धार्मिक' व्यक्ति के रूप में बनाई है। कयास हैं कि इसके जरिये भारत सरकार को घेरने की कोशिश जा रही है। कुछ विदेश नीति के जानकार मानते हैं कि भारत के ब्रिक्स व रूस-चीन वाले ध्रुव की ओर झुकाव के चलते दबाव बनाने हेतु इस मुद्दे को हथियार की तरह इस्तेमाल किया जाएगा। अमेरिका-भारत व्यापार समझौते पर सहमति न बन पाने से अमेरिका क्षुब्ध है। जिसके लिये दबाव बनाने की कोशिश की जा रही है। सर्वविदित है कि दुनिया भर में सत्ताएं बनाने व सरकार गिराने के खेल में अमेरिका किस हद तक जाता है। उसे पूरी दुनिया में सत्ता की शतरंज खेलने में 'डीप स्टेट' के इस्तेमाल का जनक माना जाता है। सवाल है कि भारतीय संसद व मुंबई पर हुए भीषण आतंकवादी हमलों में शामिल पाक आतंकवादियों व मास्टर माइंडों पर क्या ऐसे कार्रवाई हुई है? जबकि कई मास्टरमाइंड अमेरिका में रह रहे थे? क्या ऐसी कार्रवाई पाक सरकार समर्थित लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादियों के खिलाफ हुई, जब पहलगाम की बैसरन घाटी में बेकसूर 26 भारतीय पर्यटकों की हत्या उनका धर्म पूछकर की गई थी? नि:संदेह, हत्या-फिरौती और नशे की तस्करी में लिप्त किसी भी गैंग को बख्शा नहीं जाना चाहिए। ये देश की संप्रभु सरकार का भी प्राथमिक कर्तव्य है। फिलहाल लॉरेंस बिश्नोई 2015 से भारतीय जेल में है और उसके खिलाफ देश में कई केस चल रहे हैं। वहीं गोल्डी बराड़ देश से फरार है। विसंगति देखिए कि अमेरिकी आरोप पत्र में नाबालिगों की भर्ती, गुर्गों का नेटवर्क चलाने के साथ देशभक्त इमेज के आरोप भी शामिल हैं।

# शाहजहांपुर में विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना से संवर रहा पारंपरिक शिल्पियों का भविष्य



उत्तर प्रदेश के ग्रामीण और शहरी अंचलों में सदियों से चली आ रही पारंपरिक कारीगरी को पुनर्जीवित करने और स्थानीय हुनरमंदों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में राज्य सरकार की कल्याणकारी नीतियां अत्यंत दूरगामी और प्रभावी साबित हो रही हैं। जिला स्तर पर इन योजनाओं का क्रियान्वयन स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति देने के साथ-साथ उन परिवारों के जीवन में समृद्धि का नया सवेरा लेकर आया है, जो लंबे समय से आधुनिक संसाधनों के अभाव में हाशिए पर थे। शाहजहांपुर जनपद में विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के सफल संचालन से हजारों शिल्पकारों और श्रमिकों को समाज की मुख्यधारा से जोड़कर उनके हुनर को एक नया मंच प्रदान किया गया है, जिससे उनका खोया हुआ सामाजिक और आर्थिक सम्मान वापस लौट रहा है।

पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान शासन की कल्याणकारी सोच और जिला प्रशासन के कुशल प्रबंधन व जमीनी प्रयासों के परिणामस्वरूप शाहजहांपुर जिले में 1,050 पारंपरिक कारीगरों को सीधे तौर पर लाभान्वित किया गया। यह संख्या मात्र एक सरकारी आंकड़ा नहीं है, बल्कि यह उन परिवारों की आत्मनिर्भरता की जीवंत कहानी है जो पीढ़ियों से बढ़ई, दर्जी, टोकरी बुनकर, नाई, सुनार, लोहार, कुम्हार, हलवाई, मोची और राजमिस्त्री जैसे पारंपरिक हस्तशिल्प से जुड़े हुए हैं। इन हुनरमंदों को आधुनिकता के इस युग में बाजार की तीव्र प्रतिस्पर्धा का सामना करने के लिए तैयार किया गया है, ताकि उनका रोजगार न केवल सुरक्षित रहे बल्कि उसमें निरंतर वृद्धि भी सुनिश्चित हो सके।

योजना की संवेदनशीलता और प्रभावशीलता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान शाहजहांपुर जनपद में लगभग चार हजार उत्साही और जरूरतमंद युवाओं तथा कारीगरों ने अपने आवेदन प्रस्तुत किए थे।

प्रशासन द्वारा पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ पात्र अभ्यर्थियों का चयन किया गया, जिसके बाद उन्हें उनकी रुचि और पारिवारिक व्यवसाय के अनुरूप विशिष्ट और निशुल्क कौशल उन्नयन प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान लाभार्थियों के रहने और भोजन की समुचित व्यवस्था की गई ताकि वे बिना किसी मानसिक और आर्थिक तनाव के आधुनिक विधाओं को सीख सकें और अपने हुनर को और अधिक निखार सकें।

कौशल सुधार की इस प्रक्रिया को पूरा करने के बाद सभी चयनित लाभार्थियों के बैंक खातों में चार हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि सीधे डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की गई। इस वित्तीय सहायता का मुख्य उद्देश्य यह था कि प्रशिक्षण अवधि के दौरान उनके दैनिक रोजगार में हुए आर्थिक नुकसान की भरपाई हो सके और वे बिना किसी वित्तीय बाधा के अपने काम को दोबारा शुरू कर सकें। इसके अतिरिक्त, सबसे महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए प्रशासन द्वारा लाभार्थियों को उनके व्यवसाय के अनुसार आधुनिक और उच्च गुणवत्ता वाली टूलकिट पूरी तरह मुफ्त उपलब्ध कराई गई, जो उनके पुराने और घिसे-पिटे औजारों की जगह नए युग के तकनीकी उपकरणों का समावेश सुनिश्चित करती है।

दर्जी ट्रेड से जुड़े लाभार्थियों को जहां आधुनिक सिलाई मशीनों के साथ-साथ उत्तम श्रेणी की कैंची, सटीक माप फीता और अन्य आवश्यक सहायक उपकरण दिए गए, वहीं नाई, धोबी, हलवाई, राजमिस्त्री, लोहार और बढ़ई जैसे पारंपरिक व्यवसायों के शिल्पियों को भी अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्जित किट प्रदान की गई। पुराने औजारों के कारण जो कार्य पहले अत्यधिक शारीरिक श्रम और घंटों के समय के बाद भी मनमुताबिक फिनिशिंग नहीं दे पाता था, वह अब इन आधुनिक मशीनों की सहायता से बहुत ही कम समय में और वैश्विक स्तर की गुणवत्ता के साथ पूरा होने लगा है, जिससे शाहजहांपुर के इन कारीगरों की कार्यक्षमता और दैनिक आमदनी में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। इस अभूतपूर्व सफलता को देखते हुए नए वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए डिजिटल पोर्टल को पुनः खोल दिया गया है और इच्छुक कारीगरों से नए सिरे से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस बार भी प्रशासन ने शाहजहांपुर जनपद के भीतर 1,050 नए लोगों को इस मुख्यधारा से जोड़ने और उन्हें सीधे तौर पर लाभान्वित करने का एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। आवेदन की पूरी प्रक्रिया को उत्तर प्रदेश एमएसएमई पोर्टल के माध्यम से पूरी तरह ऑनलाइन रखा गया है, जिससे किसी भी स्तर पर बिचौलियों या मानवीय हस्तक्षेप की गुंजाइश पूरी तरह समाप्त हो गई है और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक योजना का वास्तविक लाभ सीधे पहुंच रहा है।

इस पूरी व्यवस्था की सबसे बड़ी विशेषता इसकी समावेशी और लचीली प्रकृति है, जिसमें समाज के सबसे पिछड़े और वंचित तबके को ध्यान में रखते हुए किसी भी प्रकार की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता की अनिवार्यता नहीं रखी गई है। कोई भी व्यक्ति जिसकी आयु अठारह वर्ष से अधिक है और जो वास्तव में इन पारंपरिक शिल्पों से आजीविका चला रहा है, वह इस सुनहरे अवसर का हिस्सा बन सकता है। आवेदक की प्रामाणिकता की पुष्टि के लिए ग्राम प्रधान अथवा स्थानीय वार्ड सदस्य की संस्तुति को ही आधार माना गया है, जिससे कागजी औपचारिकताओं के जटिल जाल में फंसे बिना एक आम और अनपढ़ ग्रामीण भी पूरी गरिमा के साथ अपना अधिकार प्राप्त करने में सक्षम हो पा रहा है।

जो कारीगर अपने सीमित व्यवसाय को एक बड़े स्तर पर ले जाने या स्वतंत्र लघु उद्योग स्थापित करने की इच्छा रखते हैं, उनके लिए प्रदेश सरकार ने वित्तीय बाधाओं को समूल नष्ट करने का मार्ग प्रशस्त किया है। उत्तर प्रदेश खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड के समन्वय से इन हुनरमंदों को दस हजार रुपये से लेकर दस लाख रुपये तक का अत्यंत रियायती, सुलभ और आसान ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। इस ऋण व्यवस्था के माध्यम से स्थानीय स्तर पर छोटे-छोटे उद्योगों का जाल बिछ रहा है, जिससे न केवल वे स्वयं आत्मनिर्भर बन रहे हैं बल्कि अपने क्षेत्र के अन्य बेरोजगार युवाओं को भी रोजगार देने की स्थिति में आ रहे हैं।

स्थानीय अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भरता के धागे में पिरोने और देश के व्यापक आर्थिक संकल्पों को धरातल पर उतारने में यह योजना शाहजहांपुर जनपद के भीतर एक क्रांतिकारी मील का पत्थर साबित हुई है। आधुनिक संसाधनों, तकनीकी प्रशिक्षण और वित्तीय सुदृढ़ता के इस अनूठे संगम ने जिले के लाखों पारंपरिक परिवारों को एक नया संबल, अटूट स्वाभिमान और स्थायी समृद्धि का मार्ग दिखाया है। जमीन पर दिख रहा यह व्यापक बदलाव इस बात का जीवंत प्रमाण है कि जब सही दिशा में दूरदर्शी नीतियां और पारदर्शी क्रियान्वयन एक साथ मिलते हैं, तो समाज के सबसे कमजोर वर्ग के हाथ भी राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण और सशक्त भूमिका दर्ज कराने के लिए पूरी तरह सक्षम हो जाते हैं।

**कोई भी व्यक्ति जिसकी आयु अठारह वर्ष से अधिक है और जो वास्तव में इन पारंपरिक शिल्पों से आजीविका चला रहा है, वह इस सुनहरे अवसर का हिस्सा बन सकता है। आवेदक की प्रामाणिकता की पुष्टि के लिए ग्राम प्रधान अथवा स्थानीय वार्ड सदस्य की संस्तुति को ही आधार माना गया है, जिससे कागजी औपचारिकताओं के जटिल जाल में फंसे बिना एक आम और अनपढ़ ग्रामीण भी पूरी गरिमा के साथ अपना अधिकार प्राप्त करने में सक्षम हो पा रहा है।**

**जो कारीगर अपने सीमित व्यवसाय को एक बड़े स्तर पर ले जाने या स्वतंत्र लघु उद्योग स्थापित करने की इच्छा रखते हैं, उनके लिए प्रदेश सरकार ने वित्तीय बाधाओं को समूल नष्ट करने का मार्ग प्रशस्त किया है। उत्तर प्रदेश खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड के समन्वय से इन हुनरमंदों को दस हजार रुपये से लेकर दस लाख रुपये तक का अत्यंत रियायती, सुलभ और आसान ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। इस ऋण व्यवस्था के माध्यम से स्थानीय स्तर पर छोटे-छोटे उद्योगों का जाल बिछ रहा है, जिससे न केवल वे स्वयं आत्मनिर्भर बन रहे हैं बल्कि अपने क्षेत्र के अन्य बेरोजगार युवाओं को भी रोजगार देने की स्थिति में आ रहे हैं। स्थानीय अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भरता के धागे में पिरोने और देश के व्यापक आर्थिक संकल्पों को धरातल पर उतारने में यह योजना शाहजहांपुर जनपद के भीतर एक क्रांतिकारी मील का पत्थर साबित हुई है। आधुनिक संसाधनों, तकनीकी प्रशिक्षण और वित्तीय सुदृढ़ता के इस अनूठे संगम ने जिले के लाखों पारंपरिक परिवारों को एक नया संबल, अटूट स्वाभिमान और स्थायी समृद्धि का मार्ग दिखाया है। जमीन पर दिख रहा यह व्यापक बदलाव इस बात का जीवंत प्रमाण है कि जब सही दिशा में दूरदर्शी नीतियां और पारदर्शी क्रियान्वयन एक साथ मिलते हैं, तो समाज के सबसे कमजोर वर्ग के हाथ भी राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण और सशक्त भूमिका दर्ज कराने के लिए पूरी तरह सक्षम हो जाते हैं।**

## विचार

# सड़क सुरक्षा अभियान बना जीवन रक्षा का मजबूत आधार

*आशीष सिंह*

उत्तर प्रदेश में विकास की गति जितनी तेज हुई है, उतनी ही तेजी से सुरक्षित और सुगम यातायात व्यवस्था की आवश्यकता भी बढ़ी है। सड़कें केवल आवागमन का माध्यम नहीं हैं, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार, उद्योग और सामाजिक जीवन को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण कड़ी हैं। ऐसे में सड़क सुरक्षा केवल यातायात प्रबंधन का विषय नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक के जीवन और परिवार की सुरक्षा से जुड़ा दायित्व है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कानून के प्रभावी प्रवर्तन, आधुनिक निगरानी व्यवस्था और जनजागरूकता के माध्यम से सुरक्षित यातायात संस्कृति विकसित करने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। इन प्रयासों के सकारात्मक परिणाम अब स्पष्ट रूप से सामने आने लगे हैं।

सड़क दुर्घटनाएं केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं होतीं, बल्कि वे अनेक परिवारों की खुशियां छीन लेती हैं। एक दुर्घटना किसी व्यक्ति का जीवन ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार के भविष्य को भी प्रभावित करती है। तेज रफ्तार, यातायात नियमों की अनदेखी और लापरवाही से वाहन चलाना लंबे समय से सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारण रहे हैं। इसलिए दुर्घटनाओं को रोकने के लिए केवल नियम बनाना पर्याप्त नहीं, बल्कि उनका प्रभावी पालन सुनिश्चित करना भी आवश्यक है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व में परिवहन विभाग द्वारा मार्च, अप्रैल एवं मई 2026 के दौरान सड़क सुरक्षा को लेकर व्यापक प्रवर्तन अभियान संचालित किए गए। ओवर स्पीडिंग पर प्रभावी नियंत्रण, यातायात नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई तथा 'जीरो टॉलरेंस' नीति के अंतर्गत निरंतर निगरानी ने सड़क सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया। मोटर यान अधिनियम की धारा 19 के अंतर्गत दोषी चालकों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करते हुए कुल 1,246 मामलों में नोटिस जारी किए गए। इनमें मार्च में 434, अप्रैल में 380 तथा मई में 432 मामले शामिल रहे। इसी अवधि में 797 ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित किए गए, जबकि गंभीर मामलों में 20 ड्राइविंग लाइसेंस पूर्णतः निरस्त किए गए। यह स्पष्ट संकेत है कि प्रदेश सरकार सड़क सुरक्षा से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही के प्रति सख्त रुख अपना रही है।

इन प्रवर्तन अभियानों का सकारात्मक प्रभाव सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़ों में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। मार्च 2026 में प्रदेश में 1,876 सड़क दुर्घटनाएं दर्ज की गई थीं, जिनमें 2,008 लोगों की मृत्यु हुई। अप्रैल माह में दुर्घटनाओं की संख्या घटकर 1,697 तथा मृतकों की संख्या 1,838 रह गई। वहीं मई 2026 में उल्लेखनीय सुधार दर्ज करते हुए सड़क दुर्घटनाओं की संख्या घटकर 1,004 और जनहानि घटकर 1,111 रह गई। यह लगातार दर्ज हो रही गिरावट इस बात का प्रमाण है कि प्रभावी प्रवर्तन, सतत निगरानी और जनसहभागिता के माध्यम से सड़क दुर्घटनाओं में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है।

मई माह के दौरान विशेष रूप से चलाए गए सघन चेकिंग अभियान और नियमों के प्रभावी अनुपालन ने सड़क सुरक्षा को नई मजबूती प्रदान की। इसी अवधि में सर्वाधिक 353 ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित किए गए, जिससे यह स्पष्ट होता है कि यातायात नियमों के उल्लंघन के विरुद्ध विभाग ने पूरी गंभीरता के साथ कार्रवाई की। कठोर प्रवर्तन व्यवस्था ने वाहन चालकों में नियमों के पालन के प्रति जिम्मेदारी की भावना को भी मजबूत किया है।



प्रदेश में हिट एंड रन जैसी गंभीर घटनाओं में भी उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। मार्च में जहां ऐसे 529 मामले सामने आए थे, वहीं अप्रैल में यह संख्या घटकर 468 रह गई। मई माह में यह आंकड़ा और कम होकर 275 तक पहुंच गया। तीन माह की अवधि में कुल 1,272 हिट एंड रन मामलों का रिकॉर्ड यह दर्शाता है कि लगातार निगरानी और सख्त कार्रवाई के कारण ऐसे मामलों में भी कमी आने लगी है। यह सुधार केवल कानून के प्रभावी क्रियान्वयन का परिणाम नहीं, बल्कि नागरिकों में बढ़ती सड़क सुरक्षा जागरूकता का भी संकेत है।

प्रदेश सरकार का उद्देश्य केवल नियमों का पालन कराना नहीं, बल्कि ऐसी सड़क सुरक्षा संस्कृति विकसित करना है, जिसमें प्रत्येक नागरिक स्वयं भी यातायात नियमों के पालन को अपनी जिम्मेदारी समझे। इसी उद्देश्य से प्रवर्तन अभियानों के साथ-साथ जागरूकता कार्यक्रमों को भी निरंतर गति दी जा रही है, ताकि सड़क सुरक्षा एक जनआंदोलन का स्वरूप ग्रहण कर सके। परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए सघन प्रवर्तन अभियान, नियमित निगरानी तथा आधुनिक तकनीक आधारित नियंत्रण प्रणाली को विस्तार दिया है। सरकार का लक्ष्य सड़क दुर्घटनाओं और जनहानि में निरंतर कमी लाते हुए प्रदेश की सड़कों को प्रत्येक नागरिक के लिए अधिक सुरक्षित बनाना है।

उत्तर प्रदेश में सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में प्राप्त ये परिणाम इस बात का प्रमाण हैं कि प्रभावी कानून प्रवर्तन, जवाबदेह प्रशासन और जनसहभागिता के समन्वित प्रयास समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं। सुरक्षित सड़कें केवल बेहतर यातायात व्यवस्था का प्रतीक नहीं होतीं, बल्कि वे संवेदनशील शासन, जागरूक नागरिकों और सुरक्षित भविष्य की मजबूत पहचान भी बनती हैं। सड़क सुरक्षा की यह सतत पहल आने वाले समय में हजारों परिवारों के जीवन की रक्षा करते हुए सुरक्षित, जिम्मेदार और विकसित उत्तर प्रदेश के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## साहित्य



### पल-पल बदलते निर्णय...!

**संजय एम तराणेकर**

पल-पल बदलते फैसलों का, कैसा यह संसार,
कभी शांति की बातें होतीं, कभी छिड़ता संहार।

कभी युद्ध-विराम चर्चा, कभी धमकियों का शोर,
कभी हाथ मिलाने की बातें, कभी खुलें नए छोर।

होर्मुज़ हो या सीमाएँ, सभी पे हैं छाया धुंधलका,
राजनीति की शतरंज में, उलझे हर इक पल का।

तेल,सोना या हो शेयर बाज़ार, सबकी साँसें थाम,
दो देशों की टकराहट से, काँपे जग के सारे धाम।

जन-जन चाहे एक ही सपना, शांति का हो राज,
नफ़रत की हर आग बुझे, प्रेम बने सदा आवाज़।

सत्ता आए या सत्ता जाए, इतिहास यहीं बतलाए,
स्थायी केवल शांति होती, जो मानवता अपनाए।

आओ मिलकर प्रण यह लें, युद्ध न फिर दोहराएँ,
विकास, प्रेम व भाईचारे से नवद भविष्य सजाएँ।

*(संदर्भ - ट्रम्प के पल-पल बदलते निर्णय)*

## राशिफल



**मेष:-** प्रतिभाओं के बावजूद हीन भाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित होगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

**वृषभ:-** किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। परिश्रम से आर्थिक लाभ होगा।

**मिथुन:-** नीरस स्वभाववश रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में असमर्थ होंगे। सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा।

**कर्क:-** काफी दिनों से अवरोधित कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने के आसार बनेंगे। काफी दिनों से प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। शिक्षा प्रतियोगिता की दिशा में प्रयत्न सार्थक होगा।

**सिंह:-** नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कार्य के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें।

**कन्या:-** कर्जदारों से मन परेशान होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ संभव। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी।

**तुला:-** भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यावहारिक बने। भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन पर प्रभावी होंगी।

**वृश्चिक:-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच को अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें। परिजनों के अनुकूल चलने की चेष्ठा करें। आलस्य त्यागें।

**धनु:-** संवेदनशील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी।

**मकर:-** कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिंतित होगा। मस्त-मौला मन व्यर्थ के कार्य में समय जाया कर महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाह होगा।

**कुंभ:-** अच्छे कार्य से परिजनों के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही न करें।

**मीन:-** थोड़ा संयमी व धैर्यवान बने। भाग्य से प्राप्त अच्छी-बुरी सभी स्थिति में समझौतावादी बनें। महत्वपूर्ण दायित्वों की पूर्ति के लिये प्रयत्न तीव्र होगा।

# डीपफेक बनाम आप : एआई के झूठ को पहचानने और बचने के उपाय

*मनीष कुमार सिंह*

एआई के इस दौर ने जहाँ अनगिनत सुविधाएँ दी हैं, वहीं डीपफेक के रूप में गंभीर चुनौती भी खड़ी कर दी है। देश के शीर्ष राजनेता, फ़िल्मी सितारे और खिलाड़ी तक इसकी चपेट में आ चुके हैं। जब सबसे बड़े नाम ही सुरक्षित नहीं तो आम आदमी की क्या बिसात? आजकल व्हाट्सएप पर ऐसे वीडियो भी खूब घूम रहे हैं जिनमें कोई प्रसिद्ध अभिनेता या क्रिकेटर पैसा दोगुना करने वाली योजना की गारंटी देता दिखता है। चेहरा असली, आवाज़ असली, अंदाज़ भी असली लेकिन पूरा वीडियो झूठा। इसी धोखे का नाम है डीपफेक और यह अब किसी फ़िल्मी कहानी की बात नहीं रही। यह आम आदमी के फ़ोन तक पहुँच चुका है।

डीपफेक शब्द अंग्रेज़ी के डीप लर्निंग और फेक को जोड़कर बना है। सरल भाषा में कहें तो यह एआई की वह तकनीक है जो किसी व्यक्ति के ढेर सारे चित्रों और आवाज़ के नमूनों से सीखकर उसका हूबहू नकली चेहरा और नकली आवाज़ गढ़ देती है। कुछ साल पहले तक ऐसा करने के लिए महंगे स्टूडियो और विशेषज्ञों की ज़रूरत पड़ती थी। आज मोबाइल के मामूली ऐप यह काम मिनटों में कर देते हैं। यहाँ यह समझना ज़रूरी है कि तकनीक अपने आप में बुरी नहीं होती। इसी तकनीक से फ़िल्मों की डबिंग सुधर रही है और इतिहास के पात्र कक्षाओं में जीवंत हो रहे हैं। असली समस्या उन लोगों की नीयत है जो इसका इस्तेमाल ठगी और बदनामी के लिए कर रहे हैं।

दुरुपयोग के किस्से अब रोज़ अख़बारों में छप रहे हैं। कहीं परिजन की नकली आवाज़ में पैसे माँगे जा रहे हैं, कहीं मशहूर हस्तियों के नाम पर नकली निवेश विज्ञापन चल रहे हैं। महिलाओं की तस्वीरों से छेड़छाड़ करके उन्हें बदनाम किया जा रहा है। चुनावों के समय नेताओं के मुँह से ऐसी बातें कहलवाई जाती हैं जो उन्होंने कभी कही ही नहीं। सबसे आसान निशाना वे लोग बनते हैं जो तकनीक की दुनिया से कम परिचित हैं, फिर चाहे वे कितने ही पढ़े-लिखे क्यों न हों। भारत में सस्ता इंटरनेट घर-घर पहुँच चुका है और बिना पढ़े आगे बढ़ा देना हमारी आदत बन गई है। ऐसे में यह झूठ जंगल की आग की तरह फैलता है।

अब सवाल यह है कि बचा कैसे जाए। सबसे पहला और सबसे कारगर उपाय है रुकना। जो सामग्री देखते ही आपको गुस्से, डर या लालच से भर दे, समझ लीजिए कि वह इसी मकसद से बनाई गई है। किसी भी सनसनीखेज़ वीडियो को आगे बढ़ाने से पहले खुद से तीन सवाल पूछिए- इसे पोस्ट किसने किया है? क्या यह किसी आधिकारिक या भरोसेमंद स्रोत से आया है? क्या किसी प्रतिष्ठित समाचार संस्था ने इसकी पुष्टि की है?

थोड़ा ध्यान से देखने पर डीपफेक अक्सर अपनी पोल खुद खोल देता है। ऐसे वीडियो में पलकों का झपकना अस्वाभाविक लगता है। होंठों की हरकत और आवाज़ का तालमेल बिगड़ा रहता है। चेहरे के किनारे धुंधले दिखते हैं और रोशनी तथा छाया आपस में मेल नहीं खातीं। कान, बाल या गहनों के आसपास अजीब-सी विकृति नज़र आती है। नकली आवाज़ भी सपाट लहजे, साँसों की कमी और बेतुके ठहराव से पकड़ में आ जाती है। हालाँकि तकनीक सुधरने के साथ ये कमियाँ घटती जा रही हैं इसलिए केवल आँखों पर भरोसा काफ़ी नहीं। गूगल लेंस जैसी सुविधा से किसी तस्वीर का असली स्रोत खोजा जा सकता है और पी.आई.बी. फैक्ट चेक जैसी सेवाओं से वायरल दावों की जाँच हो सकती है। सबसे ज़रूरी बात, अगर कोई परिजन फ़ोन पर पैसे माँगे तो उसके जाने-पहचाने नंबर पर वापस कॉल करके या वीडियो कॉल से पुष्टि कर लीजिए। परिवार में आपस में एक गुप्त कोड शब्द तय रखना भी आज के समय की समझदारी है।

अपनी डिजिटल सुरक्षा पर भी उतना ही ध्यान देना होगा। सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीरों और वीडियो की प्राइवेसी सेटिंग सीमित रखिए ताकि अनजान लोग उन तक न पहुँच सकें। अपनी या अपने बच्चों की हर छोटी-बड़ी तस्वीर सार्वजनिक रूप से डालने से पहले एक बार सोच लीजिए क्योंकि यही तस्वीरें डीपफेक बनाने वालों के लिए स्रोत का काम करती हैं। अनजान नंबर से आए कॉल पर लंबी बातचीत से बचिए क्योंकि ठग आपकी आवाज़ के नमूने रिकॉर्ड कर सकते हैं। और ओ.टी.पी. या बैंक विवरण तो किसी भी हालत में साझा न करें, चाहे सामने वाली आवाज़ कितनी भी अपनी क्यों न लगे।

फिर भी अगर कभी ठगी हो जाए तो घबराने की बजाय तुरंत कदम उठाइए। पैसों की धोखाधड़ी होने पर साइबर हेल्पलाइन 1930 पर फ़ौरन कॉल कीजिए। जितनी जल्दी सूचना देंगे, रकम रुकने की संभावना उतनी ही ज़्यादा रहती है। राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल cybercrime.gov.in पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज हो सकती है और नज़दीकी थाने में भी रिपोर्ट लिखाई जा सकती है। हमारे क़ानूनों में पहचान की चोरी और छेड़छाड़ की गई सामग्री फैलाने पर सज़ा का प्रावधान है और शिकायत मिलने पर सोशल मीडिया कंपनियाँ भी ऐसी सामग्री हटाने के लिए बाध्य हैं।

सच पूछिए तो हर दौर में झूठ ने नए रूप धरे हैं और समाज ने परख के नए तरीके सीखे हैं। जब नकली नोट आए तो हमने असली की पहचान करना सीख लिया। अब नकली चेहरे और नकली आवाज़ें आई हैं तो हमें डिजिटल परख सीखनी होगी। बात बस इतनी-सी है कि जो देखें उस पर सोचें, जो सोचें उसे जाँचें और जाँचने के बाद ही मानें या आगे बढ़ाएँ। एआई का झूठ तभी जीतता है जब हम बिना सोचे यकीन कर लेते हैं। तकनीक चाहे कितनी भी चतुर हो जाए, एक सतर्क और विवेकशील नागरिक से बड़ी उसकी कोई काट नहीं है।

**(लेखक, डेटा सुरक्षा और साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ हैं।)**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### मेरी पंचायत-हरित पंचायत अभियान को जनआंदोलन बनाएः डीएम



उरई (जालौन)। जनपद में हरित वातावरण के निर्माण एवं वृहद वृक्षारोपण अभियान को गति देने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित कर संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण केवल औपचारिकता न रह जाए, बल्कि इसे जनभागीदारी के साथ जनआंदोलन का स्वरूप दिया जाए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जनपद में जिन गौशालाओं का मर्जर हो चुका है और जो परिसर वर्तमान में खाली हैं, वहां बड़े स्तर पर वृक्षारोपण कराया जाए। उन्होंने कहा कि इन स्थलों को हरित क्षेत्र के रूप में विकसित करने की कार्ययोजना तत्काल तैयार की जाए तथा आज से ही वीबीजी राम जी के अंतर्गत गड्ढा खोदने का कार्य प्रारंभ कर दिया जाए, ताकि निर्धारित समय पर पौधरोपण का कार्य सुचारु रूप से संपन्न हो सके। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आगामी एक सप्ताह के भीतर जनपद की सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन सुनिश्चित किया जाए। इन ग्राम सभाओं में प्रिय पंचायत अभियान मेरी पंचायत, हरित पंचायत के उद्देश्य, पर्यावरण संरक्षण के महत्व तथा अधिक से अधिक वृक्षारोपण के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया जाए और जनभागीदारी सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप वृक्षारोपण का लक्ष्य निर्धारित करे तथा पौधरोपण के साथ-साथ उनके संरक्षण की भी प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान की नियमित निगरानी करते हुए वृक्षारोपण की तैयारियों में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी तैयारियां समयबद्ध ढंग से पूर्ण कर जनपद में वृहद वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाया जाए, जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ आने वाली पीढ़ियों के लिए हरित एवं स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित किया जा सके। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे प्रेमचंद मौर्य, प्रभागीय वनाधिकारी प्रदीप यादव, अपर पुलिस अधीक्षक ईशान सोनी आदि सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### बच्चों ने स्वास्थ्य शिविर में कराया निःशुल्क परीक्षण



फतेहपुर। शहर के आईटीआई रोड स्थित डॉ. वीरेंद्र स्वरूप पब्लिक स्कूल में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह स्वास्थ्य शिविर मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ के वरिष्ठ डाक्टर हिमांशु पाण्डेय, जनरल फिजिशियन डॉ. रिषभ पाण्डेय, डॉ. राजेश गुप्ता आई स्पेशलिस्ट जांच टीम जतिन पाल, अलका सिंह, नम्रता शुक्ला, मनीष कुमार व मार्केटिंग प्रचारक प्रभात गुप्ता द्वारा निःशुल्क किया गया। इस दौरान स्वास्थ शिविर में छात्र छात्राओं अभिभावकों सहित 300 व्यक्तियों का स्वास्थ्य परीक्षण करके उत्तम स्वास्थ्य हेतु परामर्श दिया गया। डॉ वीरेन्द्र स्वरूप पब्लिक स्कूल व ताइक्वांडो एसोसिएशन ऑफफतेहपुर के सौजन्य से निःशुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन कराया गया प्रधानाचार्य सीमा बाजपेई,अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा, सचिव राजकुमार के देखरेख में स्वास्थ शिविर आयोजित किया गया। ताइक्वांडो एसोसिएशन ऑफफतेहपुर के अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा ने कहा राष्ट्र की नींव हमारे नौनिहाल बच्चे जिन्हें स्कूलों में उत्तम शिक्षा प्राप्त होती है उत्तम स्वास्थ्य देना हमारा उद्देश्य है डा वीरेन्द्र स्वरूप पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य सीमा बाजपेई ने निःशुल्क स्वास्थ शिविर में सहभागिता कर रहे डाक्टरों व स्टाफको प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए कहा हमारी कोशिश है शिक्षा व स्वास्थ, अच्छा रहे। इस अवसर पर अनीता अवस्थी, श्रद्धा वर्मा, यशी, स्वाति, श्रुति, लक्ष्मी, मानसी, आरती, रितेश, शिवम, सहित गणमान्य नागरिकों में सलोनी मेहरोत्रा, निधि मेहरोत्रा, अनिकेत मेहरोत्रा, राजकुमार, मो अंजुम अनुराग साहू सहित अनेक अभिभावक उपस्थित रहे।

### थाना पनवाड़ी पुलिस ने अवैध तमंचा व कारतूस के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार



समृद्धि न्यूज, पनवाड़ी /महोबा। पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के नेतृत्व एवं अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ अनुरुद्ध कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, प्रभारी निरीक्षक थाना पनवाड़ी द्वारा गठित टीम उनि सनय कुमार मय हमराह कां. कुलदीप शुक्ला द्वारा देखभाल क्षेत्र, विवेचना मुकदमा, मर्जुआत व पेंडिंग अहकामात तथा वांछित/वारंटी अभियुक्तों की तलाश के दौरान 1 नफर अभियुक्त पप्पू पुत्र धनीराम कुशवाहा उम्र करीब 32 वर्ष निवासी ग्राम नौगांव फदना थाना पनवाड़ी जनपद महोबा को नौगांव फदना रोड रपटा, ग्राम नौगांव पनवाड़ी जनपद महोबा से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया,पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 1 अदद तमंचा 315 बोर व 1 अदद कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद हुआ। बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मुअसं. 99/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया। तत्पश्चात अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय महोबा के समक्ष पेश किया गया।

### अवैध गांजा तस्करी पर थाना अजनर पुलिस की कार्रवाई



महोबा। पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के नेतृत्व में, अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ अनुरुद्ध कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना अजनर पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। बताया है कि अभियान के तहत थानाध्यक्ष अजनर सुभाषचन्द्र द्वारा गठित टीम उ.नि. ऋषी शुक्ला, उ.नि. रावेन्द्र कुमार मिश्रा, कां. मुकेश सिंह, कां. राहुल अग्निहोत्री एवं कां. अमोल कुमार द्वारा मुखबिर की सूचना पर पुरवा पनवाड़ी मोड़ के पास से एक नफर अभियुक्त राघवेन्द्र सिंह उर्फ रघ्घू राजा पुत्र हरनाथ सिंह निवासी ग्राम थुरट थाना अजनर जनपद महोबा, उम्र करीब 30 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से एक किलो 314 ग्राम अवैध सूखा गांजा बरामद किया गया। बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना अजनर पर मुअसं 124/26 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# प्रदेश महामंत्री ने बूथ अध्यक्षों को बूथ स्तर के माइक्रो मैनेजमेंट समझाये

- 2027 विधानसभा चुनाव के कील कांटें दुरुस्त कर गए धर्मपाल सिंह
- कुशल बूथ प्रबंधन ही भाजपा की सुनिश्चित विजय का आधार बनेगा

उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज़।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने गुरुवार को स्थानीय होटल उरई में आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेलनों को संबोधित करते हुए बूथ स्तर के माइक्रोमैनेजमेंट समझाया और सोशल इंजीनियरिंग का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि मजबूत बूथ संरचना और कुशल बूथ प्रबंधन ही भाजपा की सुनिश्चित विजय का आधार बनेगा। 2027 के विधानसभा चुनाव की रणनीति के केंद्र में बूथ अध्यक्ष की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उनकी सक्रियता, निरंतरता और लक्ष्य-केंद्रित कार्यशैली ही प्रत्येक परिणाम को विजय में परिणित करेगी।



धर्मपाल सिंह ने कहा कि प्रत्येक बूथ पर नियमित बैठक होना चाहिए, बैठक का एजेंडा पूर्व निर्धारित हो और रजिस्टर मेंटेन करना है और अभियानों एवं कार्यक्रमों की समीक्षा के साथ आगामी कार्ययोजना पर चर्चा करना है। प्रत्येक बूथ पर पार्टी के सभी कार्यक्रम एवं अभियान प्रभावी ढंग से संपन्न हों, इसके लिए बूथ समितियों को सक्रिय बनाना आवश्यक है। प्रत्येक पदाधिकारी एवं सदस्य को उसकी क्षमता और योग्यता के अनुसार दायित्व सौंपा जाए। बूथ स्तर पर पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ नेताकृसभी को कार्ययोजना का हिस्सा बनाया जाना चाहिए। मेरा बूथ, सबसे मजबूत के संकल्प के साथ बूथ अध्यक्षों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का भाव भी होना चाहिए। उन्होंने नए कार्यकर्ताओं और समर्थकों को पार्टी से जोड़ने पर जोर देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाना है। समाज के हर वर्ग के साथ निरंतर संवाद, संपर्क और सेवा कार्यों के माध्यम से बूथ को सशक्त बनाना ही हमारा लक्ष्य होना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि मजबूत बूथ ही भाजपा की चुनावी सफलता का मूल आधार है। उन्होंने सभी बूथ अध्यक्षों से आह्वान किया कि वे संगठन द्वारा निर्धारित प्रत्येक कार्यक्रम को पूर्ण निष्ठा, अनुशासन और प्रतिबद्धता के साथ क्रियान्वित करें। भाजपा का कार्यकर्ता परिश्रम का पर्याय है और अपने समर्पण से किसी भी परिणाम को अनुकूल बना सकता है। उन्होंने कहा कि आज का बूथ अध्यक्ष भविष्य में मंडल अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष या राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकता है और यह अवसर केवल भाजपा में ही संभव है। अंत में उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से अपने-अपने बूथ को आदर्श बूथ बनाने का संकल्प दिलाया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की मेहनत, समर्पण और सुव्यवस्थित प्रबंधन के बल पर भारतीय जनता पार्टी 2027 में पुनः प्रचंड जनादेश प्राप्त करेगी। इस दौरान भाजपा प्रदेश मंत्री अनिल यादव, जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित, सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, मूलचंद्र निरंजन, जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी पूर्व संसद भानुप्रताप वर्मा, संजीव उपाध्याय, पूर्व जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह रामेंद्र सिंह, नागेंद्र गुप्ता, उदयन पालीवाल, पूर्व विधायक संतराम सेंगर नरेंद्र जादौन जिला एवं मण्डल के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## नगर पंचायत कदौरा के औचक निरीक्षण में एसडीएम गंदगी देख भड़के

कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज़।

तेजतर्रार उप जिलाधिकारी अमित शेखर ने नगर पंचायत कदौरा का अचानक निरीक्षण किया जहां कूड़ा गाड़ी के खड़े होने की जगह और सार्वजनिक शौचालय में व्याप्त गंदगी को देखकर उन्होंने कर्मचारियों की जमकर क्लास ली। शासन की मंशानुरूप आम जनता की समस्याओ के प्रति गंभीरतापूर्वक समाधान खोजने की धारणा रखने वाले एसडीएम कालपी अमित शेखर ने नगर पंचायत कदौरा के परिसर पर बने हर कक्ष को देखा छतों की स्थिति देखी वाहन स्टैंड देखा तो उन्हें कूड़ा गाड़ी के नीचे गंदगी दिखाई दी जिसे देखकर उनका पारा चढ़ गया। उन्होंने कर्मचारियों को बुलाकर पूंछा कि यह सब क्या है इतनी तो समझ आप लोगों



में भी होनी चाहिये कि यदि कोई आमजन भी यह सब देखेगा तो मेरी समझ से अच्छा फील नहीं करेगा और भविष्य में ऐसी गंदगी नहीं मिलनी चाहिए डांटकर आगे ही बढ़े कि उन्हें सार्वजनिक शौचालय दिखाई पड़ा तो उन्होंने देखा कि वहां भी दुर्गन्ध और गंदगी तो उन्होंने डांटा भी और समझाया भी कि हमारा रहन सहन, साफ सफाई और बातचीत का ढंग हमारी पहिचान बताता है। इसलिए हमेशा प्रयास रहे की सफाई से रहो और सफाई में रहो इसलिए ऐसी गंदगी अब भविष्य में नहीं मिलनी चाहिए।

## जनहित से जुड़े सभी कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता हो सुनिश्चित

- जिलाधिकारी ने किया विकास खण्ड कोंच का किया निरीक्षण
- जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान करने के दिये निर्देश

कोंच (जालौन), समृद्धि न्यूज़।

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने विकास खण्ड कोंच कार्यालय का निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा अधिकारियों को जनहित से जुड़े कार्यों में गुणवत्ता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जलभराव वाले क्षेत्रों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि ऐसे स्थानों पर स्थायी समाधान के लिए पक्की सड़क के साथ दोनों ओर



नालियों का निर्माण कराया जाए, ताकि वर्षा के दौरान जल निकासी सुचारु बनी रहे और लोगों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। जिलाधिकारी ने जनता दर्शन एवं जनसुनवाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाने पर विशेष बल दिया। उन्होंने खण्ड विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि जनसुनवाई का निश्चित समय निर्धारित कर कार्यालय परिसर में प्रमुख स्थान पर प्रदर्शित किया जाए, जिससे आमजन को अधिकारियों से मिलने एवं अपनी समस्याएं रखने में सुविधा हो। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके लिए कार्यालय परिसर की दीवारों पर केंद्र एवं राज्य सरकार की सभी प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदर्शित कराई जाए, ताकि आने वाले नागरिक योजनाओं की पात्रता, लाभ एवं आवेदन प्रक्रिया की जानकारी आसानी से प्राप्त कर सकें। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता बनाए रखें तथा आमजन की समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना तथा नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, उप जिलाधकारी हेमन्त पटेल, खण्ड विकास अधिकारी नरेंद्र सिंह, प्रशांत श्रीवास्तव, सुनील पाल आदि मौजूद रहे।

## भारतीय शिक्षा समिति कानपुर प्रांत के संकुल प्रमुखों की बैठक सम्पन्न

फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।

भारतीय शिक्षा समिति कानपुर प्रांत के संकुल प्रमुखों की बैठक सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, वीआईपी रोड फतेहपुर में संपन्न हुई। बैठक में कानपुर प्रांत से भारतीय शिक्षा समिति के कुल आठ संकुलों से एवं जन शिक्षा से संबंधित 8 प्रमुख प्रधानाचार्य/जिला प्रमुख प्रधानाचार्य बंधुओ ने सहभागिता की। बैठक का मुख्य विषय संकुल स्तर पर माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित कक्षा 10 एवं 12 के परीक्षा में विद्यालयों में अध्यनरत भैया बहनों के परीक्षा परिणाम की समीक्षा करना रहा। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में विद्या भारती कानपुर प्रांत के संगठन मंत्री रजनीश, विशिष्ट अतिथि प्रदेश निरीक्षक अयोध्या प्रसाद मिश्र, प्रदेश



निरीक्षक जन शिक्षा धीरेन्द्र सिंह, झांसी- बांदा संभाग के संभाग निरीक्षक शिवकरन एवं जन शिक्षा समिति के संभाग निरीक्षक विजय शंकर एवं राम प्रसाद तिवारी उपस्थित रहे दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के पश्चात बैठक प्रारंभ हुई सर्वप्रथम विद्यालय के प्रधानाचार्य विक्रम बहादुर सिंह परिहार द्वारा आए हुए अतिथियों का परिचय कराया गया एवं स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया गया। संगठन मंत्री ने संकुल प्रमुखों से उनके संकुल के विद्यालयों का विद्यालयशः परीक्षा परिणाम एवं छात्र संख्या की जानकारी ली, उन्होंने संकुल प्रमुखों को थिंक ग्लोबली एक्ट लोकली स्तर पर कार्य करने के लिए प्रेरित किया, उन्होंने अपने उद्बोधन में विद्यालयों द्वारा अभिभावक संपर्क के महत्व की उपयोगिता को बताया और कहा कि यह सतत और निरंतर चलते रहने वाली प्रक्रिया है जिसे कभी भी बंद नहीं किया जाना चाहिए उसके परिणाम सदैव सकारात्मक ही होते हैं। इसके अतिरिक्त अन्य बिंदुओं में पूर्व छात्र परिचय या संपर्क अभियान बढ़ाने, संस्कृति बोध परियोजना में अधिक से अधिक छात्र एवं विद्यालयों को जोड़ने के लिए प्रेरित किया गया। प्रदेश निरीक्षक ने अपने उद्बोधन में कहा की कक्षा कक्ष में शिक्षण कार्य नवीन राष्ट्रीय शिक्षा पद्धति आधारित पंचपदीय शिक्षण पद्धति के अनुसार पाठ योजना बनाकर कराना चाहिए, वंदे मातरम,गायन के साथ बैठक का समापन हुआ।

## मांगों को लेकर आशा संगिनी ने दिया धरना

फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।



आशा व आशा संगिनी कर्मचारी संगठन उत्तर प्रदेश की फतेहपुर की जिला अध्यक्ष रानी पटेल के नेतृत्व में नहर कॉलोनी में आशा संगिनी ने धरना दिया। इस दौरान 10 सूत्रीय मांगों को प्रमुखता से उठाया गया और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन प्रेषित किया गया।इस दौरान इन लोगों ने कहा की आशा व आशा संगिनी को राज्य कर्मचारी घोषित करते हुए न्यूनतम 18000 रुपया तथा आशा संगानी को न्यूनतम 24000 रुपए प्रतिमाह वेतन भुगतान किया जाए इसके साथी सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लेते हुए ईपीएफ का लाभ दिया जाए। 5जी मोबाइल या टैबलेट मुहैया कराया जाए। निःशुल्क बीमा किया जाए तथा दुर्घटना में मृत्यु होने पर 10 लाख रुपया का भुगतान मुआवजा के रूप में दिया जाए। सेवानिवृत्ति बेनिफिट के रूप में एक मुश्त 10 लाख रुपया का भुगतान किया जाए। इस दौरान अपनी मांगों को लेकर जमकर प्रदर्शन किया। इस अवसर पर महामंत्री रेनू सिंह, सीमा यादव, बदरऊननिशा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रही।

## तिलक मोटर्स शोरूम का हुआ उद्घाटन

फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।

शहर के विष्णुपुरी कॉलोनी पीएसी रोड खम्भापुर में तिलक मोटर्स शोरूम का उद्घाटन अयोध्या धाम बड़ा छावनी के महायज्ञ संचालक राजेंद्र दास महाराज के द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर संचालक तिलक राज सिंह चौहान व संरक्षक नागेंद्र सिंह चौहान एडवोकेट ने बताया कि उनके शोरूम में अच्छी व सस्ती इलेक्ट्रिक स्कूटी विक्ट्री कंपनी की मिलेगी जो 56000 से लेकर 115000 रूपये तक की कीमत की है। तीन से चार घंटे में एक बार की चार्ज करने पर 60 से 165 किलोमीटर तक यह स्कूटी चलेगी। इस दौरान संचालक ने कहा कि जल्द ही फतेहपुर में वह इसी कंपनी की



इलेक्ट्रिक कार भी लेकर आएंगे। इस दौरान उन्होंने यह भी बताया कि उनके यहां फाइनेंस की सुविधा उपलब्ध है। लोग आसानी से आसान किस्तों पर स्कूटी ले सकते हैं। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष राजकुमार मौर्य,जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बाबू सिंह यादव, महामंत्री अनुराग नारायण मिश्रा उर्फ पुत्तन मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष सुशील मिश्रा, विजय सिंह गौर,पप्पू सिंह चौहान, संदीप कुमार शर्मा, प्रकाश सिंह, सतीश चंद्र मिश्रा, समरजीत सिंह, जगदीश सिंह, मनदीप मिश्रा, आशीष गौड़, रमेश भदोरिया, आरती भदोरिया, कल्पना सिंह,डॉक्टर अभिषेक सिंह, दीप प्रकाश सिंह, शिवम त्रिपाठी, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष नीरज सिंह, विजय सिंह एडवोकेट, अनुग्रह सिंह एडवोकेट, पिंटू सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## मालगाड़ी की चपेट में आने से किशोर की मौत

- खेत की रखवाली करते समय हुआ हादसा, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेजा

कुलपहाड़/महोबा, समृद्धि न्यूज।

खेतों की रखवाली करने के लिए जा रहे एक 15 वर्षीय किशोर की मालगाड़ी की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुलपहाड़-बेलाताल रेलवे लाइन पर पोल संख्या 1237/24 के पास बड़ी माइनर गाटर के निकट बुधवार की सुबह करीब 9 बजे मालगाड़ी की चपेट में आने से गोलू (15 वर्ष) पुत्र



लच्छू कुशवाहा निवासी मुहल्ला जमींदारी ग्राम जैतपुर की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि गोलू सुबह अपने खेतों की रखवाली के लिए जा रहा था, तभी यह हादसा हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला महोबा भेज दिया। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है। परिजनों ने बताया कि लच्छू कुशवाहा के तीन पुत्र हैं, जिनमें गोलू दूसरे नंबर का था। बेटे की असमय मौत से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

### नवविवाहिता ने फांसी लगा की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस व फॉरेंसिक टीम

माधौगढ़ (जालौन)। गोहन थाना क्षेत्र के ग्राम मड़ोरी में गुरुवार सुबह एक नवविवाहिता ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर गोहन थाना पुलिस, क्षेत्राधिकारी तथा फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। मृतका की पहचान संतोषी (पत्नी आशीष कुमार) के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार गुरुवार सुबह करीब 8 बजे वह घर में फांसी के फंदे पर लटकी मिली। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर क्षेत्राधिकारी अंबुज सिंह यादव, गोहन थाना पुलिस तथा फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार फिलहाल आत्महत्या के कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं। परिजनों से पूंछतांछ की जा रही है और सभी संभावित पहलुओं की जांच की जा रही है।

## एसपी ने वर्चुअल जनसुनवाई आयोजित कर सुनी समस्याएं

- फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश

महोबा, समृद्धि न्यूज।

पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय से गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअल जनसुनवाई आयोजित की गई। इस पहल के अंतर्गत जनपद के समस्त पुलिस अधिकारी एवं थाना प्रभारी वर्चुअल माध्यम से सीधे जुड़कर जनसमस्याओं के समाधान में सहभागी बने। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आये शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना गया तथा




संबंधित थाना प्रभारियों से सीधे संवाद स्थापित कर प्रत्येक प्रकरण के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी शिकायतों का निस्तारण पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को शीघ्र न्याय एवं राहत प्राप्त हो सके। साथ ही उन्होंने जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए प्रत्येक स्तर पर प्रभावी एवं उत्तरदायी पुलिसिंग सुनिश्चित करने पर बल दिया।

## बारिश में खुली सफाई व्यवस्था की पोल, सड़कों में जलभराव से लोग परेशान

- सड़कों में पानी भरने से लोगों को घरों के गिरने का सताने लगा डर

महोबा, समृद्धि न्यूज।

ग्राम पंचायत जैतपुर में शुरुआत की बर्षा ने ही सफाई व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी है! इस लापरवाही को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराज़गी है। ग्रामीणों का आरोप है कि लंबे समय से नालियों की सफाई नहीं कराई गई, जिसके कारण गलियों में गंदा पानी भर गया है और पूरे मुहल्ले का जनजीवन प्रभावित हो गया है।जलभराव के कारण कई गरीब



परिवारों के कच्चे मकान गिरने की कगार पर पहुंच गए हैं। कई घरों में पानी घुसने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार संबंधित अधिकारियों और पंचायत सचिव से शिकायत की, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों का आरोप है कि यदि समय रहते नालियों की सफाई और जलनिकासी की उचित व्यवस्था नहीं की गई, तो किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। उनका कहना है कि प्रशासन की अनदेखी के कारण स्थिति लगातार गंभीर होती जा रही है। मुहाल गेगवापुरा के ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की तत्काल जांच कराई जाए, यदि किसी स्तर पर लापरवाही पाई जाए तो संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए। साथ ही नालियों की तत्काल सफाई, जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान तथा प्रभावित गरीब परिवारों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जाए, ताकि किसी संभावित दुर्घटना से पहले लोगों को राहत मिल सके।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल विद्युत इंजीनियर/टीआरएस/गोरखपुर, विद्युत लोको शेड गोरखपुर/पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु खुली ई–निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। **निविदा सूचना सं.: ELS-GKP-SLAM-2026-27; कार्य का नामः** "ELS-GKP में 2 वर्ष हेतु SLAM सिस्टम का प्रबंधन"। **अनुमानित लागतः** ₹56,48,283.08; **अग्रिम धनः** ₹1,13,000/-; **निविदा प्रपत्र का मूल्यः** ₹0.00; **निविदा की अवधिः** 24 माह; • ऑफर अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय 31.07.2026, 15:00 बजे तक एवं यह ई–निविदा 31.07.2026 को 15:00 बजे के बाद खोली जाएगी। • इस ई–निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी, न्यूनतम अर्हताएं तथा नियम एवं शर्तें, रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। • निविदाकार, ई–निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस निविदा से संबंधित शुद्धिपत्र (यदि कोई हो) को वेबसाइट पर संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

मं० वि० इंजी०/टीआरएस
गोरखपुर

मुजाधि/विद्युत–90

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

# वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुआ प्रणव भास्कर तिवारी का यज्ञोपवीत संस्कार

## धर्माचार्यों ने दिया आध्यात्मिक जीवन का संदेश

**समृद्धि न्यूज़, रामसनेहीघाट (बाराबंकी)।**

अयोध्या धाम स्थित श्री रामानंद वैष्णव गुरुकुलम् (बस्ती क्षेत्र) में पूरे ब्राह्मण मजरे महुलारा, विकासखंड बनीकोडर निवासी प्रणव भास्कर तिवारी का यज्ञोपवीत (उपनयन) संस्कार वैदिक परंपराओं एवं विधि-विधान के अनुसार अत्यंत श्रद्धा, उल्लास और आध्यात्मिक वातावरण में संपन्न हुआ। वेद मंत्रों की पावन ध्वनि, हवन की सुगंध और धार्मिक अनुष्ठानों के बीच संपन्न इस मांगलिक आयोजन ने सभी श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक भाव से अभिभूत कर दिया। हिंदू धर्म में उपनयन संस्कार को सोलह संस्कारों



में अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त है। इसे बालक के आध्यात्मिक, बौद्धिक एवं नैतिक जीवन की नई शुरुआत माना जाता है। इस संस्कार के माध्यम से बालक को वेदाध्ययन, संध्योपासना, गुरु परंपरा और धर्माचरण के मार्ग पर अग्रसर होने का संकल्प दिलाया जाता है। यज्ञोपवीत धारण करने के साथ ही बालक पर ज्ञान, अनुशासन और सदाचार के पालन का दायित्व भी आरंभ होता है। यह पावन अनुष्ठान गुरुकुल के संस्थापक अध्यक्ष एवं श्री राम कुंज कथा मंडप, अयोध्या के महंत परम पूज्य आचार्य श्री सत्य नारायण दास जी महाराज के पावन सानिध्य एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। आचार्य श्री ने वैदिक परंपराओं का महत्व बताते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में संस्कार ही जीवन को श्रेष्ठ दिशा प्रदान करते हैं। उन्होंने प्रणव भास्कर तिवारी को यज्ञोपवीत धारण कर धर्म, संस्कृति और राष्ट्र के प्रति समर्पित जीवन जीने का आशीर्वाद दिया तथा सदैव सत्य, सेवा और संस्कारों के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। पूरे आयोजन के दौरान गुरुकुल परिसर वैदिक ऋचाओं, हवन एवं धार्मिक अनुष्ठानों से भक्तिमय बना रहा। उपस्थित श्रद्धालुओं, परिजनों, शुभचिंतकों एवं गुरुकुल के ब्रह्मचारियों ने नवदीक्षित बटुक को शुभाशीष प्रदान करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और आध्यात्मिक उन्नति की मंगलकामना की।

धार्मिक गरिमा और वैदिक परंपराओं से ओत-प्रोत यह आयोजन भारतीय संस्कृति एवं सनातन धर्म के संस्कारों को जीवंत बनाए रखने का प्रेरणादायी उदाहरण बना।

# विहिप का पौधरोपण अभियान के तहत रोप गए पौधे

- कार्यकर्ताओं व नगरवासियों ने मिलकर कस्बे में जगह-जगह पौधे रोपे, प्रकृति संरक्षण का संकल्प लिया

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

विश्व हिंदू परिषद के तत्वावधान में गुरुवार को वृक्षारोपण अभियान के तहत पौधे रोपे गये। 'वृक्ष धरा का भूषण हैं, करता दूर प्रदूषण हैं 'के नपावन संकल्प के परिषद के कार्यकर्ताओं और नगरवासियों ने मिलकर कस्बे में जगह जगह पर पौधे रोपे और प्रकृति संरक्षण का संकल्प लिया। वृक्षारोपण अभियान के तहत विजयी हनुमान मंदिर परिसर व अन्य स्थानों पर वृक्षारोपण किया गया



आयोजक विहिप के हैदरगढ़ अध्यक्ष व मनोनीत सभासद हरी भाई वैश्य ने कहा कि संगठन के दायित्व व मनोनीत सभासद होने के नाते,मेरा यह निरंतर प्रयास है कि हमारा हैदरगढ़ न केवल हरा-भरा बने, बल्कि सामाजिक रूप से भी संगठित और सशक्त हो।

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए उन्होने पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और कस्बावासियों के प्रति आभार जताया।

इस अवसर पर विभाग संगठन मंत्री इंद्रेश, देवा शंकर शुक्ला, अभिषेक गुप्ता, विवेक गुप्ता, विक्की पांडेय, नीलू अवस्थी हनुमान विश्वकर्मा मौजूद रहे।

## सीएचसी के कर्मचारियों की दबंगई: मरीजों, तीमारदारों से आये दिन हो रही कहासुनी

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** अस्पताल में पर्चा काउंटर पर तैनात कर्मचारियों की दबंगई का शिकार मरीज हो रहे हैं। सौ शय्या युक्त चिकित्सालय में गुरुवार को पर्चा बनवाने को लेकर मरीज और अस्पताल कर्मचारियों के बीच विवाद हो गया। यह विवाद जल्द ही मारपीट में बदल गया।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक़ पर्चा काउंटर पर लाइन में लगने और पर्चा बनवाने की प्रक्रिया को लेकर शुरू हुई बहस देखते ही देखते मारपीट में गई और विवाद बढ़ गया । जिससे अस्पताल परिसर में भीड़ जमा हो गई।इस घटना के बाद मरीजों में नाराजगी देखी गई। लोगों ने मांग की है कि अस्पताल में पर्चा और ओपीडी काउंटर पर कर्मचारियों का व्यवहार बेहतर किया जाए।

# सड़क पर झुके पेड़ों की टहनियां हादसे को दे रहीं दावत



**समृद्धि न्यूज़, जैदपुर बाराबंकी।** जैदपुर बाराबंकी मार्ग पर सड़क के बीच झुकी पेड़ की टहनी तकिया चौराहे जैसी घटना दोहरान का खतरा बनी हुई है।इसके बावजूद जर्जर पेड़ों पर नहीं वन विभाग जाग नही रहा है।जानकारी के अनुसार जैदपुर-बाराबंकी मार्ग पर बारिश के दौरान एक बार फिर बड़ा खतरा मंडराने लगा है।सड़क किनारे खड़े एक जर्जर पेड़ की भारी टहनी टूटकर विद्युत लाइन के सहारे सड़क के बीचोबीच झुक गई है।स्थिति इतनी गंभीर है कि किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है,लेकिन जिम्मेदार विभाग अब तक बेखबर नजर आ रहा है।बारिश के चलते जैदपुर-बाराबंकी मार्ग पर पेड़ की एक बड़ी टहनी टूटकर बिजली की लाइन पर आ गिरी और सड़क के बीच तक झुक गई।इस वजह से राहगीरों और वाहन चालकों की जान पर खतरा बना हुआ है।स्थानीय लोगों का कहना है कि तेज हवा या लगातार बारिश होने पर यह टहनी कभी भी पूरी तरह गिर सकती है,जिससे बड़ा हादसा हो सकता है। गौरतलब है कि कुछ ही दिन पहले तकिया चौराहे पर पेड़ की टहनी गिरने से एक बुजुर्ग की दर्दनाक मौत हो चुकी है।

## बाढ़ क्षेत्र में समाजसेवियों ने वितरित किया राशन कपड़ा

**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।** बाढ़ क्षेत्र में आने वाले घाघरा के तटीय क्षेत्रों में विगत वर्षों की भांति ही राष्ट्रीय जागरण मंच के तत्वावधान में अध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव के संयोजन में वस्त्र वितरण व खाद्यान्न वितरण कैंपों का शुभारंभ किया गया। रामनगर विधानसभा के अंतर्गत भिखारी पुरवा स्थिति ग्राम पंचायत भवन में तथा घाघरा के तटीय ग्राम बतनेरा में व हेतमापुर धाम में आर्थिक रूप से कमजोर तबके के लोगों को भारी मात्रा में वस्त्र वितरण किया गया, महिलाओं को साड़ी, बच्चों व पुरुषों को अलग अलग कपड़े प्रदान किए गये। साथ ही सभी बच्चों को बिस्कुट वितरण किया गया। मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि विगत दो दशकों से चले आ रहे सहायता कैंपों की श्रृंखला में अगले सप्ताह निशुल्क चिकित्सा कैंप का आयोजन किया जाएगा।

# स्कूल चलो अभियान के द्वितीय चरण का हुआ शुभारंभ



- हर बच्चे को शिक्षा से जोड़ने का लिया संकल्प
- गत वर्ष के नामांकन के सापेक्ष सर्वाधिक नामांकन करने वाले पांच विद्यालय के प्रधानाचार्य सम्मानित
- छात्र-छात्राओं को पुस्तकें वितरित कर जागरूकता रैली को दिखाई हरी झंडी

**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।** शैक्षिक सत्र 2026-27 के अंतर्गत जनपद बाराबंकी में स्कूल चलो अभियान के द्वितीय चरण का शुभारंभ गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोक सभागार में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत रही, जबकि अध्यक्षता विधान परिषद सदस्य अंगद कुमार सिंह ने की। इस अवसर पर जनपद के प्रत्येक बच्चे को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने तथा शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ।

छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर कार्यक्रम को सांस्कृतिक गरिमा प्रदान की। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक ने अभियान की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि छह से चौदह वर्ष आयु वर्ग के प्रत्येक बच्चे का विद्यालय में नामांकन सुनिश्चित करने तथा पढ़ाई छोड़ चुके बच्चों को पुनः विद्यालय से जोड़ने के लिए विशेष अभियान संचालित किया जाएगा।

# पहली बारिश में ही रामसनेहीघाट हुआ पानी-पानी, विकास कार्यों की खुली पोल

**समृद्धि न्यूज़, रामसनेहीघाट (बाराबंकी)।** मानसून की पहली ही बारिश ने रामसनेहीघाट क्षेत्र में विकास कार्यों और जल निकासी व्यवस्था की वास्तविक तस्वीर सामने ला दी। हल्की बारिश के बाद ही क्षेत्र के कई प्रमुख स्थान जलमग्न हो गए, जिससे आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कोतवाली परिसर के आसपास, ब्लॉक बनीकोडर, दरियाबाद मार्ग स्थित ओवरब्रिज के पास, भिटरिया चौराहा और जेठवनी सहित कई स्थानों पर सड़कें तालाब जैसी नजर आईं। सड़क किनारे पानी भरने से राहगीरों, वाहन चालकों और दुकानदारों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर पंचायत और संबंधित विभागों द्वारा हर वर्ष नालियों की सफाई तथा



जल निकासी के बेहतर इंतजाम के दावे किए जाते हैं, लेकिन पहली ही बारिश में व्यवस्था पूरी तरह धराशायी होती दिखाई दी। कई स्थानों पर जलभराव के कारण दोपहिया वाहन फिसलते नजर आए, जबकि पैदल निकलने वालों को भी पानी से होकर गुजरना पड़ा। लोगों का कहना है कि अभी तो मानसून की शुरुआत हुई है और हल्की बारिश में ही यह हाल है। यदि आने वाले दिनों में लगातार या तेज बारिश हुई तो हालात और भी गंभीर हो सकते हैं।

# खबरें एक नजर में

## उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने पीएमएस संघ की वेबसाइट लॉन्च की

**समृद्धि न्यूज़, सीतापुर।** उत्तर प्रदेश प्रांतीय चिकित्सा सेवा (पीएमएस) संघ



की नवीन केंद्रीय कार्यकारिणी ने अध्यक्ष डॉ. यशवीर सिंह के नेतृत्व में उपमुख्यमंत्री एवं चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री ब्रजेश पाठक तथा राज्य मंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने पीएमएस संघ की आधिकारिक वेबसाइट का शुभारंभ किया। प्रतिनिधिमंडल में महासचिव डॉ. शरद वैश्य सहित संघ के विभिन्न पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## फूलपुर झरिया पंचायत में विकास के नाम पर खेल, फर्जी भुगतान और फर्जी फोटो अपलोड के आरोपों से घिरे सचिव

**सीतापुर।** जनपद सीतापुर के विकासखंड मिश्रिख की ग्राम पंचायत फूलपुर झरिया एक बार फिर वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों को लेकर चर्चा में है। ग्राम पंचायत में तैनात सचिव राजेश कुमार चौधरी पर विकास कार्यों में गंभीर अनियमितताएं बरतने, सरकारी धन के कथित दुरुपयोग और अभिलेखों में हेराफेरी के आरोप लगाए जा रहे हैं। स्थानीय सूत्रों का दावा है कि कई ऐसे विकास कार्यों का भुगतान किया गया, जिनमें जियो-टैगिंग के स्थान पर कथित रूप से फर्जी फोटो अपलोड किए गए, जिससे वास्तविक कार्यों की स्थिति पर सवाल खड़े हो गए हैं। सूत्रों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2024-25, 2025-26 और 2026-27 में 15वें वित्त आयोग की धनराशि से नल मरम्मत, प्रशासनिक व्यय, मजदूरी सहित विभिन्न मदों में बड़े पैमाने पर कथित अनियमित भुगतान किए गए। आरोप है कि कई कार्यों का भुगतान कागजों में दर्शाया गया, जबकि धरातल पर उनकी स्थिति संदिग्ध बताई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि संबंधित कार्यों की तकनीकी जांच, जियो-टैग, एमबी, भुगतान विवरण, फोटो अपलोड, मस्टर रोल और स्थलीय सत्यापन कराया जाए तो कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आ सकते हैं। आरोप यह भी है कि विकासखंड स्तर पर शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी प्रभावी कार्रवाई करने के बजाय केवल नोटिस जारी कर औपचारिकता पूरी कर रहे हैं। स्थानीय सूत्रों का यह भी दावा है कि विकासखंड स्तर पर सचिवों और अधिकारियों के बीच कथित सांठगांठ के चलते किसी भी मामले में कठोर कार्रवाई नहीं हो पाती। आरोप है कि सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) और खंड विकास अधिकारी स्तर से उच्च अधिकारियों को कार्रवाई के लिए प्रभावी संस्तुति नहीं भेजी जाती, जिससे शिकायतें फाइलों में ही दबकर रह जाती हैं। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी इस पूरे मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराकर दोषियों पर कठोर कार्रवाई करेंगे, या फिर यह मामला भी नोटिस और कागजी जांच तक सीमित रह जाएगा? यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो यह सरकारी धन के दुरुपयोग का गंभीर मामला हो सकता है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी से मांग की है कि पूरे प्रकरण की स्वतंत्र एजेंसी अथवा वरिष्ठ अधिकारियों से निष्पक्ष जांच कराई जाए।

# स्व. दादा तेजभान सिंह की अस्थि कलश यात्रा में उमड़ा जनसैलाब



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** बृहस्पतिवार को अपने प्रिय जननेता को अंतिम विदाई देने के लिए हजारों लोगों का हुजूम सड़कों पर उमड़ पड़ा। हर आंख नम थी, हर चेहरा गमगीन और हर जुबान पर एक ही स्वर था 'दादा तेजभान सिंह अमर रहें।' जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर अस्थि कलश यात्रा का स्वागत किया। लोगों ने स्व. दादा तेजभान सिंह के चित्र एवं अस्थि कलश पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी और नम आंखों से अंतिम प्रणाम किया। परिजनों समेत सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता, समर्थक और क्षेत्रवासी यात्रा में शामिल हुए। अस्थि कलश यात्रा जामों से संगम, प्रयागराज के लिए रवाना हुई अस्थि कलश यात्रा के दौरान पूरा मार्ग श्रद्धा, सम्मान और भावनाओं से सराबोर रहा। जिस जननेता ने अपना जीवन समाज, राष्ट्र और संगठन की सेवा को समर्पित किया।

## निषादराज बोट सब्सिडी योजना के लिए आवेदन शुरू

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य पालक विकास अभिकरण अनिल कुमार ने मत्स्य पालकों, मछुआरों एवं निषाद समुदाय के पात्र लाभार्थियों को अवगत कराया है कि निषादराज बोट सब्सिडी योजना के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन हेतु विभागीय पोर्टल पुनः खोल दिया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी 9 से 24 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में संचालित विभिन्न मत्स्य योजनाओं के लिए आवेदन पोर्टल पूर्व में 8 जून से 28 जून तक संचालित किया गया था। अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभाग द्वारा आवेदन की अवधि पुनः बढ़ाई गई है।

# जिलाधिकारी ने सुनी जनता की शिकायतें



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी संजय चौहान ने आमजन की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित निस्तारण के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने भूमि विवाद, राजस्व, विकास, चिकित्सा तथा अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कीं। जिलाधिकारी ने प्रत्येक शिकायतकर्ता की समस्या को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान हो, इसलिए सभी अधिकारी जनसुनवाई में प्राप्त प्रार्थना पत्रों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी शिकायत के निस्तारण में लापरवाही या अनावश्यक विलंब पाए जाने पर संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

## पिछड़ा वर्ग आयोग ने आरक्षण पर लिए सुझाव



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** उत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय ग्रामीण निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग की बैठक गुरुवार को दोपहर 2 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति राम औतार सिंह ने की। इस दौरान आयोग के सदस्य एस.पी. सिंह, संतोष कुमार विश्वकर्मा, बृजेश कुमार और अरविंद कुमार चौरसिया मौजूद रहे। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि, जिलाधिकारी संजय चौहान, पुलिस अधीक्षक सरवणन टी., मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत प्रमुख, जिला पंचायत सदस्य तथा सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। आयोग ने ग्रामीण निकायों में पिछड़े वर्ग के आरक्षण को लेकर स्थानीय परिस्थितियों, सामाजिक-आर्थिक स्थिति और राजनीतिक प्रतिनिधित्व पर जनप्रतिनिधियों व नागरिकों से सुझाव लिए। जनसंख्या, भूमि स्वामित्व, भूमिहीन परिवारों की संख्या, आजीविका, आय के स्रोत तथा सरकारी सेवाओं में भागीदारी जैसे विषयों पर भी जानकारी जुटाई गई। आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि प्राप्त सुझावों और आंकड़ों का परीक्षण कर शासन को न्यायसंगत एवं व्यवहारिक संस्तुतियां भेजी जाएंगी। बैठक में सभी प्रतिभागियों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं और सुझावों को आयोग के समक्ष रखा।

# कार्य की अवधि सुनिश्चित हो तो नहीं भटकेंगे फरियादी : जय सिंह

- अधिकारी राजनैतिक दबाव या प्रभावशाली पक्ष में नहीं बल्कि कानून और न्याय के पक्ष में काम करें: अजय सिंह

**लालगंज रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** राष्ट्रीय मानवाधिकार फाउण्डेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों को संबोधित करते हुए वर्तमान समय में प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा पीड़ितों को न्याय मिलने में हो रही देरी पर गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि पीड़ितों की अपेक्षा है कि प्रशासनिक अधिकारी कानून का पालन करते हुए उन्हें त्वरित न्याय प्रदान करें। उच्चाधिकारियों के जनता दर्शन



कार्यक्रम और सम्पूर्ण समाधान दिवसों में फरियादियों और पीड़ितों की लगातार बढ़ रही भीड़ इस बात का सूचक है कि स्थानीय अधिकारियों से उनकी समस्याओं का निदान और न्याय नहीं मिल पा रहा है। राष्ट्रीय मानवाधिकार फाउण्डेशन के अध्यक्ष के इस बयान का सीधा मतलब यह है कि सरकारी अधिकारियों को बिना किसी डर या पक्षपात के केवल कानून के अनुसार काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को किसी भी राजनैतिक दबाव के आगे झुकना नहीं चाहिए। उन्हें किसी नेता के इशारे पर नहीं, बल्कि संविधान के दायरे में रहकर निर्णय लेना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि समाज के अमीर, ताकतवर या ऊंचे रसूख वाले लोग अक्सर व्यवस्था को प्रभावित करने की कोशिश करते हैं परन्तु अधिकारियों को किसी अमीर या शक्तिशाली व्यक्ति का पक्ष नहीं लेना चाहिए, कानून की नजर में एक आम आदमी और प्रभावशाली व्यक्ति दोनों बराबर होने चाहिए। उन्होंने ये भी कहा कि अधिकारियों की असली जिम्मेदारी देश के कानून और न्याय व्यवस्था के प्रति है। उनका हर फैसला इस बात पर आधारित होना चाहिए कि सच क्या है, और कानून क्या कहता है। जब अधिकारी केवल न्याय का साथ देंगे, तभी समाज के सबसे कमजोर व्यक्ति के मानवाधिकारों की रक्षा हो सकेगी। अन्त में उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय मानवाधिकार फाउण्डेशन संगठन का प्रमुख होने के नाते मैंने यह बात इसलिए उठाई है, क्योंकि जब अधिकारी निष्पक्ष नहीं होते, तो मानवाधिकारों का हनन होता है।अधिकारियों की निष्पक्षता ही जनता का सरकारी तंत्र और न्याय प्रणाली पर भरोसा बनाए रखती है। इसके साथ ही उन्होंने प्रशासनिक व्यवस्था में ईमानदारी, निष्पक्षता और पारदर्शिता लाने की एक जोरदार अपील की है, ताकि हर नागरिक को बिना किसी भेदभाव के न्याय मिल सके।

## चोरी के दो मोबाइल फोन के साथ आरोपी गिरफ्तार

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद में अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत बृहस्पतिवार को क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज कुमार मिश्र के नेतृत्व में थाना पीपरपुर पुलिस द्वारा क्षेत्र में चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना पीपरपुर में वांछित अभियुक्त रमेश कुमार यादव पुत्र रामचन्द्र यादव निवासी ग्राम गंगा पाण्डेय का पुरवा मजरे टिकावर थाना पीपरपुर को गिरफ्तार किया गया व 3 बाल अपचारी को नियमानुसार निगरानी में लिया गया है।

# रायबरेली: विकास लोगों का कर रहा विनाश

- 'नेता नहीं बेटा चुनिये' ..... यही शब्द थे नगर पालिका अध्यक्ष साहब के

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** रायबरेली में गल्ला मंडी रोड का निर्माण न होने से नाराज़ वार्ड संख्या 3 के सभासद जय वर्मा और क्षेत्रीय लोगों का गुस्सा सड़क पर देखने को मिला। खराब और जलभराव वाली सड़क के विरोध में सभासद ने स्थानीय लोगों के साथ सड़क पर धान की रोपाई कर अनोखा प्रदर्शन किया। इस दौरान लोगों ने जमकर नारेबाज़ी करते हुए प्रशासन से जल्द सड़क निर्माण की मांग उठाई सभासद जय वर्मा ने बताया कि वह लगभग एक वर्ष पहले भी इसी सड़क के निर्माण को लेकर प्रदर्शन कर चुके



हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उनका कहना है कि बरसात के दिनों में सड़क की स्थिति और भी बदतर हो जाती है, जिससे राहगीरों और स्थानीय निवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है प्रदर्शनकारियों ने जिला प्रशासन से मांग की कि गल्लामंडी रोड का निर्माण शीघ्र कराया जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को जर्जर सड़क और जलभराव की समस्या से राहत मिल सके। **लोगों का अनोखा विरोध प्रदर्शन**-स्थानीय सभासद जय वर्मा और स्थानीय लोगों के अनोखा विरोध प्रदर्शन किया गया लोगों ने गड्ढे में भरे हुए पानी में धान के पेड़ की रोपाई करते हुए स्थानीय प्रशासन और अध्यक्ष के प्रति विरोध दर्ज कराया और प्रशासन से मांग की जल्द से जल्द इस सड़क का निर्माण कराया जाए।

## डीएम ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ ईवीएम व वीवीपैट वेयर हाउस का किया निरीक्षण



**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशानुसार जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने कलेक्ट्रेट स्थित ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस का मासिक वाह्य निरीक्षण राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वेयर हाउस की साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस की सुरक्षा, लाग बुक, सीसीटीवी कैमरा आदि के बारे में जानकारी ली। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अंजूलता, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, जिला पंचायत राज अधिकारी विनय सिंह, प्रभारी सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी फिरोज अहमद सहित अन्य संबंधित अधिकारी व राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# विद्यालय गेट के सामने एक माह से खड़ा डीसीएम, छात्रों ने किया प्रदर्शन

**बछरावां रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** उच्च प्राथमिक विद्यालय शेखपुर समोधा के मुख्य गेट के सामने पिछले करीब एक महीने से खड़ा डीसीएम विद्यालय आने वाले छात्र-छात्राओं के लिए बड़ी परेशानी का कारण बना हुआ है। स्कूल के प्रवेश द्वार पर डीसीएम खड़े होने से बच्चों को अंदर आने-जाने में दिक्कत हो रही है। वहीं अभिभावकों और शिक्षकों का कहना है कि यह स्थिति कभी भी किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। बताया गया कि करीब तीन सप्ताह पूर्व हुए एक सड़क हादसे के बाद पुलिस ने उक्त डीसीएम को विद्यालय के सामने खड़ा करा दिया था। इसके बाद से अब तक डीसीएम को वहां से नहीं



हटाया गया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका शमा सिंह ने बताया कि पुलिस से डीसीएम हटवाने की शिकायत की, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। गुरुवार को समस्या से आजिज आ चुके छात्र-छात्राओं ने विद्यालय परिसर के बाहर प्रदर्शन कर डीसीएम को तत्काल हटाने की मांग की। उनका कहना था कि डीसीएम की वजह से विद्यालय में प्रवेश के समय हर दिन परेशानी उठानी पड़ती है और सड़क पर निकलते समय दुर्घटना का खतरा बना रहता है।

प्रधानाध्यापिका शमा सिंह ने बताया कि विद्यालय के मुख्य द्वार के सामने भारी वाहन खड़ा होने से बच्चों की सुरक्षा प्रभावित हो रही है। कई बार संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया गया, लेकिन अभी तक ट्रक नहीं हटाया गया। उन्होंने बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए तत्काल ट्रक हटवाने की मांग की है। ग्रामीणों और अभिभावकों ने भी प्रशासन से जल्द कार्रवाई कर विद्यालय के सामने खड़े ट्रक को हटवाने की मांग की है, ताकि छात्र-छात्राएं सुरक्षित रूप से विद्यालय आ-जा सकें।

# बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत कर सरकार की योजनाओं को घर-घर पहुंचाएं : राम प्रताप सिंह



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

भाजपा के प्रदेश महामंत्री राम प्रताप सिंह का गुरुवार को कन्नौज में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के फगुआ कट पर कार्यकर्ताओं की भीड़ देखकर उन्होंने अपना काफिला रुकवाया और सभी का अभिवादन स्वीकार किया।

भाजपा जिलाध्यक्ष समेत पार्टी नेताओं ने पुष्पगुच्छ और माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया। इस दौरान प्रदेश महामंत्री ने कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। उन्होंने बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने और केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत और एकजुटता के बल पर ही भारतीय जनता पार्टी लगातार नई ऊंचाइयों को हासिल कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार जनहित के लिए लगातार काम कर रही है, इसलिए पार्टी कार्यकर्ता जनता के बीच रहकर सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करें।

स्वागत कार्यक्रम में आनंद सिंह, शैलेंद्र द्विवेदी, रामसेवक कठेरिया, श्यामू राजपूत, भूपेंद्र शाक्य, रामबाबू कटियार, संध्या शर्मा, अभिमन्यु सिंह, मिथलेश बाथम, दीपशिखा पाल, राज भदौरिया, राघव तिवारी सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सुनील कुमार पाल अध्यक्ष, ओमप्रकाश कुमार बने मंत्री

- माध्यमिक शिक्षक संघ (चंदेल गुट) शाखा का गठन



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

जेडी जनता इंटर कॉलेज में आयोजित बैठक में माध्यमिक शिक्षक संघ (चंदेलगुट) शाखा इकाई का गठन सर्वसम्मति से किया गया। बैठक में सुनील कुमार पाल को अध्यक्ष और ओमप्रकाश कुमार को शाखा मंत्री नियुक्त किया गया।

इस अवसर पर पुरानी पेंशन बहाली और विद्यालय में पठन पाठन की गुणवत्ता सुधार से संबंधित मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुनील कुमार पाल एवं मंत्री ओमप्रकाश कुमार ने कहा हम शिक्षकों के हितों की रक्षा के लिए निरंतर प्रयास करेंगे। पुरानी पेंशन योजना की बहाली, शिक्षकों की समस्याओं का शीघ्र समाधान और विद्यालयों में बेहतर शैक्षिक वातावरण बनाने के लिए संघर्षरत रहेंगे। शिक्षक संघ को मजबूत बनाकर सभी साथियों के अधिकारों की लड़ाई लड़ेंगे। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ज्ञानेश चंद दुबे, राम महेश पाल, राजेश दुबे, सत्य प्रकाश, अरविंद शुक्ला, प्रमोद कुमार, सैयद नजर, अवधेश कुमार, सर्वेश कुमार, कमल यादव, रानू शर्मा, राजेंद्र प्रसाद, रोहित मिश्रा, अजीत, हितेंद्र कुमार अग्निहोत्री, नारायण शरण त्रिपाठी, रवींद्र कुमार स्वर्णकार (पीटीआई) सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।

## वाद-मुक्त गांव बनाने के लिए पांच गांवों का हुआ चयन

**छिबरामऊ, कन्नौज।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कन्नौज ने खंड विकास अधिकारी को पत्र जारी कर राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से संचालित द्वितीय चरण कम्युनिटी मेडिएशन टुवर्ड्स ए लिटिगेशन-फ्री रूरल इंडिया कार्यक्रम के तहत विकास खंड से पांच गांवों का चयन किया गया है। इन गांवों में आपसी सहमति और मध्यस्थता के माध्यम से वाद-मुक्त गांव बनाया जाएगा। खंड विकास अधिकारी दीपांकर आर्य ने बताया कि प्राधिकरण की सचिव अनुजा सिंह द्वारा जारी पत्र में बताया गया है कि इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे-छोटे दीवानी एवं पारिवारिक विवादों का समाधान न्यायालय जाने से पहले ही संवाद, समझौते और प्रशिक्षित मध्यस्थों की सहायता से कराना है। इससे मुकदमेबाजी में होने वाले आर्थिक, सामाजिक एवं समयगत नुकसान को कम किया जा सकेगा। कार्यक्रम के प्रमुख उद्देश्यों में गांवों में सौहार्द, भाईचारा और सामाजिक एकता को बढ़ावा देना, विवादों का स्वैच्छिक एवं गोपनीय समाधान सुनिश्चित करना तथा प्रत्येक व्यक्ति की न्याय तक सहज पहुंच उपलब्ध कराना शामिल है।

# वृजबहादुर पुनः प्रदेश उपाध्यक्ष और सीमा शाक्य बनीं प्रदेश महामंत्री

- भाजपा प्रदेश पदाधिकारियों के मनोनयन पर कार्यकर्ताओं में उत्साह



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

भाजपा के प्रदेश पदाधिकारियों के रूप में वृजबहादुर को पुनः प्रदेश उपाध्यक्ष और सीमा शाक्य को प्रदेश महामंत्री मनोनीत किए जाने पर स्थानीय कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है। इस अवसर पर निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष विपिन द्विवेदी के आवास पर आयोजित बैठक में कार्यकर्ताओं ने इन नियुक्तियों का स्वागत किया। विपिन द्विवेदी ने कहा कि वृजबहादुर के दीर्घकालिक अनुभव से संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी। उन्होंने सीमा शाक्य की सराहना करते हुए कहा कि पूर्व में राज्यसभा सदस्य और महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष के रूप में उन्होंने महिलाओं को जोड़कर पार्टी को सशक्त किया है, जिससे वर्ष 2027 में उत्तर प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनना तय है। इस दौरान लखनऊ जाते समय कार्यकर्ताओं से मिले प्रदेश उपाध्यक्ष वृजबहादुर ने कहा कि मोदी और योगी सरकार ने युवाओं, किसानों और महिलाओं के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएँ लागू की हैं और प्रदेश में कानून-व्यवस्था पूरी तरह सुदृढ़ है। बैठक में रजत त्रिपाठी, शिवम त्रिपाठी, धर्मेंद्र कश्यप, सुनील राठौर, सुशांत शुक्ला, आलोक शर्मा, वैभव दुबे, अनूप, आशुतोष दुबे, निखिल, रिंकू दीक्षित, पीयूष गुप्ता, परशुराम देवल, शिवम तिवारी और अर्पित रमन सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## साइड वॉल न बनने से हाईवे बना हादसों का केंद्र

- छिबरामऊ बाईपास पर लगातार जा रही जानें
- स्थानीय लोगों ने एनएचएआई और प्रशासन से की मांग हाईवे के दोनों ओर शीघ्र साइड वॉल का कराया जाए निर्माण

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।** नगर से गुजर रहे जीटी रोड (एनएच-34) पर पूर्वी और पश्चिमी बाईपास के बीच सडक़ किनारे वाहनों के खड़े रहने से लगातार गंभीर सड़क हादसे हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि हाईवे चौड़ीकरण के दौरान भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने सड़क के दोनों ओर साइड वॉल (सुरक्षा दीवार) बनाने का कार्य शुरू किया था, लेकिन स्थानीय विरोध के चलते यह काम अधूरा रह गया। इसका खामियाजा अब राहगीरों और वाहन चालकों को भुगतना पड़ रहा है। साइडवॉल न होने के कारण हाईवे किनारे भारी वाहन, ट्रक और क्रेन खड़े रहते हैं, जिससे तेज रफ्तार वाहन अक्सर उनकी चपेट में आ जाते हैं। बीती रात भी सड़क किनारे खड़े एक वाहन से गेंदा फूलों से लदी तेज रफ्तार पिकअप टकरा गई। हादसे में एक व्यापारी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि छह अन्य व्यापारी गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों का अस्पताल में उपचार चल रहा है। इससे पहले भी पूर्वी बाईपास पर सडक़ किनारे खड़ी क्रेन से बारातियों से भरी मारुति वैन टकरा गई थी, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई थी और कई अन्य घायल हुए थे। इसके अलावा भी इस मार्ग पर कई छोटे-बड़े हादसे हो चुके हैं। स्थानीय लोगों ने एनएचएआई और प्रशासन से मांग की है कि हाईवे के दोनों ओर शीघ्र साइड वॉल का निर्माण कराया जाए तथा सडक़ किनारे वाहनों की पार्किंग पर सख्ती से रोक लगाई जाए। उनका कहना है कि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो भविष्य में भी ऐसे दर्दनाक हादसे होते रहेंगे।

# अतिक्रमण से नाला हुआ बंद, घरों में भरा पानी

- लोगों की शिकायत पर विधायक ने समस्या के समाधान के दिए निर्देश



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

सरायगूजरमल में लोगों ने अतिक्रमण कर नाले को ही बंद कर दिया गया, जिससे अब वहां के वाशिंदे जलभराव की गंभीर समस्या से जूझने लगे हैं। हालत यह है कि हल्की बारिश होते ही लोगों के घरों में पानी घुसने लगता है। लोगों ने इस समस्या की शिकायत भाजपा विधायक से कही थी। इस पर उन्होंने अधिकारियों को शीघ्र समस्या निस्तारण के निर्देश दिए हैं।

जीटी रोड चौड़ीकरण के बाद नाला काफी ऊंचा हो जाने के कारण अब सरायगूजरमल के लोगों को जलनिकासी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। वहीं कुछ लोगों ने अतिक्रमण कर नाले को ही बंद कर दिया, जिससे समस्या और भी ज्यादा गंभीर हो गई है।

हालत यह है कि हल्की बारिश में ही जलभराव की समस्या खड़ी होती है, यहां तक कि कई घरों में तो पानी भी घुस जाता है। इस समस्या को लोगों ने भाजपा विधायक अर्चना पांडेय से शिकायत की थी। समस्या को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने तत्काल खंड विकास अधिकारी दीपांकर आर्य को समस्या के निराकरण के निर्देश दिए थे। बुधवार को बीडीओ व जेई आरईडी और नगरपालिका के जेई रविराज कौशल गांव पहुंचे और ग्रामीणों से समस्या के संबंध में जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक यहां बनवाए गए नाले को कुछ लोगों ने अवैध रूप से अतिक्रमण कर उसे बंद कर दिया गया, जिससे उसके सफाई नहीं हो पा रही है। इस समस्या से विधायक को अवगत करा दिया गया है। समस्या निराकरण को लेकर एसडीएम व ईओ के साथ बैठक की जाएगी। इसके बाद ही कोई ठोस समाधान निकल सकेगा।

## खबरें एक नजर में

### वाहन ने पीछे से मारी टक्कर, पेंट से लदा लोडर पलटा



**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** कानपुर-अलीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर पेंट से लदा एक लोडर अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में लोडर चालक सुरक्षित रहा, हालांकि वाहन में लदा पेंट सड़क पर बिखर गया। जानकारी के अनुसार चालक विशाल कानपुर से ओपस बिड़ला कंपनी का करीब 60 बाल्टी पेंट लेकर छिबरामऊ जा रहा था। ब्लॉक जलालाबाद क्षेत्र में हाईवे पर पीछे से आए अज्ञात वाहन ने लोडर में टक्कर मार दी। टक्कर के बाद चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा और लोडर सड़क पर पलट गया। हादसे के बाद लोडर में लदा पेंट सड़क पर फैल गया, जिससे कुछ देर के लिए यातायात प्रभावित रहा। सूचना मिलने पर हाईवे पेट्रोलिंग टीम और क्रेन मौके पर पहुंची। क्रेन की मदद से लोडर को सड़क किनारे खड़ा कराया गया, जिसके बाद यातायात सामान्य कराया गया। हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

### अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण में युवाओं ने सीखे आग से बचाव के व्यवहारिक तरीके



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के मेरा युवा भारत संगठन की ओर से आयोजित पांच दिवसीय अग्नि सुरक्षा एवं आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन युवाओं को आग से बचाव और राहत कार्यों का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम अग्निशमन एवं आपात सेवा विभाग के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। मुख्य आरक्षी रूप नारायण सिंह ने प्रतिभागियों को विभिन्न प्रकार के अग्निशामक यंत्रों, उनके चयन और सही उपयोग की जानकारी दी। साथ ही आग लगने की स्थिति में घबराने के बजाय त्वरित एवं सुरक्षित प्रतिक्रिया, प्रारंभिक स्तर पर आग पर नियंत्रण और लोगों को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने का अभ्यास भी कराया गया। प्रतिभागियों को अग्निशमन वाहन में लगे पाइप, नोजल, फोम प्रणाली समेत अन्य सुरक्षा उपकरणों से भी परिचित कराया गया। अधिकारियों ने कहा कि समय पर सही निर्णय और प्रारंभिक कार्रवाई से जान-माल की क्षति को काफी हद तक रोका जा सकता है। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को जागरूक और जिम्मेदार स्वयंसेवक के रूप में तैयार करना है।

### नवाब सिंह की बेनामी संपत्तियों की जांच ब्रज तक पहुंची

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई झेल रहे पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव और नीलू यादव की बेनामी संपत्तियों की जांच अब जिले से बाहर भी तेज हो गई है। पुलिस और प्रशासन नोएडा, आगरा, मथुरा और वृंदावन में निवेश और संपत्तियों का ब्योरा जुटा रहे हैं। राजस्व अभिलेखों, भूखंडों, मकानों, फ्लैटों और व्यावसायिक परिसंपत्तियों की जांच के लिए संबंधित विकास प्राधिकरणों से जानकारी मांगी गई है। सदर कोतवाल जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि जांच के दौरान इन शहरों में नवाब सिंह से जुड़े संपत्ति संबंधी इनपुट मिले हैं, जिनका सत्यापन कराया जा रहा है। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि रिश्तेदारों या करीबियों के नाम पर कोई बेनामी संपत्ति तो नहीं खरीदी गई। जिले से बाहर संपत्तियों की पुष्टि होने पर गैंगस्टर एक्ट के तहत जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। वहीं, चौधरी चंदन सिंह डिग्री कॉलेज की संपत्ति का मामला न्यायालय में विचाराधीन है। न्यायालय के आदेश के बाद उस पर भी आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## लिफ्ट देने के बहाने युवक का अपहरण, रुपये व मोबाइल लूटा

**छिबरामऊ,कन्नौज।** कोतवाली क्षेत्र के प्रेमपुर क्षेत्र में लिफ्ट देने के बहाने एक युवक का अपहरण कर उसके साथ मारपीट और लूटपाट का मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। फर्रूखाबाद के थाना कमालगंज अंतर्गत सिंगीरामपुर निवासी जितेंद्र कुमार पुत्र होरीलाल अपने रिश्तेदारों के घर दीनपुर जा रहे थे। जब वे प्रेमपुर माधोनगर रोड पर पहुँचे, तब मटैहना निवासी दो लोगों ने उन्हें रोककर दीनपुर चलने के नाम पर अपनी गाड़ी में बिठा लिया। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी उसे दीनपुर न ले जाकर बंबा के पास छछौनापुर की पुलिया पर ले गए, वहाँ उन्होंने जितेंद्र के साथ मारपीट की और उनके 4,000 रुपये व मोबाइल छीन लिए। मारपीट में गंभीर चोट आने के बावजूद पीड़ित किसी तरह जान बचाकर मिघौली पहुँचा और घटना की जानकारी दी, जिसके बाद उनके रिश्तेदारों ने उन्हें दीनपुर पहुँचाया। जितेंद्र ने प्रेमपुर चौकी पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# 10 दुकानदारों से 8300 रुपये जुर्माना वसूला, पॉलिथीन जब्त

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



शासन के निर्देशानुसार चलाए जा रहे प्लास्टिक उन्मूलन महाअभियान के अंतर्गत बुधवार को नगर पालिका की टीम ने बाजार में सघन जांच अभियान चलाया। उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के वरिष्ठ पर्यावरण सहयोगी धीरेश कुमार के नेतृत्व में टीम ने कस्बे के प्रमुख बाजारों, दुकानों और ठेलों की जांच की। जांच के दौरान शहनूर, इस्लाम, खालिद, आफाक, अयान सहित कुल 10 व्यक्तियों के पास से प्रतिबंधित पॉलिथीन बरामद हुई। टीम ने सभी से नियमानुसार कुल 8300 रुपये का जुर्माना वसूल किया और पॉलिथीन को मौके पर ही नष्ट कराया। अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार ने कहा कि÷प्लास्टिक उन्मूलन हमारा संकल्प है। प्रतिबंधित पॉलिथीन न

प्लास्टिक उन्मूलन महाअभियान

केवल नालियों को जाम करती है बल्कि पर्यावरण और पशुओं के लिए भी घातक है। आमजन से अपील है कि कपड़े और कागज के थैलों का उपयोग करें। पालिका की टीम द्वारा आगे भी नियमित जांच की जाएगी और दोषी पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। अभियान के दौरान वरिष्ठ लेखाकार आकाश सक्सेना, अशोक कुमार, प्रसन्नजीत मिश्रा, अजय बाबू मनोज कुमार तिवारी जनार्दन मिश्रा राजेश वर्मा सहित अन्य पालिका कर्मचारी उपस्थित रहे। टीम ने दुकानदारों को प्लास्टिक के स्थान पर वैकल्पिक सामग्री अपनाने की सलाह भी दी। अधिकारियों ने बताया कि प्लास्टिक उन्मूलन महाअभियान आगे भी लगातार चलाया जाएगा, ताकि नगर को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बनाया जा सके।

# कसावा में लगाए जाएंगे सहजन के 700 पौधे, तैयार हुई कार्ययोजना

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने और हरित क्षेत्र का विस्तार करने के उद्देश्य से विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत कसावा में बड़े पैमाने पर सहजन (मोरिंगा) के पौधे लगाए जाएंगे। इसके लिए प्रशासन ने कार्ययोजना तैयार कर ली है। इसको लेकर बीडीओ ने संबंधित पंचायत के सचिव व तकनीकी सहायक को आवश्यक निर्देश दिए हैं। खंड विकास अधिकारी दीपांकर आर्य ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत कसावा के खेल मैदान तथा सीएलएफ (कम्युनिटी लेवल फेडरेशन) भवन के समीप लगभग 700 सहजन के पौधों का रोपण कराया जाएगा। पौधरोपण के लिए स्थानों का चयन कर लिया गया है और तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि संबंधित ग्राम पंचायत सचिव को पौधरोपण अभियान को समयबद्ध ढंग से पूरा कराने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही पौधों की सुरक्षा, नियमित सिंचाई और देखरेख की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर भी विशेष जोर दिया गया है, ताकि लगाए गए पौधे सुरक्षित रहकर विकसित हो सकें। बीडीओ ने कहा कि सहजन एक औषधीय एवं पौष्टिक गुणों से भरपूर पौधा है, जो पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ ग्रामीणों के स्वास्थ्य और पोषण के लिए भी लाभकारी सिद्ध होगा। इस अभियान से क्षेत्र में हरियाली बढने के साथ लोगों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी।

# युवा व्यापारी राहुल गुप्ता के निधन पर नगर में शोक की लहर

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

गुरसहायगंज नगर निवासी युवा गल्ला व्यापारी राहुल गुप्ता पुत्र ओमप्रकाश गुप्ता का बीमारी के चलते गुरुवार को आकस्मिक निधन हो गया। पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता सहित भाजपा एवं सभी दल के नेताओं तथा व्यापारियों ने मृतक के घर पहुंच कर शोक संवेदना प्रकट की समाचार मिलते ही नगर पालिका परिषद मयंक गुप्ता भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष जीतू तिवारी तथा नगर के व्यापारी एवं सभी दलों के नेता गण उनके आवास पहुंचे। और उन्होंने शोक-संतप्त परिजनों से भेंट कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष जीतू तिवारी ने कहा कि राहुल गुप्ता बहुत कर्मठ, ईमानदार और मिलनसार युवा व्यापारी था। नगर के व्यापारी वर्ग में उसकी अच्छी पहचान थी। उनका असमय चले जाना समाज और व्यापार जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोक-संतप्त परिजनों को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। इस दौरान स्थानीय व्यापारी और भाजपा कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। युवा गल्ला व्यापारी का दोपहर बाद घटिया घाट फर्रूखाबाद मे अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# असीम अरुण ने महादेवी घाट सौंदर्यीकरण का किया शिलान्यास




- 8.5 करोड़ से विकसित किया जायेगा घाट
- राम मंदिर चढ़ावा मामले में बोले, नहीं बचेंगे कोई दोषी

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

प्रदेश सरकार में स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री असीम अरुण ने शुक्रवार को एक दिवसीय दौरे पर कन्नौज पहुंचकर दो स्थानों पर जनता दरबार लगाया। उन्होंने लोगों की शिकायतें सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। मंत्री ने कहा कि जनता दरबार का मकसद केवल शिकायतें सुनना नहीं, बल्कि समस्याओं की जड़ तक पहुंचकर उनका स्थायी समाधान सुनिश्चित करना है। दौरे के दौरान उन्होंने महादेवी घाट सौंदर्यीकरण परियोजना का शिलान्यास किया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में करीब 8.5 करोड़ रुपये की लागत से महादेवी घाट का आधुनिक स्वरूप विकसित किया जाएगा। परियोजना में श्रद्धालुओं, महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि घाट के विकसित होने से धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी लाभ होगा। पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए असीम अरुण ने अयोध्या के श्रीराम मंदिर में दान और चढ़ावे में कथित अनियमितताओं के मुद्दे पर कहा कि यदि किसी स्तर पर गड़बड़ी हुई है तो जांच के आधार पर कानून के अनुसार कड़ी कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि कोई भी दोषी बख्शा नहीं जाएगा।


## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं शिवकांती पत्नी रामकुमार पुत्री भरत लाल शुक्ला रनापुर परगना व तहसील हैदरगढ़ जिला बाराबंकी की निवासिनी हूं। मेरे द्वारा दिनांक 26.06.2006 को मौजा रौली परगना व तहसील हैदरगढ़ जिला बाराबंकी स्थित भूमि गाटा संख्या 378 रकबा 0.331 में से 25/331 भाग माता प्रसाद पुत्र कालीदीन निवासी पूरे गंगादीन मजरे रौली परगना व तहसील हैदरगढ़ जिला बाराबंकी से खरीदा गया। इस बैनामा की मूल प्रति वास्तव में कहीं खो गई है। जिसकी प्राथमिकी LAR NO -2026000683800 (ई थाना प्रभारी) तकनीकी सेवाएं मुख्यालय,लखनऊ में दर्ज करा दी गई है।

**सूचनाकर्ता**
**पत्नी रामकुमार पुत्री भरत लाल शुक्ला रनापुर परगना व तहसील हैदरगढ़ जिला-बाराबंकी।**


# पौधरोपण महाअभियान को बनाएं जनआंदोलन : डीएम

- सौ प्रमुख स्थलों पर होंगे पौधरोपण
- हर स्थल के लिए नोडल अधिकारी होंगे तैनात
- 15 अगस्त से शुरू होंगे विशेष कार्यक्रम



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

आगामी वृक्षारोपण महाअभियान को लेकर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में वृक्षारोपण समिति की बैठक हुई। डीएम ने अभियान को केवल सरकारी कार्यक्रम न मानकर जनआंदोलन का स्वरूप देने पर जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि जनपद में 100 प्रमुख स्थलों का चयन कर प्रत्येक स्थल के लिए नोडल अधिकारी नामित किए जाएं, ताकि पौधरोपण और उसके संरक्षण की प्रभावी निगरानी हो सके।

डीएम ने कहा कि अभियान में आमजन, स्वयंसेवी संगठनों, विद्यालयों, सामाजिक संस्थाओं और जनप्रतिनिधियों की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित की जाए। वृक्षारोपण से जुड़ी गतिविधियों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि लोग स्वेच्छा से इस अभियान का हिस्सा बनें। उन्होंने बताया कि वन विभाग नोडल विभाग रहेगा और सभी संबंधित विभाग समन्वय के साथ अभियान को सफल बनाएंगे।

उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे अपनी-अपनी तहसीलों में ऐसे स्थलों का चयन करें, जहां एक साथ अधिक संख्या में पौधरोपण किया जा सके और पौधों का संरक्षण भी सुनिश्चित हो। बैठक में बताया गया कि 15 अगस्त को वंदे मातरम् वाटिका, 28 अगस्त को भाई-बहन वृक्षारोपण तथा 5 सितंबर को एक पेड़ गुरु के नाम कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा महर्षि चरक औषधि वन, समरस वन, समृद्धि वन, कपि वन, ऊर्जा वन और पौराणिक वन सहित विभिन्न स्थलों पर विशेष वृक्षारोपण अभियान चलाया जाएगा।

लोहिया पार्क में आम भंडारे का भी आयोजन प्रस्तावित है। बैठक में पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विजय कुमार मिश्र, प्रभागीय वनाधिकारी हेमंत सेठ, उपजिलाधिकारी सदर, तिर्वा समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# इलाहाबाद हाईकोर्ट ने नवाब सिंह यादव मामले में सीजेएम का आदेश रद्दकर दिए सुनवाई के निर्देश

**कन्नौज/प्रयागराज, समृद्धि न्यूज।**

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कन्नौज की तत्कालीन मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) श्रद्धा भारती के 20 सितंबर 2025 के उस आदेश को रद्द कर दिया है, जिसमें नवाब सिंह यादव और अन्य आरोपितों के खिलाफ पुलिस की ओर से दाखिल आरोप-पत्र पर संज्ञान लेने से इन्कार किया गया था। हाईकोर्ट ने मामले को दोबारा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, कन्नौज की अदालत में भेजते हुए पुलिस रिपोर्ट पर नए सिरे से विधि के अनुसार आदेश पारित करने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति जे.जे. मुनीर और न्यायमूर्ति तरुण सक्सेना की खंडपीठ ने अपने फैसले में कहा कि संज्ञान लेने के स्तर पर मजिस्ट्रेट का दायरा सीमित होता है। इस चरण में केवल यह देखा जाता है कि प्रथम दृष्टया मामला बनता है या नहीं। साक्ष्यों की गहन पड़ताल या उनकी विश्वसनीयता का परीक्षण करना इस स्तर पर उचित नहीं है।

मामला कन्नौज कोतवाली में दर्ज उस मुकदमे से जुड़ा है, जिसमें भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई थी। आरोप है कि एक पॉक्सो मामले की सुनवाई के दौरान गवाह डॉ. स्वास्तिका शालिनी को अदालत में गवाही देते समय धमकाया गया और आरोपी के पक्ष में बयान देने का दबाव बनाया गया। सुनवाई के दौरान अपर महाधिवक्ता ने दलील दी कि मजिस्ट्रेट ने 31 पृष्ठों के आदेश में साक्ष्यों का विस्तृत विश्लेषण किया, जो संज्ञान के चरण में %मिनी ट्रायल% के समान है। हाईकोर्ट ने इस तर्क से सहमति जताते हुए सुप्रीम कोर्ट के कई फैसलों का हवाला दिया और कहा कि इस स्तर पर साक्ष्यों की सत्यता का परीक्षण नहीं किया जा सकता। खंडपीठ ने यह भी कहा कि मजिस्ट्रेट ने आरोपितों की बात तो सुनी, लेकिन पीड़िता को नोटिस दिए बिना ही संज्ञान लेने से इन्कार कर दिया, जबकि ऐसा करना विधिक रूप से आवश्यक था।

# एचटी लाइन की चपेट में आने से बालक की मौत

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



मृतक का फाइल फोटो



गुमशुम खड़े मृतक के परिजन

शमशाबाद थाना क्षेत्र के पुलियापुर चंपातपुर में टूटी पड़ी हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से 8 साल के बच्चे की करंट लगने से मौत हो गई। इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और बच्चे के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

जानकारी के अनुसार थाना शमशाबाद क्षेत्र के गांव उलियापुर निवासी सुरजीत जाटव का 8 वर्षीय पुत्र मयंक अपने सौतेले भाई अंकुर के साथ खेत पर मक्का की रखवाली कर रहे बाबा सोनेलाल के पास जा रहा था, लेकिन बारिश शुरू होने पर तीनों बच्चे घर लौटने लगे। इसी दौरान गांव के पास चकरोड पर एचटी लाइन का तार टूटा हुआ पड़ा था, जिसकी चपेट में मयंक आ गया। मयंक को करंट लगते ही उसके साथ मौजूद अवनीश और अंकुर ने खेत पर मौजूद बाबा सोनेलाल को सूचना दी। सोनेलाल ने लाठी की मदद से मयंक को करंट वाले तार से अलग किया। इसके बाद परिवार के लोग उसे घर ले गए, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मयंक पांच भाइयों में तीसरे नंबर का था। मां ललिता देवी आदि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के चाचा ने बताया कि यह लाइन लगभग एक वर्ष से टूटी पड़ी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस संदर्भ में जेई जुनेद आलम ने बताया कि बरसात में बाढ़ के कारण लाइन टूट गई थी। उन्होंने बताया कि नई केबल डलवाकर बिजली चालू करवा दी गई थी। जमीन पर पड़े तार में करंट कैसे आया, इसकी जांच की जाएगी।

## गृहकलह से क्षुब्ध युवक ने पीया कीटनाशक

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। पारिवारिक कलह से तंग आकर एक युवक ने कीटनाशक का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे उच्च केंद्र रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार कायमगंज नगर के मोहल्ला नई बस्ती निवासी 25 वर्षीय सत्येंद्र कुमार ने घर में किसी बात को लेकर विवाद के बाद कीटनाशक पी लिया। कीटनाशक पीने के कुछ देर बाद ही सत्येंद्र को उल्टियां शुरू हो गईं, जिससे परिजनों को मामले की जानकारी हुई परिजन आनन-फानन में उसे गंभीर हालत में कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। सीएचसी में तैनात डॉ0 विपिन सिंह ने बताया कि युवक की हालत चिंताजनक होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है।

# दरोगा के घर चोरी का 24 घंटे में खुलासा, एक आरोपी 15 लाख के जेवर सहित गिरफ्तार

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



घटना का खुलासा करती एसपी व पीछे खड़ा आरोपी

उपनिरीक्षक के घर हुई चोरी के मामले में कोतवाली फतेहगढ़ पुलिस, एसओजी और सर्विलांस टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए चोरी की वारदात का 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया। पुलिस ने एक आरोपी को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही से करीब 15 लाख रुपये मूल्य के सोने के आभूषण बरामद किए हैं। घटना का खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने बताया कि 7 जुलाई को उपनिरीक्षक शुभम त्रिवेदी के सरकारी आवास से सोने की तीन अंगूठियां, दो चेन, एक मंगलसूत्र, चार कंगन, एक जोड़ी कुंडल तथा 10 हजार रुपये चोरी होने के संबंध में कोतवाली फतेहगढ़ में मुकदमा दर्ज कराया गया था। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी निकित यादव पुत्र राजवीर उर्फ पप्पू यादव निवासी ग्वालटोली कोतवाली फतेहगढ़ को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से चार चूड़ियां, दो जंजीर, तीन अंगूठियां, एक जोड़ी झुमकीदार कुंडल तथा काले मोतियों की माला में लगा एक सोने का पेंडल बरामद किया गया। बरामद आभूषणों की अनुमानित कीमत लगभग 15 लाख रुपये बताई गई है। आरोपी के विरुद्ध पूर्व में भी मारपीट, धमकी, आर्म्स एक्ट और चोरी सहित कई मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम में कोतवाली फतेहगढ़ प्रभारी निरीक्षक तेज सिंह, उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार व कोतवाली पुलिस, तथा एसओजी प्रभारी संत कुमार व उनकी टीम और सर्विलांस टीम शामिल रही।

# ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर बिजली पोल से टकराया, तीन घायल

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।



अस्पताल में भर्ती घायल

फर्रुखाबाद-नवाबगंज मार्ग पर नवाबगंज नगर के मोहल्ला सिरमौरा के पास गुरुवार को एक ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकरा गया।

इस हादसे में ई-रिक्शा में सवार तीन लोग घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। घायलों की पहचान कलौली निवासी देवेंद्र पुत्र नाथूलाल, कलौली निवासी दिनेश पुत्र श्यामपाल और भोलेपुर निवासी अनूप पुत्र हरवीर के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों ने तुरंत एंबुलेंस को सूचना दी। जिसके बाद ईएमटी रजनीश और चालक विकास मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज पहुंचाया। सीएचसी में फार्मासिस्ट राजीव कुमार ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया। बताया गया कि ई-रिक्शा नवाबगंज से बेग की ओर जा रहा था। इसी दौरान ई-रिक्शा में बैठे एक युवक ने अचानक एक्सीलेटर खींच दिया, जिससे वाहन अनियंत्रित हो गया। चालक ने सामने से आ रहे एक अन्य वाहन को बचाने का प्रयास किया, लेकिन ई-रिक्शा सड़क किनारे लगे बिजली के पोल से जा टकराया। इस हादसे में तीनों सवारों को चोटें आईं। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

## पास्को एक्ट में दो को चार वर्ष का कारावास

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। पुलिस महानिदेशक द्वारा चलाये जा रहे ऑपरेशन कनविक्शन अभियान व मिशन शक्ति 5.0 द्वितीय चरण के दृष्टिगत महिला संबंधी अपराधों में प्रभावी पैरवी के लिये सम्बन्धित थाना प्रभारी व पैरोकारो को अपराधियों को अधिक से अधिक सजा दिलाने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके तहत अभियुक्त गण संजीव, दिलीप पुत्रगण तुलाराम निवासी सिमित सुमाल कोतवाली फर्रुखाबाद के विरुद्ध धारा 354, 323, 506 भादवि0 व 7/8 पॉक्सो एक्ट कोतवाली फर्रुखाबाद पर पंजीकृत हुआ था। जिसकी विवेचना सम्पादित कर अभियुक्तगण के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया। पुलिस टीम/मानीटरिंग सेल एवं अभियोजन पक्ष तथा कोर्ट पैरोकार/कोर्ट मोहर्रिर के द्वारा अथक प्रयास एवं प्रभावी पैरवी कराते हुए विशेष न्यायालय पॉक्सो कोर्ट द्वारा अभियुक्तगण को दोषसिद्ध कर प्रत्येक को 04-04 वर्ष का कठोर कारावास की सजा व 14000-14000 रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# दंपत्ति से लूट में पुलिस खाली हाथ, नहीं दर्ज हुआ मुकदमा

कम्पिल, समृद्धि न्यूज।



घटना के समय पीड़ित से पूछताछ करती पुलिस

तमंचे के बल पर दंपति से नगदी, जेवर और मोबाइल लूटने की घटना के 24 घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं। पीड़ित की ओर से घटना के संबंध में थाने में तहरीर भी दे दी गई है, लेकिन समाचार लिखे जाने तक मुकदमा दर्ज नहीं किया गया था। इसे लेकर पीड़ित परिवार में नाराजगी है। उनका कहना है कि गंभीर वारदात के बावजूद एफआईआर दर्ज न होने से पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

बुधवार शाम कम्पिल-बदायूं मार्ग पर कारव मोड़ के पास चार बदमाशों ने बाइक सवार दंपति को रोककर तमंचे के बल पर करीब एक लाख रुपये के जेवर, 1500 रुपये की नकदी और मोबाइल लूट लिया था। विरोध करने पर बदमाशों ने उनकी तीन वर्षीय बेटी को छीन लिया और जान से मारने की धमकी देकर वारदात को अंजाम दिया। राहगीरों के पहुंचने पर आरोपी तमंचा लहराते हुए फरार हो गए थे। घटना के बाद पुलिस ने आसपास के संभावित रास्तों और चौराहों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। कई संदिग्ध गतिविधियों की भी पड़ताल की गई, लेकिन अब तक बदमाशों की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस की टीमें जांच का दावा कर रही हैं, लेकिन न तो घटना का खुलासा हो सका है और न ही पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कम्पिल-बदायूं मार्ग पर पहले भी कई आपराधिक घटनाएं हो चुकी हैं। इसके बावजूद रात्रि गश्त और पुलिस की सक्रियता अपेक्षित स्तर पर नजर नहीं आती।

लोगों का आरोप है कि कई मामलों में शुरुआती कार्रवाई के बाद जांच की रफ्तार धीमी पड़ जाती है, जिससे अपराधियों के हौसले बुलंद बने रहते हैं। थानाध्यक्ष नितिन चौधरी ने बताया कि घटना के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

सीसीटीवी फुटेज सहित अन्य साक्ष्यों के आधार पर बदमाशों की तलाश जारी है और जल्द ही घटना का खुलासा करने का प्रयास किया जाएगा।

## खबरें एक नजर में

### घर के बाहर बंधी भैस चुरा ले गये चोर

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। बरसात की शुरुआत होते ही मवेशी चोर सक्रिय हो गये। चोर घर के बाहर बंधी भैंस को चुरा ले गए। पीड़िता ने घटना के संबंध में थाने में तहरीर दी है। थाना क्षेत्र के गांव धनियापुर हीरामन निवासी सेवावर्ती पत्नी दिनेश कुमार ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह बीते शाम अपने घर के दरवाजे पर परिजनों के साथ लेती थी। अचानक बरसात आ गई और सभी परिजन अपने घर के अंदर चले गये। रात में किसी समय अज्ञात चोर दरवाजे पर बंधी भैंस को खोल ले गये। जब सुबह पीड़िता जागी तो भैंस ना देख होश उड़ गए। आसपास काफी खोजबीन की, लेकिन जब कोई अता पता नहीं चला, तब पड़ता थाने आई और थाना पुलिस को अपने साथ घटी घटना के बारे में तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने मामले की जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

### डकैती के मामले में अभियुक्त को चार वर्ष का कारावास

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। डकैती के मामले में विशेष न्यायाधीश दस्यु प्रभावित क्षेत्र, तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश शैलेन्द्र सचान ने अभियुक्त टीटू उर्फ सुल्तान गुप्ता को दोषी करार देते हुए 4 वर्ष का कारावास व एक हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अभियुक्त को सजा दिलाने हेतु प्रभावी पैरवी के लिये सम्बन्धित थाना प्रभारी व पैरोकारो को अपराधियों को अधिक से अधिक सजा दिलाने हेतु निर्देशित किया गया था। अभियुक्त टीटू उर्फसुल्तान गुप्ता पुत्र रमेश चन्द्र गुप्ता निवासी नीब करोरी कोतवाली मोहम्मदाबाद धारा 392 कोतवाली मोहम्मदाबाद में पंजीकृत हुआ था, जिसकी विवेचना सम्पादित कर अभियुक्त के विरूद्ध न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया। साक्ष्य व गवाहों के आधार पर यायालय एडीजे-03/डकैती कोर्ट ने अभियुक्त को दोषसिद्ध कर 04 वर्ष के कठोर कारावास की सजा व 1000 रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

### धारा 304 में अभियुक्त को पांच वर्ष का कारावास

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। मारपीट में घायल युवक की मौत के मामले में साक्ष्य के आधार पर डीजे कोर्ट ने अभियुक्त को धारा 304 आईपीसी में दोषी करार देते हुए पांच वर्ष के कठोर कारावास व धारा 504 आईपीसी में एक वर्ष के साधारण कारावास की सजा से दंडित किया। कायमगंज थाना क्षेत्र के ग्राम ज्योनी निवासी वृहमदत्त उर्फटुण्डी पुत्र रामदास ने लिखाये गये मुकदमें में दर्शाया कि 11 जून 2020 को शाम करीब 4 बजे मेरा भाई ज्यौनी मोड़ पटिया रोड पर अपनी दुकान पर बैठा था, गांव के ही शिवजी पुत्र रामदास मेरे भाई के पास आया। दोनो शराब पिये हुये थे। शिवजी मेरे भाई वीरे के दौने से पकोड़ी लेकर खाने लगा। मेरे भाई के मना करने पर नहीं माना और दोनों लोगों में गाली-गलौज व कहा सुनी होने लगी। जिसके बाद मेरा भाई वीरे वहां से उठकर पूरब की तरफ चला गया। कुछ देर बाद पीछे से शिवजी भी वहां आ गया। वहां पर मौजूद दीपक व सुधीर पुत्रगण रामदास व ओमकार पुत्र रामपाल के साथ मिलकर शिवजी मेरे भाई वीरे से गाली-गलौज व झगड़ा करने लगे। झगड़े के दौरान शिवजी ने भाई वीरे को गाली देते हुये धक्का दे दिया। जिससे मेरा भाई वीरे जमीन पर नीचे सिर के बल गिर पड़ा। सोर गुल सुनकर अरविन्द पुत्र लड़ैते व नन्हू पुत्र छब्बू व कल्लू पुत्र रामदास निवासी गण ग्राम ज्यौनी थाना कायमगंज व अन्य लोग भी मौके पर आ गये। जिन्होंने बीच बचाव व घटना देखी। मेरे भाई का इलाज एक प्राइवेट अस्पताल में चल रहा था, सुधार न होने पर 12 जून 2020 को घर पर ले आये और उसकी मृत्यु हो गयी। साक्ष्य व गवाहों के आधार पर डीजे कोर्ट ने अभियुक्त शिवजी पुत्र रामदास को धारा 304 आईपीसी में दोषी करार देते हुए पांच वर्ष के कठोर कारावास व धारा 504 आईपीसी में एक वर्ष के साधारण कारावास की सजा से दंडित किया।

# परचून की दुकान व घर से लाखों की नकदी व जेवरात चोरी

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।



चोरी के बाद का दृश्य

थाना क्षेत्र में पुलिस की सुस्त कार्यप्रणाली के चलते चोरों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। इलाके में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। अभी दो दिन पहले ही मुख्य चौराहे से एक व्यक्ति की बाइक चोरी होने का मामला ठंडा भी नहीं पड़ा था कि चोरों ने एक और बड़ी वारदात को अंजाम देकर पुलिस को खुली चुनौती दे डाली है। नवाबगंज के ग्राम बबूराra में चोरों ने एक परचून की दुकान को निशाना बनाते हुए लाखों की नकदी व घर से जेवरात साफ कर दिए।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम बबूरारा गांव के निवासी राजू अपने घर में ही परचून की दुकान चलाते हैं। रोज़ाना की तरह बुधवार रात करीब 11 बजे वह दुकान बंद कर सोने चले गए थे। गुरुवार सुबह जब गांव का एक ग्राहक सामान खरीदने आया, तो राजू ने सामान देकर पैसे लिए। बाकी बचे पैसे वापस करने के लिए जैसे ही राजू ने दुकान की गोलक की तरफ देखा तो उनके होश उड़ गए। गोलक टूटी और उल्टी पड़ी थी, उसमें रखी नकदी और कीमती सामान गायब था। पीड़ित राजू के मुताबिक, दुकान के दरवाज़े को आगे-पीछे करने पर बीच में थोड़ी जगह बन जाती है। चोरों ने इसी कमजोरी का फायदा उठाया और रात के समय किसी वक्त दरवाज़ा खोलकर भीतर दाखिल हो गए। गोलक में रखे लगभग 1 लाख 60 हजार रुपये, सोने के एक जोड़ी कुंडल और एक सोने की अंगूठी। पास में रखा एक छोटा डिब्बा, जिसमें करीब 7 हजार रुपये और कोल्ड स्टोरेज में जमा आलू की पर्ची रखी थी। घटना की भनक लगते ही पीड़ित राजू ने तुरंत यूपी 112 पर फोन कर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुँची पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया और पीड़ित से मामले की जानकारी जुटाई। पुलिस ने पीड़ित को थाने आकर लिखित तहरीर देने को कहा है। दुकान से गाढ़ी कमाई के लाखों रुपये और जेवरात चोरी होने से पीड़ित परिवार सदमे में है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि नवाबगंज थाना क्षेत्र में लगातार हो रही चोरियों का खुलासा करने में पुलिस पूरी तरह नाकाम साबित हो रही है। दो दिन पहले चौराहे से हुई बाइक चोरी हो या उससे पहले की वारदातें, पुलिस का रवैया बेहद ढीला रहा है। इसी सुस्ती का फायदा उठाकर चोर एक के बाद एक वारदातों को अंजाम दे रहे हैं, जिससे व्यापारियों और आम जनता में भय और आक्रोश का माहौल है।

## माध्यमिक शिक्षक संघ ने डीआईओएस को सौंपा ज्ञापन



डीआईओएस को ज्ञापन सौंपते शिक्षक नेता

**शिक्षकों को नि:शुल्क फॉर्म-16 देने की उठाई मांग**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। माध्यमिक शिक्षक संघ के नेताओं ने गुरुवार को जिला विद्यालय निरीक्षक को उनके कार्यालय में एक ज्ञापन देकर मांग की है कि सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों और कर्मचारियों को नि:शुल्क फॉर्म-16 उपलब्ध कराने की पुरजोर मांग की है। माध्यमिक शिक्षक संघ के पूर्व जिला उपाध्यक्ष संतोष दुबे, जिला उपाध्यक्ष रजनीश शिवा, पूर्व संयुक्त मंत्री सत्येन्द्र सिंह, राहुल यादव आदि शिक्षक नेताओं ने गुरुवार को जिला विद्यालय निरीक्षक को उनके कार्यालय में ज्ञापन दिया। जिसमें कहा गया कि प्रदेश के सभी सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के लिए फॉर्म-16 हेतु ग्रांट (अनुदान) शासन ने निर्गत कर दी है। इस आदेश में फर्रुखाबाद जिला भी शामिल है। शिक्षक नेताओं ने जिला विद्यालय निरीक्षक से मांग की है कि फॉर्म-16 के वितरण की व्यवस्था डीआईओएस कार्यालय से न हो पाने की स्थिति में शासन के निर्देश अनुसार अधिकृत एकाउंट/ संस्थायें की सेवायें लेकर जिले में फार्म-16 नि:शुल्क वितरित किया जाये। जिससे शिक्षकों के उनकी आयकर कटौती का ब्यौरा प्राप्त हो सके।

# स्कूल जा रही छात्रा को नकाबपोश बदमाश ने की घेरने की कोशिश

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

घर से स्कूल जा रही 14 वर्षीय छात्र को अज्ञात नकाबपोश बदमाश ने रास्ते में घेर लिया। छात्रा घबराकर स्कूल पहुंची और घटना की जानकारी शिक्षिका को दी। घटना की सूचना परिजनों को दी गई। परिजनों ने थाने में तहरीर दी। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव वीरपुर नादी निवासी सज्जाद खान पुत्र कल्लू खान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया उनकी 14 वर्षीय पुत्री असवा सुबह 8:30 बजे करीब अपने घर से गांव के बाहर बने उच्च प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने जा रही थी। पिता के बताए मुताबिक एक अज्ञात बदमाश नकाबपोश ने उसको रास्ते में घेरने की कोशिश की, जब छात्र रास्ता बदलकर दूसरे रास्ते से विद्यालय की ओर चली, तभी आरोपी ने उसका तेजी से पीछा किया। घबराई छात्र भागते हुए विद्यालय पहुंची और विद्यालय के शिक्षक को पूरी बात बताई। जब सूचना पाकर शिक्षक ने परिजनों को सूचना दी। मौके पर भीड़ एकत्र हो गई काफी खोजबीन की, लेकिन कोई पता नहीं चला। तब शिक्षक ने परिजनों को थाने पहुंचकर सूचना करने की बात बताई। जिस पर पीड़ित पिता थाने आया और थाना पुलिस को तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाने के क्राइम इंस्पेक्टर ब्रजमोहन पाल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल पुलिस को मौके पर भेज कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

# यूपी में 11 जुलाई तक भारी बारिश एवं वज्रपात की संभावना

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

**जिला प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी**

भारत मौसम विज्ञान विभाग आईएमडी क्षेत्रीय मौसम केंद्र द्वारा जारी प्रभाव आधारित मौसम पूर्वानुमान एवं चेतावनी के अनुसार जनपद में 09 जुलाई से 11 जुलाई तक भारी से बहुत भारी वर्षा, मेघगर्जन तथा वज्रपात होने की प्रबल संभावना व्यक्त की गई है। मौसम विभाग द्वारा जारी इस चेतावनी के दृष्टिगत जिला प्रशासन पूर्ण सतर्कता बरत रहा है तथा सभी संबंधित विभागों को आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

जिलाधिकारी ने बताया कि संभावित भारी वर्षा के कारण जनपद के निचले क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है तथा नदी, नालों एवं जलाशयों के जलस्तर में वृद्धि होने की संभावना है। अत्यधिक वर्षा के कारण यातायात प्रभावित हो सकता है, विद्युत आपूर्ति एवं अन्य आवश्यक सेवाओं में अस्थायी व्यवधान आ सकता है।

इसके अतिरिक्त कच्चे एवं जर्जर मकानों, कृषि फसलों, बागवानी तथा जन-धन की हानि की भी आशंका बनी हुई है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा सभी तहसीलों, नगर निकायों, पुलिस, स्वास्थ्य, विद्युत, सिंचाई, लोक निर्माण, राजस्व तथा आपदा प्रबंधन से जुड़े विभागों को अलर्ट मोड पर रखा गया है। राहत एवं बचाव दल, गोताखोर टीम, नावों तथा आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं तथा स्थिति पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है। डीएम ने जनपदवासियों से अपील की है कि मौसम खराब होने की स्थिति में अनावश्यक रूप से घरों से बाहर न निकलें तथा केवल अत्यंत आवश्यक कार्य होने पर ही यात्रा करें।

यदि यात्रा करना आवश्यक हो तो मौसम की स्थिति की जानकारी लेकर ही प्रस्थान करें तथा जलभराव वाले मार्गों एवं तेज बहाव वाले क्षेत्रों से दूर रहें। उन्होंने कहा कि मेघगर्जन एवं वज्रपात के दौरान सुरक्षित पक्के भवन के अंदर रहें तथा सभी खिड़की दरवाजे बंद रखें। बिजली के उपकरणों को अनावश्यक रूप से चालू न रखें तथा आवश्यकता होने पर उन्हें विद्युत आपूर्ति से अलग कर दें। आपातकालीन परिस्थितियों के लिए टॉर्च, अतिरिक्त बैटरी, आवश्यक दवाइयां, पीने का पानी तथा महत्वपूर्ण दस्तावेज सुरक्षित स्थान पर रखें। जनसामान्य से यह भी अनुरोध किया गया है कि कहीं भी जलभराव, पेड़ गिरने, बिजली के तार टूटने अथवा किसी अन्य प्रकार की आपदा संबंधी सूचना तत्काल स्थानीय प्रशासन अथवा संबंधित विभाग को दें ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। नागरिक भारत मौसम विज्ञान विभाग के मोबाइल ऐप के माध्यम से मौसम की अद्यतन जानकारी प्राप्त करते रहें तथा केवल आधिकारिक सूचनाओं पर ही विश्वास करें।

# डीएम ने सिविल लाइन नाला, एसटीपी प्लांट एवं गौवंश आश्रय स्थल का किया निरीक्षण

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



निरीक्षण करती डीएम

जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर ने जनपद में विभिन्न विकास एवं जनहित से जुड़े स्थलों का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सिविल लाइन नालाए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) तथा विकासखंड मुहम्मदाबाद क्षेत्र के ग्राम भरता मऊ स्थित गौवंश आश्रय स्थल का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सिविल लाइन नाले के निरीक्षण के दौरान डीएम ने नाले की सफाई, जल निकासी व्यवस्था तथा बरसात के मौसम में जलभराव की संभावनाओं की जानकारी की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि नालों की नियमित सफाई कराएं। उन्होंने कहा कि नाले की सफाई उपरांत आसपास एकत्र कूड़े को जेसीबी से उठाकर यथा स्थान पर पहुंचाकर जियो टैगिंग की फोटो उपलब्ध कराएं। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने एसटीपी प्लांट का निरीक्षण कर प्लांट की कार्यप्रणाली, क्षमता तथा सीवेज शोधन की प्रक्रिया का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्लांट का संचालन निर्धारित मानकों के अनुरूप किया जाए तथा पर्यावरण संरक्षण के सभी मानकों का पूर्ण अनुपालन किया जाए। उन्होंने कहा कि एसटीपी प्लांट में गिरने वाले नालों की सिल्ट सफाई कराकर नाले के पानी को एसटीपी प्लांट तक लाएं, जिससे प्लांट द्वारा शोधित पानी को गंगा नदी में प्रवाहित किया जा सके। वहीं डीएम ग्राम भरता मऊ स्थित गौवंश आश्रय स्थल पहुंची, जहां उन्होंने संरक्षित गोवंश की संख्या, उनके चारा, पेयजल, उपचार एवं अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि गौवंश के रखरखाव में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। आश्रय स्थल पर स्वच्छता, पर्याप्त हरा चारा, स्वच्छ पेयजल तथा पशुओं के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। वृक्षारोपण अभियान में गौशाला में छायादार एवं सहजन के पौधों का अधिक से अधिक रोपण किया जाए। गौशाला में ही हरे चारे को उगायें तथा गौशाला में सोलर पैनल भी लगवाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप सभी व्यवस्थाओं को प्रभावी ढंग से संचालित किया जाए तथा निरीक्षण के दौरान दिए गए निर्देशों का समयबद्ध अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग करते हुए व्यवस्थाओं में सतत सुधार लाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिकारी अधिकारी नगर पालिका विनोद कुमार, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. धीरज कुमार शर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने राजेपुर सीएचसी का किया औचक निरीक्षण



निरीक्षण करती डीएम

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर ने जनपद के अमृतपुर तहसील स्थित राजेपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण कर वहां उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने चिकित्सालय में मरीजों को दी जा रही चिकित्सा सुविधाओं, चिकित्सकों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति, दवा वितरण व्यवस्था, साफ-सफाई, आपातकालीन सेवाओं तथा विभिन्न अभिलेखों का गहन निरीक्षण किया। डीएम ने अस्पताल में भर्ती एवं उपचार हेतु आए मरीजों से बातचीत कर उन्हें उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सा सुविधाओं एवं दवाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने चिकित्सकों को निर्देश दिए कि प्रत्येक मरीज का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान डीएम ने अस्पताल परिसर में स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने, आवश्यक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा सभी स्वास्थ्य सेवाओं को शासन की मंशा के अनुरूप संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी प्रकार की लापरवाही अथवा उदासीनता स्वीकार नहीं की जाएगी। अनुपस्थित अथवा कार्य में शिथिलता बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि आमजन को सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में बेहतर, सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हों। इसके लिए सभी चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी पूरी संवेदनशीलता एवं उत्तरदायित्व के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, चिकित्सक तथा संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

सफाई व्यवस्था की खुली पोल

# दो दिन की बारिश में कई मोहल्ले में हुआ जलभराव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

दो दिन की ही बारिश में जलमग्न हो गया। फर्रुखाबाद नगर का प्रमुख मार्ग पर कमर तक पानी घंटों भरा रहा। जिम्मेदार लोग मौन है। ऐसे में पूर्ण रुप से तैयारी नगर पालिका द्वारा समय रहते की जाती तो बारिश का पानी घंटों सड़क पर भरा नहीं रहता।

विभिन्न व्यापार मण्डल, समाजिक संगठन, राजनैतिक दल के लोग आवाज नहीं उठा रहे है और चुप बैठे है। कहीं न कहीं वह भी अपने आपको असहाय मान लिया है। शासन प्रशासन की चेतावनी के बावजूद भी पूर्ण रुप से नालों और नालियों की सफाई नहीं हुई। जिस कारण अधिकांश मोहल्लों में बारिश होते ही पानी भर जाता है। शहर का प्रमुख रोड नितगंजा, लालसराय के पास कमर तक पानी भर जाने के कारण आवागन बाधित हो जाता है। सुबह बच्चे स्कूल जाते है, उन्हें भी पानी में घुस जाना पड़ता है। कोई भी हादसा हो जाये, पर जिम्मेदार लोगों पर जूं नहीं रेंगती है। चंद लोग फोटो खिचाने की राजनीति तक सीमित है, पर इस व्यवस्था को सुधारने के लिए कोई आगे नहीं आ रहा है। शहर के मोहल्ला तलैया फजल इमाम, मदारवाड़ी बारिश होते ही जलमग्न हो जाती है। खटकपुरा, गंगानगर, शांति नगर, अंगूरीबाग, खतराना, गुदड़ी, भीकमपुरा, भाऊटोला आदि मोहल्लों में भी जल भराव की समस्या है। लाखों रुपये नालों व नालियों की मरम्मत के लिए खर्च होता है, पर उनकी सफाई के लिए ध्यान न दिये जाने के कारण कई मोहल्ले जल भराव की चपेट में पूरे बरसात में बने रहते है। दो दिन की बारिश ने नगर पालिका की सफाई की पोल खोल दी। अब नगर के लोग अपने आपको ठगा महसूस कर रहे है। इसका जबाव अब जनता को ही देना पड़ेगा।



नितगंजा में भरा बरसात का पानी



मुख्य मार्ग बना तालाब

# संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान हेतु प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के सफल संचालन के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में आशा कार्यकर्ताओं, एएनएम, स्वास्थ्य कर्मियों और अन्य कर्मचारियों को अभियान के उद्देश्यों और कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर बुखार, खांसी, डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया और जापानी इंसेफेलाइटिस जैसे संचारी रोगों के संभावित मरीजों की पहचान करेंगी। इसके साथ हीए वे लोगों को साफ-सफाई बनाए रखने, जलभराव रोकने, मच्छरों से बचाव, शुद्ध पेयजल का उपयोग करने और बीमारी के लक्षण दिखने पर तुरंत सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पर जांच व उपचार कराने के लिए भी जागरूक करेंगी। बीसीपीएम प्रदीप कुमार ने कहा कि संचारी रोगों की रोकथाम जनभागीदारी से ही संभव है। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान प्रत्येक घर तक पहुंचकर लोगों को जागरूक किया जाएगा तथा संदिग्ध मरीजों को समय पर उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। प्रशिक्षण में अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।



प्रशिक्षण में मौजूद आशा व एनएनएम

# आरटीओ (प्रवर्तन) ने कर बकाया में निरुद्ध 30 वाहनों की नीलामी

▸ एडीटीआई में माँ के नाम एक पेड़ के तहत किया पौधरोपण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आरटीओ (प्रवर्तन) कानपुर राहुल श्रीवास्तव की उपस्थिति में परिवहन विभाग के बकाया कर के अभियोग में जनपद के थाना मोहम्मदाबाद, पुलिस चौकी मदनपुर, थाना राजेपुर, पुलिस चौकी आईटीआई, पुलिस चौकी याकूतगंज व थाना जहानगंज में निरूद्ध 30 वाहनों की नीलामी की गई। आरटीओ (प्रवर्तन) कानपुर के द्वारा यह भी निर्देश दिये गये कि जो वाहन बकाया कर में संचालित हैं, उनके विरूद्ध प्रवर्तन कार्यवाही कर थानों में निरूद्ध किया जायेगा। आरटीओ (प्रवर्तन) कानपुर द्वारा बकाये में संचालित सभी वाहन स्वामियों से समय से कर जमा करने की अपील की, अन्यथा वाहन को सीज कर नीलाम कर दिया जायेगा। आरटीओ (प्रवर्तन) कानपुर के द्वारा जसमई-टिमरूआ मार्ग पर अमोनिया फैक्ट्री के पास स्थापित प्रत्यायन चालन प्रशिक्षण केन्द्र एडीटीआई का निरीक्षण किया गया तथा आरटीओ (प्रवर्तन) कानपुर के द्वारा एडीटीआई में माँ के नाम एक वृक्ष भी लगाया गया। आरटीओ (प्रवर्तन) के द्वारा एडीटीआई को सख्त निर्देश दिये गये कि आवेदक द्वारा वाहन चलाने के प्रशिक्षण में सफल होने के उपरान्त ही टेस्ट में पास करें। 01 जुलाई से डी0एल0 प्राप्त करने हेतु सभी आवेदकों को एडीटीआई में टेस्ट देना अनिवार्य है। वाहनों की नीलामी तथा एडीटीआई के निरीक्षण के समय एआरटीओ-प्रवर्तन सुभाष राजपूत तथा एआटीओ-प्रशासन कृष्ण कुमार यादव भी उपस्थित रहे।



जानकारी देते आरटीओ (प्रवर्तन) मौजूद अन्य



वृक्षारोपण करते आरटीओ

# एसीएमओ ने सीएचसी का किया निरीक्षण, लापरवाह एएनएम पर की कार्रवाई

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी में गुरुवार को एसीएमओ डॉ0 सर्वेश कुमार यादव ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने टीकाकरण व्यवस्था में गंभीर अनियमितताएं और रजिस्टरों में मिलान करने पर भी कुछ नामों में असंगति पाई गई। लापरवाही मिलने पर एक एएनएम को टीकाकरण कार्य से हटाने के निर्देश दिए गए। एसीएमओ ने लेबर रूम, प्रसव वार्ड, टीकाकरण व्यवस्था और विभिन्न रजिस्टरों की गहन जांच की। टीकाकरण कक्ष में उन्होंने एएनएम आरती से संबंधित जानकारी मांगी, लेकिन वह संतोषजनक जवाब नहीं दे पाई। इस पर एसीएमओ ने एएनएम आरती को फटकार लगाई। इसके बाद एसीएमओ लेबर रूम वार्ड पहुंचे, जहां उन्होंने भर्ती प्रसूता रोशनी से जानकारी ली। उन्होंने रोशनी का आधार कार्ड देखा और टीकाकरण की स्थिति के बारे में पूछताछ की। इस दौरान आशा कार्यकर्ता को बुलाया गया और एएनएम नीलम चौधरी से भी संबंधित जानकारी ली गई। जांच में पता चला कि रोशनी का टीकाकरण अभी होना शेष था। एसीएमओ ने एएनएम आरती से टीकाकरण, खून की जांच और प्रसव संबंधी अभिलेखों की जानकारी मांगी। संतोषजनक जवाब न मिलने पर उन्होंने एएनएम को फिर फटकार लगाई। निरीक्षण के दौरान रजिस्टर में कुछ नाम नही दर्ज पाए जाने पर एसीएमओ ने नाराजगी जताई और संबंधित कर्मचारियों से स्पष्टीकरण मांगा। प्रसव से संबंधित अभिलेखों की जांच के दौरान भी मास्टर रजिस्टर से नामों का मिलान नहीं हुआ। अस्पताल में हुई विभिन्न जांचों के रिकॉर्ड और रजिस्टर का मिलान करने पर भी कुछ नामों में असंगति पाई गई। एसीएमओ ने नवजात की बाल आईडी बनवाई और एमसीडी कार्ड में जानकारी भरी। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ0 लोकेश शर्मा से पूरे मामले की जानकारी ली। इसके बाद एसीएमओ ने एएनएम आरती को टीकाकरण कार्य से हटाने के निर्देश प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ0 लोकेश शर्मा को दिए। एसीएमओ डॉ0 सर्वेश कुमार यादव ने बताया कि निरीक्षण के दौरान जो भी कमियां सामने आई हैं, उन्हें तत्काल दूर करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य सेवाओं और अभिलेखों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



सीएचसी का निरीक्षण करते एसीएमओ

## खबरें एक नजर में

### आबकारी विभाग ने देसी व विदेशी शराब की दुकानों का किया निरीक्षण



जांच पड़ताल करते आबकारी अधिकारी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** जनपद में अवैध शराब की बिक्री पर अंकुश लगाने एवं शासन के निर्देशों के अनुपालन में आबकारी विभाग की टीम ने नवाबगंज क्षेत्र में देसी एवं विदेशी मदिरा की दुकानों का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आबकारी निरीक्षक सुधांशु चौधरी ने कांस्टेबिल योगेश चौधरी एवं दिलीप कुमार तोमर के साथ विभिन्न शराब की दुकानों पर पहुंचकर स्टॉक रजिस्टर, बिक्री अभिलेख, बारकोड, सुरक्षा मानकों तथा लाइसेंस संबंधी दस्तावेजों की जांच की। साथ ही दुकानों पर निर्धारित नियमों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आबकारी निरीक्षक ने संचालकों को चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की अनियमितता, अवैध शराब की बिक्री अथवा नियमों के उल्लंघन की शिकायत मिलने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान दुकानदारों को शासन के दिशा-निर्देशों का पूर्ण पालन करने के लिए भी निर्देशित किया गया।

### ब्रह्माकुमारी केंद्र पर स्नेह मिलन समारोह का हुआ आयोजन



कार्यक्रम में मौजूद मातायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी द्वारा अन्नप्राशन एवं स्नेह मिलन समारोह का आयोजन पारिवारिक वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों का संरक्षण बच्चों की उज्जवल भविष्य की मंगल कामना तथा परिवारों के बीच प्रेम सहयोग और आत्मिता को बढ़ावा देना है। अन्नप्राशन संस्कार के माध्यम से शिशुओं के स्वस्थ संस्कारी एवं सुखमय जीवन की शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए बीके शोभा बहन ने उपस्थित सभी परिवार जनों को उज्जवल भविष्य के लिए आशीष प्रदान किया। स्नेह मिलन में आए हुए नई वर-वधु को आशीर्वाद के साथ-साथ ईश्वरीय संदेश देते हुए कहा हमारा घर मंदिर कैसे बने जीवन में नैतिक मूल्यों की धारणा कैसे हो सभी में प्रेम एकता सहयोग और भाईचारे की भावना रखकर चलने की आवश्यकता है। शोभा बहन ने कहा कि संस्कार युक्त परिवार ही सशक्त समाज और श्रेष्ठ राष्ट्र की नीव होते हैं। चित्तौड़ से आए हुए डॉ. दीपक पाल ने कहा की समाज में प्रेम सद्भाव और सकारात्मक मूल्य का होना ही अनमोल धरोहर है। शोभा बहन ने पवित्र ईश्वरीय याद में बना हुआ। अंन्न प्रसाद रूप में ग्रहण कराते हुए कहा कि बचपन से ही उनमें आध्यात्मिक एवं नैतिक संस्कारों का बीजारोपण किया जाए तो वह भविष्य में आदर्श नागरिक बनकर परिवार समाज और राष्ट्र का नाम रोशन कर सकते हैं। आश्रम पर दीपक-पूजा को आशीर्वाद देते हुए परिवारों को भी आध्यात्मिक मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प भी कराया गया। साथ-साथ राजयोग का अभ्यास कराते हुए कहा कि इसको अपनी जीवन शैली में शामिल करना ही है। इस मौके पर पूनम बहन, एकता बहन, डॉक्टर गंगा सिंह, रवि शर्मा, हेमचंद्र, कमला, अभिलेश, रेशमा आदि ने कार्य व्यवस्था संभाली। संचालन सुवालाल मिश्र ने किया।

# विद्यार्थी दिवस एवं अभाविप के 78वें स्थापना दिवस पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन



कार्यक्रम में मौजूद अभाविप पदाधिकारी व शिक्षक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कानपुर प्रांत द्वारा जनपद में राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस एवं अभाविप के 78वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में मदन मोहन कनोडिया बालिका इंटर कॉलेज में संगोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन के साथ हुआ। मुख्य वक्ता अभाविप कानपुर प्रांत के प्रांत मंत्री दिनेश यादव ने कहा कि विद्यार्थी परिषद अपने स्थापना काल से ही राष्ट्रहित, छात्रहित एवं समाजहित के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभा रही है। उन्होंने विद्यार्थियों से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभाने का आवाह्न किया तथा स्वामी विवेकानंद एवं प्रो0 यशवंतराव केलकर के आदर्शों पर चलने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम में यशवर्धन चौहान जिला संयोजक ने परिषद के 78 वर्षों की गौरवशाली यात्रा एवं जिले में चल रहे विभिन्न छात्रहित एवं सामाजिक कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों से संगठन से जुड़कर समाज एवं राष्ट्र के विकास में योगदान देने का आवाह्न किया।

इस अवसर पर डॉ0 चन्द्र देव दीक्षित, सुमन त्रिपाठी प्रधानाचार्य, पूनम शुक्ला, निशांत मिश्रा, अभय दुबे उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं एवं कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# बदलते मौसम में स्वास्थ्य शिविर में पहुंचे सर्दी-जुकाम-बुखार के सबसे ज्यादा मरीज

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

बदलते मौसम के चलते क्षेत्र में सर्दी, जुकाम और चर्म रोग के मरीज तेजी से बढ़ रहे हैं। इसे देखते हुए कायमगंज की समर्पण सेवा समिति और सीपीएम मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल तलवांछर के संयुक्त तत्वावधान में क्षेत्र में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। क्षेत्र के ग्राम अमरोली रतनपुर में सीपीएम हॉस्पिटल की टीम द्वारा ग्राम प्रधान महेश चन्द्र के पुत्र डॉ0 वीरेंद्र सिंह के प्रतिष्ठान पर एक निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आसपास के गांवों के कुल 106 मरीजों का निशुल्क परीक्षण किया गया और उन्हें दवाइयां भी वितरित की गई। डॉक्टरों ने बताया कि गर्मी और बदलते मौसम के कारण ज्यादातर मरीज सर्दी, खांसी, जुकाम, बुखार, पेट दर्द और चर्म रोग से पीड़ित थे। सभी का मौके पर ही उपचार किया गया। शिविर का उद्घाटन ग्राम प्रधान व चिकित्सक शिवम् दिक्षित, उनकी टीम व समर्पण सेवा समिति के सदस्यों द्वारा किया गया। इस दौरान रटोल्ड सिंह, आरती गुप्ता, अंकित सिंह, ईश कुमार, मंजर यादव, रामसेवक, नवनीत, जहीर समेत कई लोग मौजूद रहे और सहयोग किया। समर्पण सेवा समिति के अध्यक्ष डॉ0 नवलेश अग्रवाल ने बताया कि क्षेत्र में गरीब और असहाय लोगों की समस्या को देखते हुए गांव-गांव में निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण और दवा वितरण शिविर चलाए जा रहे हैं उन्होंने कहा, अभी तक आधा दर्जन से अधिक कैंप लगाए जा चुके हैं और आगे आने वाले समय में भी यह पुनीत कार्य लगातार चलता रहेगा। स्वास्थ्य टीम ने लोगों को साफ पानी पीने, हाथ धोने और संतुलित आहार लेने की सलाह भी दी।



स्वास्थ परीक्षण कराते ग्रामीण

# निषाद राज बोट सब्सिडी योजना के लिए आवेदन शुरू

▸ योजना से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश, जैसे कि इकाई लागत, पात्रता और आवश्यक दस्तावेजों की सूची विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मत्स्य विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के अंतर्गत निषाद राज बोट सब्सिडी योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस योजना का लाभ उठाने के इच्छुक जिले के पात्र मत्स्य पालक और मत्स्य व्यवसायी अब अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। सहायक निदेशक मत्स्य कार्यालय द्वारा जारी सूचना के अनुसार आवेदन की शुरुआत 09 जुलाई को होगी। आवेदन की अंतिम तिथि 24 जुलाई तक होगी। इच्छुक पात्र व्यक्ति विभागीय पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। योजना से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देशए जैसे कि इकाई लागत, पात्रता और आवश्यक दस्तावेजों की सूची विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध है। इसके अलावा, किसी भी कार्यदिवस में मत्स्य विभाग के जनपदीय कार्यालय, मण्डलीय कार्यालय या मत्स्य निदेशालय के कार्यालय से संपर्क करके भी अधिक जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

# डॉ. विश्व मोहिनी पांडेय के निलंबन के खिलाफ प्रधानाचार्य परिषद ने खोला मोर्चा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

डीआईओएस को सौंपा ज्ञापन

कायमगंज स्थित कन्या विद्या पीठ इण्टर कॉलेज की प्रधानाचार्या डॉ. विश्व मोहिनी पांडेय के निलंबन का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद ने इस निलंबन कार्रवाई के विरोध में कड़ा रुख अपनाते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक को ज्ञापन सौंपा है, जिसमें निलंबन को तत्काल निरस्त करने की मांग की गई है। प्रधानाचार्य परिषद द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक को भेजे गए पत्र के अनुसार, कन्या विद्या पीठ इण्टर कॉलेज की प्रबंधक और प्रबंध समिति ने दुर्भावनापूर्ण और मिथ्या झूठे आरोप लगाकर षड्यंत्रपूर्ण तरीके से प्रधानाचार्या डॉ0 विश्व मोहिनी पांडेय को निलंबित किया है। परिषद ने इस पूरी कार्रवाई की कड़े शब्दों में निंदा की है। परिषद ने डॉ0 पांडेय का पक्ष लेते हुए कहा कि वे एक सुयोग्य, सक्षम और बेहद सम्मानित प्रधानाचार्या हैं।

प्रबंध समिति अपने निजी स्वार्थ और लोभ के कारण उन्हें मानसिक और प्रशासनिक रूप से प्रताड़ित कर रही है। डॉ. विश्व मोहिनी पांडेय ने निलंबन के खिलाफ साक्ष्यों सहित अपना प्रत्यावेदन पहले ही जिला विद्यालय निरीक्षक के समक्ष प्रस्तुत कर दिया है। परिषद ने इस प्रत्यावेदन की प्रति को अपने ज्ञापन के साथ संलग्न करते हुए मांग की है कि प्रधानाचार्या के खिलाफकी गई निलंबन कार्रवाई को यथाशीघ्र समाप्त किया जाए।

उन्हें पुनः उनके पद के दायित्वों का निर्वहन करने की अनुमति दी जाए, ताकि विद्यालय का संचालन सुव्यवस्थित रूप से हो सके। प्रधानाचार्य परिषद ने साफ तौर पर चेतावनी दी है कि यदि इस मामले में जल्द ही न्यायपूर्ण कार्रवाई करते हुए निलंबन वापस नहीं लिया गया, तो परिषद अग्रिम कार्रवाई आंदोलन या विधिक कदम के लिए बाध्य होगी। परिषद ने स्पष्ट किया है कि यदि स्थिति बिगड़ती है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी कॉलेज की प्रबंध समिति और संबंधित अधिकारियों की होगी।



डीआईओएस को ज्ञापन सौंपते शिक्षक

# आचार्य विशुद्ध सागर महामुनिराज के आगमन पर हुई पुष्पवर्षा

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।**

भगवान श्री 1008 विमलनाथ की जन्मस्थली पर बुधवार को धार्मिक आस्था और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। चर्या शिरोमणि पद्माचार्य आचार्य 108 विशुद्ध सागर महामुनिराज अपने 24 पिच्छीधारी मुनि संघ के साथ यहां पहुंचे तो श्रद्धालुओं ने जयघोष, पुष्पवर्षा और शोभायात्रा के साथ उनका भव्य स्वागत किया। मोक्ष कल्याणक महोत्सव के तहत आयोजित कार्यक्रमों में उत्तर प्रदेश समेत विभिन्न राज्यों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्मलाभ प्राप्त किया। बुधवार सुबह नगर में महाराज के आगमन पर जैन धर्म ध्वज, बैंड-बाजों और ढोल की गूंज के बीच निकली शोभायात्रा मुख्य चौराहे से होती हुई विमलनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र पहुंची।

यात्रा के दौरान अनेक स्थानों पर श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर आचार्य का अभिनंदन किया। महिलाएं, युवा और बच्चे भी बड़ी संख्या में शोभायात्रा में शामिल रहे। तीर्थक्षेत्र पहुंचने के बाद भगवान विमलनाथ का अभिषेक, शांतिधारा, पूजन और मंगलाचरण कराया गया। इसके बाद आयोजित धर्मसभा में आचार्य विशुद्ध सागर महाराज ने धर्म, संयम, आत्मचिंतन और सदाचार को जीवन का आधार बताते हुए आध्यात्मिक उन्नति का संदेश दिया। प्रवचन के उपरांत श्रद्धालुओं ने आचार्य के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया और आहारदान का पुण्य लाभ अर्जित किया। दिनभर तीर्थक्षेत्र में धार्मिक अनुष्ठानों और दर्शन-पूजन का क्रम चलता रहा। तीर्थक्षेत्र समिति के अनुसार आचार्य लखनऊ से विहार करते हुए कम्पिल पहुंचे हैं। यहां से उनका अगला विहार भगवान पार्श्वनाथ की केवलज्ञान भूमि अहिच्छत्रजी के लिए होगा। इसके बाद वह दिल्ली में पावन वर्षायोग-2026 एवं चातुर्मास करेंगे। समिति का कहना है कि इस विहार से श्रद्धालुओं को भगवान विमलनाथ की जन्मस्थली कम्पिल और भगवान पार्श्वनाथ की केवलज्ञान स्थली अहिच्छत्रजी, दोनों प्रमुख जैन तीर्थो पर आचार्य के सान्निध्य का अवसर मिल रहा है। आयोजकों ने बताया कि दिल्ली स्थित दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र ऋषभोदय, ऋषभ विहार (कड़कड़डूमा) में वर्षायोग का आयोजन होगा। 28 जुलाई को मंगल कलश स्थापना और 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा महा महोत्सव आयोजित किया जाएगा। देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के दिल्ली पहुंचने की संभावना है। आचार्य के साथ सुव्रत सागर, अनुत्तर सागर, प्रणेय सागर, सर्वार्थ सागर, साम्य सागर, संजयंत सागर, यशोधर सागर, यतीन्द्र सागर, यत्न सागर, निर्ग्रन्थ सागर, निसंग सागर, निर्विकल्प सागर, जितेन्द्र सागर, सुभग सागर, सिद्धार्थ सागर, सहर्ष सागर, सत्यार्थ सागर, सार्थक सागर, सार्थ सागर, समकित सागर, सम्यक् सागर, नियोग सागर, अनियोग सागर और सकलार्थ सागर महाराज सहित 24 पिच्छीधारी मुनिराज विहाररत हैं।



यात्रा में शामिल विशुद्ध सागर महामुनिराज व पिच्छीधारी मुनिराज

# रेड क्रॉस सोसाइटी प्रबंध समिति के चुनाव 18 जुलाई को

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा फर्रुखाबाद की नई प्रबंध समिति के गठन का रास्ता साफहो गया है। जिलाधिकारी एवं रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा के अध्यक्ष डॉ0 अंकुर लाठर ने वर्तमान समिति का कार्यकाल पूर्ण होने के बाद नए चुनाव कराने के आदेश जारी कर दिए हैं। 18 जुलाई शनिवार शाम 5 बजे तक चुनाव सम्पन्न होगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को चुनाव अधिकारी नामित किया गया है। मतदान प्रक्रिया चुनाव की तिथि से 15 दिन पूर्व जारी/प्रेषित की गई मतदाता सूची के आधार पर ही संपन्न होगी। जिलाधिकारी कार्यालय द्वारा 6 जुलाई 6 को जारी आदेश के अनुसार, रेड क्रॉस सोसाइटी के उप सभापति शीश मेहरोत्रा के 26 जून के पत्र का संज्ञान लेते हुए यह कदम उठाया गया है। चूंकि वर्तमान प्रबंध समिति का कार्यकाल समाप्त हो चुका है, इसलिए सोसाइटी के संविधान और यूनिफॉर्म रूल्स के तहत नई समिति का गठन किया जाना आवश्यक है। जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर ने नामित चुनाव अधिकारी सीएमओ को निर्देशित किया है कि चुनाव प्रक्रिया को पूरी तरह से निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराया जाए। इसके साथ ही स्पष्ट किया गया है कि इस चुनाव कार्य हेतु जिला प्रशासन द्वारा पूरा सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। इस आदेश की प्रतिलिपि अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी और जिला सूचना अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु भेज दी गई है।

### पुलिस उपाधीक्षक को हर्ष दुबे ने किया सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** फर्रुखाबाद का महोत्सव समिति के द्वारा मिस्टर फर्रुखाबाद एवं प्रतिनिधि हर्ष दुबे ने पुलिस उपाधीक्षक अभय वर्मा से शिष्टाचार भेंट की। नगर क्षेत्राधिकारी ने फर्रुखाबाद युवा महोत्सव समिति के होने वाले आगामी कार्यक्रमों के बारे में रूपरेखा जानी और कार्यक्रमों का उद्देश्य जाना। इसी के साथ उन्होंने युवाओं के हित में हो रहे समिति की तरफसे समस्त कार्यक्रमों में अपना पूर्ण सहयोग देने की बात कही। हर्ष दुबे ने समिति की ओर से धन्यवाद दिया। इस मौके पर आलोक पाल मौजूद रहे।

## वर्षों पुरानी सड़क की मांग पूरी होने की उम्मीद

# बिजुआ-अब्बारा संपर्क मार्ग निर्माण को मिली रफ्तार

**समृद्धि न्यूज़, बिजुआ खीरी।** विकास खंड बिजुआ के बिजुआ चौराहे से अब्बारा गांव तक प्रस्तावित संपर्क मार्ग निर्माण को लेकर क्षेत्रवासियों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। लंबे समय से सड़क निर्माण की मांग को लेकर चल रही कवायद अब अंतिम चरण की ओर बढ़ती दिखाई दे रही है। लोक निर्माण विभाग ने विधान परिषद समिति को भेजी अपनी अद्यतन आख्या में स्पष्ट किया है कि मार्ग निर्माण विभिन्न योजनाओं के तहत स्वीकृत है तथा शेष हिस्सों पर निर्माण कार्य प्रगति पर है। विभाग की रिपोर्ट के आधार पर संबंधित याचिका के निस्तारण की संस्तुति भी कर दी गई है। विकास



खंड बिजुआ की ग्राम पंचायत डिमरौल क्षेत्र के अंतर्गत बिजुआ चौराहे से अब्बारा गांव तक संपर्क मार्ग निर्माण की मांग कई वर्षों से क्षेत्रीय ग्रामीणों द्वारा उठाई जा रही थी। खराब सड़क, बरसात में जलभराव और आवागमन की समस्याओं को लेकर ग्रामीणों ने कई बार जनप्रतिनिधियों और प्रशासन से गुहार लगाई थी। इसी क्रम में विधान परिषद सदस्य अनुप गुप्ता के माध्यम से याचिका प्रस्तुत की गई थी। याचिका पर विचार करते हुए लोक निर्माण विभाग ने 7 जुलाई 2026 को अपनी अद्यतन आख्या विधान परिषद समिति को उपलब्ध कराई। विभागीय रिपोर्ट के अनुसार बिजुआ चौराहे से अब्बारा गांव तक कुल तीन संपर्क मार्गों की लंबाई 8.200 किलोमीटर है। रिपोर्ट में बताया गया है कि बिजुआ से सेमरिया तक 4.000 किलोमीटर सड़क मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत स्वीकृत होकर पूर्ण की जा चुकी है। वहीं सेमरिया से बहादुरनगर गुरुद्वारे तक 1.700 किलोमीटर तथा बहादुरनगर गुरुद्वारे से अब्बारा तक 2.500 किलोमीटर संपर्क मार्ग राज्य सड़क निधि योजना के अंतर्गत स्वीकृत हैं, जिन पर निर्माण कार्य प्रगति पर है।

लोक निर्माण विभाग के सचिव दिव्य प्रकाश गिरि द्वारा जारी आख्या में विधान परिषद समिति से अनुरोध किया गया है कि विभागीय प्रगति से अवगत होते हुए उक्त याचिका का निस्तारण किया जाए। क्षेत्रीय ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण पूरा होने के बाद अब्बारा, बहादुरनगर, सेमरिया सहित आसपास के कई गांवों के हजारों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। किसानों को अपनी उपज बाजार तक पहुंचाने में सुविधा होगी, विद्यार्थियों का आवागमन आसान होगा तथा बरसात के दौरान कीचड़ और जलभराव की समस्या से राहत मिलेगी। ग्रामीणों को उम्मीद है कि निर्माण कार्य समयबद्ध ढंग से पूरा होने पर क्षेत्र की वर्षों पुरानी सड़क समस्या का स्थायी समाधान होगा और विकास को नई गति मिलेगी।

### पुश्तैनी जमीन पर कब्जे के विवाद ने पकड़ा तूल, महिला ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।** सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मीरपुर की एक महिला ने पुश्तैनी जमीन पर जबरन कब्जा करने, घर में घुसकर मारपीट, तोड़फोड़ और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक से शिकायत की है। पीड़िता ने मामले में एफआईआर दर्ज कराकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और जमीन पर अवैध कब्जा रुकवाने की मांग की है। ग्राम मीरपुर निवासी आरती देवी पत्नी अतुल कुमार ने पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसके बाबा के समय की पुश्तैनी भूमि पर वर्षों से परिवार का कब्जा है, जिसका उपयोग घर का कूड़ा डालने और पशु बांधने के लिए किया जाता रहा है। पीड़िता का आरोप है कि गांव के कुछ लोग काफी समय से उक्त भूमि पर अवैध कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं।

### बरमबाबा हादसे के बाद मातम, अंतिम विदाई में छलके आंसू, मुआवजे की मांग तेज

**समृद्धि न्यूज़, बिजुआ खीरी।** हाईटेंशन लाइन की चपेट में महिला की मौत के बाद गुरुवार देर शाम हुआ अंतिम संस्कार, बिजली विभाग की लापरवाही पर ग्रामीणों में आक्रोश। भीरा थाना क्षेत्र के बरमबाबा चौराहे के पास 11 हजार वोल्ट की जर्जर हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर गिरने से हुई महिला की मौत के बाद गुरुवार को पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल रहा। पोस्टमार्टम के बाद जब मृतका का शव गांव पहुंचा तो परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। देर शाम भारी संख्या में ग्रामीणों की मौजूदगी में गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। बुधवार सुबह खेत में कार्य कर रही चूरा टांडा निवासी महिला और सिसैया टांडा निवासी 55 वर्षीय सुदामा देवी अचानक टूटकर गिरे 11 हजार



वोल्ट के हाईटेंशन तार की चपेट में आ गई थीं। हादसे में एक महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि सुदामा देवी गंभीर रूप से झुलस गई, जिनका उपचार जारी है। मृतका अपने पीछे दो बेटियों और एक बेटे को छोड़ गई हैं। मां का शव गांव पहुंचते ही बच्चों की चीख-पुकार और परिजनों के विलाप से हर आंख नम हो गई।

पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई और अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

## खबरें एक नजर में

### विशालकाय मगरमच्छ निकलने से मचा हड़कंप वन विभाग ने सुरक्षित पकड़कर छोड़ा जलाशय में

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** हलिया थाना क्षेत्र अंतर्गत हलिया ग्राम



सभा के महादेव मजरा, के मौर्या बस्ती में गुरुवार को चार बजे भोर में विशालकाय मगरमच्छ निकलने से हड़कंप मच गया ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने मगरमच्छ को सुरक्षित पड़कर मेजा ददरी बांध के गहरे जलाशय में छोड़ दिया हलिया ग्राम सभा के महादेव मोहल्ले में अदवा नहर से निकलकर सात फिट लंबा मगरमच्छ चहल कदमी करते हुए राम अकबाल मौर्य के घर के पास पहुंच गया कुत्तों के भौंकने पर ग्रामीणों ने टॉर्च जलाकर देखा तो मगरमच्छ चहल कदमी करते हुए पक्के मकान में घुस रहा था गृह स्वामी तथा पास पड़ोस के लोगों ने डंडे की सहायता से मगरमच्छ को सिढी के नीचे बने अर्ध निर्मित शौचालय के अंदर बंद कर दिया हल्ला गुल्ला सुनकर मौके पर पहुंचे श्याम नारायन मौर्य ने मगरमच्छ निकलने की सूचना क्षेत्रीय वनाधिकारी संतोष राय को दिया क्षेत्रीय वनाधिकारी ने मौके पर पहुंचे वन्य जीव रक्षक संदीप कुमार वनरक्षक अंकुर शुक्ला शिवम सिंह शीतला बक्स सिंह ने ग्रामीणों के सहयोग से घंटो कड़ी मशक्कत के बाद मगरमच्छ को सुरक्षित पकड़कर मेजा ददरी बांध के गहरे जलाशय में छोड़ दिया गया।

### आभूषण की दुकान का शटर तोड़कर लाखों की चोरी, 750 ग्राम चांदी व 23 ग्राम सोना ले गए चोर, मुकदमा दर्ज

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के ऊंटी गड़बड़ा पुल के पास स्थित आभूषण की दुकान में रविवार की रात चोरों ने धावा बोल दिया। शटर का लॉक तोड़कर चोर दुकान में घुसे और अलमारी का लॉक तोड़कर 750 ग्राम चांदी व 23 ग्राम सोने के आभूषण चोरी कर ले गए। चोरी गए आभूषणों की कीमत करीब 4 लाख रुपये बताई गई है। पीड़ित दुकानदार ने ड्रमंडगंज में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है।

### पेपर लीक के खिलाफ ऐपवा का प्रदर्शन राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

**समृद्धि न्यूज़, पलिया कलां (खीरी)।** अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन (ऐपवा) के नेतृत्व में गुरुवार को पलिया तहसील परिसर में पेपर लीक की घटनाओं के विरोध में प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी के माध्यम से सौंपते हुए देशभर में हुए पेपर लीक मामलों की निष्पक्ष जांच, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) को भंग करने तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग उठाई। ऐपवा की जिला अध्यक्ष आरती राय ने



कहा कि लगातार हो रहे पेपर लीक से करोड़ों छात्र-छात्राओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि नीट समेत विभिन्न प्रवेश एवं भर्ती परीक्षाओं में सामने आई अनियमितताओं ने शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## जड़ौरा में रहने वाले 56 लोगों के नाम वोटर लिस्ट से कटने का आरोप

**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।**

**एसडीएम से शिकायत**

विकासखंड कुंभी की ग्राम पंचायत जड़ौरा में मतदाता सूची को लेकर विवाद सामने आया है। गांव के पूर्व प्रधान अनुराग मिश्रा ने उपजिलाधिकारी गोला को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि गांव में जन्म से रह रहे और वर्षों से मतदान करते आ रहे 56 लोगों के नाम वर्ष 2026 की मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं, जबकि गांव में निवास नहीं करने वाले कुछ लोगों के नाम अब भी सूची में दर्ज हैं। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम गोला युगांतर त्रिपाठी ने तहसीलदार को जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

पूर्व प्रधान अनुराग मिश्रा ने 7 जुलाई को दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा है कि पहले भी इस संबंध में शिकायत की गई थी, जिस पर लेखपाल एवं जांच अधिकारी ने जांच की थी। उनका आरोप है कि उपलब्ध कराए गए साक्ष्यों के बावजूद गांव के वास्तविक निवासियों के नाम मतदाता सूची से विलोपित कर दिए गए। उनका कहना है कि सूची से हटाए गए सभी लोग जन्म से ग्राम पंचायत जड़ौरा के निवासी हैं और कई चुनावों में अपने मताधिकार का प्रयोग करते रहे हैं। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि कुछ प्रभावशाली लोगों के दबाव में वास्तविक मतदाताओं के नाम हटाए गए। पूर्व प्रधान ने दोषी अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने तथा पात्र मतदाताओं के नाम दोबारा मतदाता सूची में शामिल करने की मांग की है। शिकायत पत्र के साथ 56 लोगों की सूची भी संलग्न की गई है, जिनके नाम पूर्व मतदाता सूची में होने के बावजूद वर्ष 2026 की सूची में नहीं होने का दावा किया गया है। एसडीएम गोला युगांतर त्रिपाठी ने बताया कि शिकायत प्राप्त हुई है। मामले की जांच के लिए तहसीलदार को निर्देशित किया गया है। जांच रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## 12 जुलाई को हरियाली का महासंकल्प, जनपद में रोपे जाएंगे 32 लाख पौधे

- सभी विभागों को लक्ष्य आवंटित, तैयारियां पूरी, पौधारोपण के साथ संरक्षण पर भी रहेगा विशेष जोर

**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** पर्यावरण संरक्षण और हरित विकास की दिशा में महराजगंज 12 जुलाई को एक नया अध्याय लिखने जा रहा है। प्रदेश




सरकार के वृहद वृक्षारोपण महाअभियान के तहत जनपद में 32 लाख पौधे लगाए जाएंगे। अभियान को सफल बनाने के लिए जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। पौधारोपण को जनभागीदारी से जोड़ते हुए इसे जनआंदोलन का स्वरूप देने की तैयारी की गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेशभर में एक साथ वृक्षारोपण अभियान चलाया जाएगा। इसी क्रम में महराजगंज को 32 लाख पौधों के रोपण का लक्ष्य मिला है। जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल ने बताया कि लक्ष्य को समयबद्ध ढंग से पूरा करने के लिए सभी विभागों, ग्राम पंचायतों, नगर निकायों, विद्यालयों और अन्य सरकारी संस्थानों को उनकी जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं। प्रत्येक स्थल पर पौधारोपण के साथ उसकी निगरानी की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। वन विभाग ने अभियान के लिए पौधों की उपलब्धता, गड्ढों की खुदाई तथा रोपण स्थलों का चयन पहले ही पूरा कर लिया है।

### रेलवे स्टेशन से किशोर को उठाकर बेरहमी से पीटने का आरोप, पुलिस पर उठे सवाल

**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** नौतनवा कस्बे में पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़ा करने वाला एक मामला सामने आया है। लोहिया नगर निवासी एक महिला ने आरोप लगाया है कि रेलवे स्टेशन पर बैठे उसके 15 वर्षीय पुत्र को कुछ पुलिसकर्मी जबरन उठाकर ले गए और उसके साथ बर्बरता पूर्वक मारपीट की। इस घटना में किशोर के गंभीर रूप से घायल होने का दावा किया गया है। मामला सामने आने के बाद भाजपा नेताओं और विभिन्न हिंदू संगठनों ने नाराजगी जताते हुए दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता ईसरत जहां के अनुसार, सोमवार को किसी घरेलू बात को लेकर उन्होंने अपने पुत्र मोहम्मद समल (15) को डांट दिया था। इससे नाराज होकर वह घर से निकल गया और नौतनवा रेलवे स्टेशन पर जाकर बैठ गया। आरोप है कि रात लगभग 11 बजे कुछ पुलिसकर्मी वहां पहुंचे और बिना किसी पूछताछ के किशोर को बाल पकड़कर घसीटते हुए अपने साथ ले गए।

## प्रकाश पुञ्ज बन ज्ञान का प्रकाश फैलातीं छिबरामऊ की शिक्षण संस्थाएँ

[ छिबरामऊ (कन्नौज) परिशिष्ट ]
































